फाल्गुन, शुक्ल पक्ष 8, वर्ष 11, अंक 308, पृष्ठ 12, मूल्य : 5.00

प्रयागराज, सोमवार, 27 फरवरी, 2023



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

अन्दर : भारत में नियुक्त नहीं करना चाहिए उपकप्तान : रवि शास्त्री



अन्दर : बिहार: अब सत्ता संघर्ष अगड़ा बनाम पिछड़ा नहीं, पिछड़ा बनाम पिछड़ा है

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# दिल्ली के डिप्टी सीएम सिसोदिया गिरफ्तार

## शराब घोटाला मामले में 8 घंटे की पूछताछ के बाद ईडी का ऐक्शन

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में रविवार को उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से दूसरे दौर की पूछताछ के बाद शाम को गिरफ्तार कर लिया। वहीं मनीष सिसोदिया को सोमवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। इससे पहले राज घाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के बाद सिसोदिया भारी-भरकम बैरिकेड्स वाले सीबीआई कार्यालय पहुंचे थे।

सीबीआई की प्राथमिकी में आरोपी नंबर एक सिसोदिया से पहले 17 अक्टूबर को पूछताछ की गई थी। मनीष सिसोदिया कि गिरफ्तारी के बाद आप के राज्यसभा सांसद ने केंद्र की बीजेपी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने तानाशाही की हद कर दी। अडानी के

**कार्रवाई**

**मनीष सिसोदिया को सोमवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा**

**अगर मुझे कुछ महीने जेल में रहना पड़े तो मुझे कोई फर्क नहीं पड़ताः सिसोदिया**

खिलाफ किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल से बीजेपी को डर लगता है। उसके मॉडल से डर लगता है। मोदी जी आपकी तानाशाही का अंत जरूर होगा। सीबीआई ने डिप्टी सीएम के लिए सवालों का एक विस्तृत सेट तैयार किया था।

सीबीआई मुख्यालय जाने से पहले मनीष सिसोदिया ने कहा था, आज फिर



सीबीआई जा रहा हूं। पूरी जांच में पूरा सहयोग करेंगे। अगर मुझे कुछ महीने जेल में रहना पड़े तो मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं भगत सिंह का अनुयायी हूं। इस तरह के झूठे आरोपों के कारण जेल जाना छोटी बात है।ह्व मनीष सिसोदिया ने कहा कि स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों से मुझे बहुत प्यार है। मैं बच्चों को कहना चाहता हूं अगर आपके मनीष चाचा जी चले गए तो अभी छुट्टी होने वाली नहीं है। मैं बच्चों से कहना चाहता हूं उतनी मेहनत करना जितनी मैं अपेक्षा रखता हूं। खूब मन लगाकर पढ़ना लाखों बच्चों के ऊपर देश का भविष्य है। इससे पहले दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने आशंका जताई थी कि मनीष सिसोदिया को रविवार को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

आम आदमी पार्टी की तरफ से कहा गया था कि मनीष सिसोदिया की तरफ से जांच में पूरा सहयोग किया जाएगा। सीबीआई की तरफ से कहा गया है कि मनीष सिसोदिया जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे, इस कारण उन्हें गिरफ्तार करना पड़ा। शनिवार को आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी ने कहा था कि मनीष सिसोदिया सीबीआई मुख्यालय जाएंगे और जांच में पूरा सहयोग करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि बीजेपी आज तक एक रुपये का भी भ्रष्टाचार साबित नहीं कर पाई है। आप सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों और उनके माता-पिता को कहना चाहता हूं कि मनीष के जेल जाने पर अफसोस मत करना बल्कि गर्व करना। जब भारत को आजाद कराने की बात हुई, तब भी कई स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी गिरफ़्तारी दी और कुबार्नी दी। आज इन काले अंग्रेजों के जुल्म पर भी कई लोगों को गिरफ़्तारी देनी पड़ रही है, कुर्बानी देनी पड़ रही है। भाजपा नेता प्रवेश वर्मा ने मनीष सिसोदिया पर साधा निशाना साधते हुए कहा था कि मनीष सिसोदिया किसी भी गांधी के पास क्यों न चले जाएं, उनका जेल जाना तय है।

# पंजाब के तरनतारन की जेल में आरोपियों के बीच गैंगवार

**अमृतसर।** पंजाब के तरन तारन जिले में स्थित गोइंदवाल की केंद्रीय जेल में आरोपियों के बीच गैंगवार की घटना सामने आई है। इस घटना में दो गैंगस्टर की मौत हो गई है, जबकि एक घायल हुआ है। घायल आरोपी का इलाज अस्पताल में चल रहा है। बता दें कि जिन दोनों आरोपियों की मृत्यु हुई है, वह दोनों पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला मर्डर केस मामले में जेल में बंद थे। डीएसपी जसपाल सिंह ने बताया कि गोइंदवाल साहिब जेल में बदमाशों के बीच आपस में मारपीट हुई। उन्होंने कहा कि इस घटना में रय्या निवासी दुरान मनदीप सिंह तूफान और बुढलाडा निवासी मनमोहन सिंह मोहाना की मौत हो गई है। जबकि बठिंडा निवासी केशव को तरनतारन के सिविल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।ह्व यह घटना रविवार दोपहर करीब 3 बजे हुई। बता दें कि गैंगवार में घायल केशव को दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने गुजरात के मुंद्रा से गिरफ्तार किया था। वहीं मृत गैंगस्टर मोहन सिंह पर सिद्धू मूसेवाला की हत्या से पहले रेकी करने का आरोप था और वह मानसा का ही रहने वाला था। वहीं मनदीप तूफान को सिद्धू मूसेवाला की



**गंभीर मामला**

**सिद्धू मूसेवाला मामले से जुड़े दो आरोपियों की हत्या**

हत्या के लिए बैकअप सूटर के तौर पर रखा गया था। इन आरोपियों को पंजाब एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने पकड़ा था। सिद्धू मूसेवाला की हत्या में लॉरेंस बिश्नोई गैंग का भी नाम सामने आया है। पुलिस ने अपनी चार्जशीट में 34 बदमाशों को आरोपी बनाया है। इनमें संदीप केकड़ा, जग्गू भगवानपुरिया, मनमोहन, दीपक टीनू, लॉरेंस बिश्नोई शामिल है। वहीं मनप्रीत मानू को एनकाउंटर में मारा जा चुका है। इस मामले में 40 से ज्यादा लोगों को गवाह बनाया गया है।

बता दें कि 29 मई को पंजाब के मानसा जिले के जवाहरके गांव के नजदीक सिद्धू मूसेवाला की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्या की जिम्मेदारी गैंगस्टर गोल्डी बरार ने ली थी। गैंगस्टर गोल्डी बरार अभी कनाडा में मौजूद है। वह कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का करीबी भी है। गोल्डी बरार ने कहा था कि वह अपने दोस्त विक्की मिद्दूखेड़ा की मौत का बदला लेने के लिए हत्याकांड को अंजाम दिया था।







# यूपी में दो आईएएस अफसरों का तबादला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार इन दिनों बड़े अधिकारियों के तबादलों को लेकर बेहद गंभीर नजर आ रही है। यही वजह है कि पिछले कुछ दिनों से लगातार ट्रांसफर किए जा रहे हैं। बात चाहें आईएएस अफसरों की हो या फिर आईपीएस अधिकारियों की।

इसी कड़ी में रविवार को यूपी में दो आईएएस अफसरों के तबादले हुए हैं। विशेष सचिव नगर विकास के पद पर उदय भान त्रिपाठी की नियुक्ति हुई है। वहीं आईएएस सुनील चौधरी को प्रतीक्षारत किया गया है। बतादें कि आईएएस सुनील चौधरी को पिछले साल यानी 5 जुलाई 2022 को विशेष सचिव नगर विकास बनाया गया था।

**इधर से उधर**

**उदय भान त्रिपाठी बने विशेष सचिव नगर विकास**

**वेटिंग में भेजे गए आईएएस सुनील चौधरी**

इसके बाद से वो इसी पद कर कार्य कर रहे थे। लेकिन अब शासन ने उन्हें वेटिंग में भेज दिया है। वहीं विशेष सचिव नगर विकास के पद पर उदय भान त्रिपाठी को तैनाती दी गई है। जानकारी के मुताबिक, आगे वाले दिनों में योगी सरकार के द्वारा कुछ और आइपीएस और आईएएस अधिकारियों के तबादले किए जाएंगे।




# डंडे से पहले दिल से लें काम : पीएम मोदी

## बोले–यूपी को अब एक्सप्रेस प्रदेश के नाम से भी जाना जाता है

**लखनऊ।** राजधानी में रविवार को सीएम योगी ने 9055 दारोगा भर्ती के अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस दौरान सीएम ने कहा- आप ट्रेनिंग में जितना पसीना बहाओगे, उतना कम खून बहेगा। पीएम मोदी भी कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़े। उन्होंने कहा- यूपी सरकार आपको वर्दी के साथ डंडा भी देगी, लेकिन आप दिल से ज्यादा काम लेना। यूपी में साल 2017 से अब तक डेढ़ लाख से ज्यादा पुलिस भर्ती हुई है। यह अपने आप में ऐतिहासिक है। पीएम ने कहा, यूपी में लगातार विभिन्न सेक्टरों में नियुक्तियां की जा रही हैं। बीते दिनों मुझसे मिलने उत्तर प्रदेश के रहने वाले कुछ लोग आए। मैंने एक बेटी से पूछा कि आप कहां के रहने वाली हो। उसने बताया कि एक्सप्रेस प्रदेश की रहने वाली हूं। मुझे बहुत खुशी हुई कि उत्तर प्रदेश को अब एक्सप्रेस प्रदेश के नाम से जाना जाता है।

सीएम योगी ने सभी नवनियुक्त पुलिसकर्मियों को जनता का जनसेवक बनकर काम करने की जिम्मेदारी समझाई। उन्होंने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के साथ ही जी-20 का आयोजन किया गया। बाहर से आए लोगों ने यहां की व्यवस्था देखकर पुलिस के व्यवहार की सराहना की। यूपी के यंग ब्लड आज नियुक्ति पत्र लेकर पुलिस बल को मजबूती देंगे। हम यूपी पुलिस को और हाईटेक कर रहे हैं। यूपी में फोरेंसिक लैब बन रहा है। प्रदेश के अंदर आज 18 मुख्यालय पर नियुक्ति पत्र बांटा जा रहा है। 2017 में पुलिस में 1.5 लाख से ज्यादा पद रिक्त थे। सीएम ने कहा कि ढअउ की 54 से अधिक कंपनी समाप्त हो गई थीं।

**संबोधन**

**योगी ने कहा- जितना पसीना निकलेगा, उतना कम खून बहेगा**

**यूपी को मिले 9055 नए दरोगा, सीएम बोले-'हम यूपी पुलिस को हाईटेक कर रहे हैं**



अग्निशमन विभाग के पास उपकरण नहीं थे। आज अत्याधुनिक उपकरण आग बुझाने के लिए मौजूद हैं। सीएम योगी ने कहा कि साल 2017 में ट्रेनिंग की क्षमता मात्र 6 हजार थी। अब हमने तीन गुना कर दिया है। पुलिस लाइन में टूटी हुई छत थी उसको दुरुस्त करवाया अच्छे बैरक बनवाए। साढ़े पांच लाख नौकरी दी गई। पहले पुलिस की स्थिति दयनीय थी। उन्होंने कहा कि सुशासन की पहली शर्त है सुरक्षा। कानून का राज और कानून के राज के लिए आवश्यक है, हमें हर हाल में बल के इकबाल को बनाए रखना है। एक कॉमन मैन के प्रति हमारा व्यवहार अत्यंत ही मित्रता पूर्ण होना चाहिए। सद्भावना पूर्ण होना चाहिए। लेकिन अपराधी कोई भी हो। कानून के साथ खिलवाड़ करने वाला व्यक्ति कोई कितना भी बड़ा क्यों ना हो। जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए उसे कानून के कटघरे में खड़ा करना। उसको सही जगह पहुंचाने की कार्रवाई हो। जिस दिन पुलिस इकबाल बना रहेगा, उस दिन हर जवान हर अधिकारी का सम्मान भी बना रहेगा। डीजीपी डीएस चौहान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग अपनी मेहनत और मेरिट के आधार पर आए है। बिना किसी को कोई रिश्वत दिए। आप ऐसा पुलिस बल आज ज्वाइन कर रहे जो एक परिवार की तरह से है। कितनी बड़ी चुनौती हो ये परिवार किसी से नहीं घबराता। सरकार ने पुलिस विभाग को लेकर कई बड़े बदलाव किए है। चार लाख का फोर्स है। डेढ़ लाख से अधिक रिक्रूमेंट पिछले डेढ़ साल में किया है। इस बाल में विशेषता है ये अनुरोध को भी बल मानती है। इस बल में विश्वसनीयता है। मैं आप सभी का इस बल में स्वागत करता हूं।

# गुजरात के राजकोट में भूकंप के झटके

**अहमदाबाद।** गुजरात में रविवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर 4.3 की तीव्रता वाला भूकंप गुजरात के राजकोट से 270 किमी उत्तर-उत्तर पश्चिम में दोपहर 3:21 बजे आया। इसका केंद्र पाकिस्तान में करीब 10 किलोमीटर की गहराई में था।

राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने इसकी जानकारी दी है। इसके अलावा अफगानिस्तान में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। इसकी तीव्रता भी 4.3 मापी गई। भूकंप फायजाबाद से 117 किलोमीटर दूर दक्षिण में आया। भूकंप के झटके तीन बजकर 29 मिनट पर महसूस किए गए। इसका केंद्र जमीन से करीब 70 किलोमीटर गहराई में था। फिलहाल किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है।

# भारत जोड़ो के बाद अब पूरब से पश्चिम की यात्रा

**राहुल ने कांग्रेस अधिवेशन में दिया था संकेत**

रायपुर । कांग्रेस पार्टी अब भारत जोड़ो के बाद एक नई यात्रा निकालेगी। इस यात्रा से पार्टी का फोकस पूर्व से पश्चिम तक के राज्यों पर रहने वाला है। दरअसल, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रविवार को कहा कि कांग्रेस पासीघाट से पोरबंदर यात्रा पर विचार कर रही है। रमेश ने जोर देकर कहा कि लगभग 4,000 किलोमीटर की कन्याकुमारी–से–कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा के बाद भी पार्टी कार्यकर्ताओं में एक और यात्रा के लिए बहुत उत्साह और ऊर्जा है। रमेश ने बताया कि पूर्व से पश्चिम यात्रा संभवतः अरुणाचल प्रदेश के पासीघाट से गुजरात के पोरबंदर तक निकलेगी, लेकिन इसका स्वरूप भारत जोड़ो यात्रा से थोड़ा अलग हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा में कम कार्यकताओं के कारण लोग भी कम हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह काफी हद तक एक पदयात्रा होगी लेकिन इस मार्ग पर जंगल और नदियां होने के चलते यह बहु–मोडल यात्रा होगी, जिसमें पैदल चलने के साथ दूसरे साधनों का भी उपयोग होगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि अप्रैल में कर्नाटक में चुनाव, जून में बारिश के मौसम और फिर नवंबर में दूसरे राज्य के चुनाव के चलते यात्रा जून से पहले या नवंबर से पहले शुरू की जा सकती है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा को लेकर विस्तार से अगले कुछ हफ्तों में निर्णय लिया जाएगा। गौरतलब है कि कांग्रेस के महाधिवेशन को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि पार्टी को भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से की गई "तपस्या" को आगे बढ़ाने के लिए एक नई योजना तैयार करनी चाहिए और वह इस तरह की एक और पहल का संकेत देते हुए पूरे देश के साथ इसमें भाग लेंगे।

# पीवीवीएनएल डायरेक्टर पर भ्रष्टाचार का मुकदमा

**वाराणसी।** रिटायरमेंट के दो दिन पहले वाराणसी के पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम (पीवीवीएनएल) के निदेशक (तकनीकी) पर भ्रष्टाचार के मामले में चितईपुर थाने में गोरखपुर के प्रभारी निरीक्षक सतर्कता चंद्रभूषण प्रजापति की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ। निदेशक पृथ्वी पाल सिंह के खिलाफ यूपी पावर कारपोरेशन लखनऊ में शिकायत पत्र देकर जांच की मांग उठी थी और जांच करीब पांच महीने से चल रही थी।

विजिलेंस की जांच में 98 लाख रुपए के गबन की बात सामने आयी।

**केस दर्ज**

**रिटायरमेंट में बचे थे महज दो दिन, जांच के लिए यूपी पावर कॉरपोरेशन लखनऊ में दिया गया था शिकायत पत्र**

**विजिलेंस की जांच में 98 लाख रुपए के गबन की बात आयी सामने**

इसके बाद चितईपुर थाने में सतर्कता निरीक्षक ने शनिवार की देर रात मुकदमा दर्ज कराया। विजिलेंस जांच कराने के




बाद पता चला कि पृथ्वी पाल की सैलरी जून 1986 से जून 2022 तक कुल 4 करोड़, 62 लाख 82 हजार 776 रुपए बनी थी। जबकि, निदेशक ने अपना पर्सनल खर्च कुल 5 करोड़ 60 लाख 62 हजार 667 रुपए से ज्यादा का दिखाया था। इन पर जरूरत से 21% ज्यादा आय अर्जित करने का आरोप लगा है। यानी कि उनकी कमाई से यह करीब 97, 79 हजार 891 रुपए ज्यादा मिला। निदेशक बाकी के पैसे का हिसाब-किताब नहीं दे पाए। चितईपुर के इंस्पेक्टर बृजेश कुमार मिश्र ने कहा कि जांच में पता चला कि इनकम से ज्यादा एक्सपेंस किया गया है। इनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि आरोपी 28 फरवरी को रिटायर होने वाले थे। उन्होंने बिजली विभाग में 37 साल नौकरी की है।

# पुलवामा में कश्मीरी पंडित को मारी गोली, हुई मौत

**पुलवामा।** दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में रविवार को आतंकियों ने एक कश्मीरी पंडित को गोली मार दी। घायल को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। आतंकियों ने 40 साल के संजय शर्मा पर तब हमला किया, जब वह पत्नी के साथ सुबह 10.30 बजे मार्केट जा रहे थे। संजय अचान गांव के रहने वाले थे और बैंक में सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर तैनात थे। अक्टूबर 2022 के बाद ये कश्मीर घाटी की पहली टारगेट किलिंग है। इससे पहले जम्मू के राजौरी के अपर डांगरी गांव में 1 जनवरी 2023 की शाम को 2 अनजान लोग घुस आए थे। उन्होंने पूछ-पूछकर हिंदुओं को गोली मारी। हादसे में 2 बच्चों की मौत हो गई थी। संजय शर्मा की हत्या की जिम्मेदारी

**टारगेट किलिंग**

**बैंक में सिक्योरिटी गार्ड था पत्नी के साथ बाजार जाते वक्त हुआ हमला**

कश्मीर फ्रीडम फाइटर्स नाम के आतंकी संगठन ने ली है। इस संगठन ने एक मैसेज जारी करके कहा कि आज सुबह हमने अचान (पुलवामा) के रहने वाले काशीनाथ शर्मा के बेटे संजय शर्मा को एलिमिनेट कर दिया। हमने इससे पहले कई बार वॉर्निंग दी है कि भारत के कश्मीरी पंडितों, हिंदू और पर्यटकों को यहां खत्म कर दिया जाएगा। आगे लिखा- आर्टिकल 370 हटाए जाने के बाद ये लोग सिर्फ भारतीय ऑक्यूपेशन के हाथों की कठपुतली बनकर रह गए हैं।

# 52 साल की उम्र हो गयी है लेकिन घर तक नहीं

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के रायपुर में कांग्रेस के 85वें राष्ट्रीय अधिवेशन को राहुल गांधी ने संबोधित किया है। राहुल गांधी ने इस दौरान कहा कि 52 साल की उम्र हो गयी है लेकिन दिल्ली से इलाहाबाद तक उनके पास अपना घर तक नहीं है। राहुल गांधी ने इस दौरान भारत जोड़ो यात्रा का भी जिक्र किया। उन्होने कहा कि यात्रा के दौरान बहुत कुछ सीखा है। राहुल गांधी ने कहा मैं अपने देश के लिए कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदल चला। यात्रा के दौरान हजारों लोग मुझसे और पार्टी से जुड़े। मैंने किसानों की सभी समस्याओं को सुना और उनके दर्द को महसूस किया।

राहुल गांधी ने कहा कि जब कश्मीर पहुंचा तो घर जैसा महसूस हुआ। यात्रा सभी जातियों और आयु वर्ग के लोगों को घर जैसा महसूस कराने के लिए थी। यात्रा के दौरान लोग मुझसे

**बोले राहुल**

**मां के शब्द सुनकर मैं हैरान रह गया : राहुल गांधी**

राजनीतिक बातें नहीं कर रहे थे लेकिन जब मैं कश्मीर पहुंचा तो सब कुछ बदल गया। गांधी ने कहा कि मां ने पहली बार मुझे बताया कि राहुल यह हमारा घर नहीं है, यह सरकार का घर है। अब हमें यहां से जाना है। राहुल ने कहा कि हमने मां से पूछा कहां जाना है? मां ने कहा कि नहीं मालूम है। बकौल राहुल, मां के यह शब्द सुनकर मैं हैरान रह गया।

मैंने सोचा था कि वो हमारा घर था। राहुल गांधी ने कहा कि 52 साल हो गए, मेरे पास आज तक घर नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे परिवार को जो घर है वो प्रयागराज (इलाहाबाद) में है,



लेकिन वो भी हमारा घर नहीं है।

विदेश मंत्री जय शंकर के बयान पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि एक मंत्री ने इंटरव्यू में कहा कि चीन की अर्थव्यवस्था भारत से बड़ी है तो हम उनसे कैसे लड़ें? राहुल गांधी ने कहा कि जब अंग्रेज हम पर राज करते थे तो क्या उनकी अर्थव्यवस्था हमसे छोटी थी? यानी जो आपसे ताकतवर है उनसे लड़ें ही मत। इसको कायरता कहते हैं।राहुल गांधी ने कहा कि सावरकर की विचारधारा है अगर जो आपके सामने आपसे ताकतवर, मजबूत है उसके सामने सर झुका दो।

हिंदुस्तान के मंत्री चीन से कह रहे हैं कि आपकी अर्थव्यवस्था हमसे बड़ी है, इसलिए हम आपके सामने नहीं खड़े हो सकते। इसको देश भक्ति कहते हैं क्या? यह कौन सी देश भक्ति है? कांग्रेस सांसद ने अडानी मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने कहा कि मैंने संसद में एक उद्योगपति पर आक्रमण किया। मैंने सिर्फ एक सवाल पूछा कि मोदी जी आपका अडानी जी से रिश्ता क्या है? पूरी भाजपा सरकार अडानी जी की रक्षा करने लग गई। वे कहते हैं कि जो अडानी जी पर आक्रमण करता वह देशद्रोही है। अडानी जी और मोदी जी एक हैं।

# बाइक सवार बदमाशों ने पत्रकार को मारी गोली



**जौनपुर।** लाइन बाजार थाना अंतर्गत बालू मंडी में बाइक से आये बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। घायल अवस्था में पत्रकार को जिला अस्पताल लाया गया। मामले को सज्ञान मे लेकर पुलिस जांच में जुट गयी हैं। देवेंद्र खरे एक चैनल के रिपोर्टर हैं। देर शाम करीब 7.30 बजे वो अपने कार्यालय के बाहर बालू मंडी में खड़े थे कि तभी बाइक पर सवार दो बदमाश आये और उन पर फायर झोंक दिया। गोली उंगली में लगी और पत्रकार ने भाग कर किसी तरह अपनी जान बचाई। पत्रकार के अनुसार उन पर बदमाशों ने सात राउंड फायरिंग की। संयोग ही था कि गोली उंगली में ही लगी। लोगों के सहयोग से उन्हे जिला चिकित्सालय लाया गया। स्थिति खतरे से बाहर बतायी जा रही है। मौके पर एसपी डॉ. अजय पाल शर्मा ने मौके का जायजा लिया और भुक्तभोगी से पूछताछ की।

## संक्षेप

### चार देशी बम के साथ हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार : भेजा जेल

**थरवई।** रविवार को थाना क्षेत्र थरवई के भिदिउरा हाइवे मोड़ से उपनिरीक्षक सोहराब अहमद व पुलिस टीम द्वारा निवासी थाना थरवई अंतर्गत सारंगापुर टिकरी गांव का रहने वाला अभियुक्त भुवर यादव उर्फ रवि आसरे यादव को गिरफ्तार धारा 4 / 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम पंजीकृत करते हुए जेल भेज दिया गया। जो थाना थरवई में एससी एसटी एक्ट व अन्य कई आपराधिक धाराओं में पंजीकृत है साथ ही थाना बाहरिया में भी कई मुकदमे दर्ज हैं। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक सोहराब अहमद व रामेश्वर नाथ राय, दिनेश यादव, अमित कुमार, हरिओम आदि पुलिस टीम गिरफ्तार किया गया जो आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया गया।

### 10 लीटर अवैध देशी कच्ची शराब के अभियुक्त गिरफ्तार

**थरवई।** पुलिस की सक्रियता से अभियुक्त हुआ गिरफ्तार। थाना क्षेत्र थरवई के मलाका मय भैंसाही पुलिया मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक राहुल कुमार व पुलिस टीम द्वारा 10 लीटर अवैध देशी कच्ची शराब के साथ अभियुक्त थाना थरवई अंतर्गत बहमलपुर गांव के नन्हे लाल पुत्र स्व गोपी उम्र 46 वर्ष को पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही किया गया।

# अभी तक नहीं लगा किसानों का अंगूठा भूख हड़ताल पर अन्नदाता

**भूख हड़ताल**

**बारा तहसील परिसर में भूख हड़ताल पर बैठे अन्नदाताओं की हिम्मत दे रही जवाब**

**धान तौल में अनियमितता का आरोप लगाते हुए चार दिन से प्रदर्शन कर रहे किसान**



भूख हड़ताल पर बैठे किसान

**बारा।** कहने के लिए धान की बिक्री हो गई।अर्थात किसानों ने अपनी उपज धान क्रय केंद्रों पर तौलवा दी। धान बेचे लगभग डेढ़ माह का समय गुजर चुका है, लेकिन अभी तक किसानों का अंगूठा (भुगतान के लिए) नहीं लगवाया गया, जिससे किसानों को पैसा नहीं मिल पा रहा है।

किसानों का कहना है कि इस मामले को लेकर कई बार अधिकारियों से बातचीत हुई, लेकिन जिम्मेदार अफसरान बेवकूफ बना रहे हैं। गरीब किसान शादी-विवाह के सीजन में परेशान हो रहा है। बिना अंगूठा लगवाए किसानों के खाते में पैसा नहीं आएगा। पैसा नहीं मिलने से परिवार का भरण-पोषण, बच्चों की पढ़ाई-लिखाई भी मुश्किल में पड़ती जा रही है। इस समस्या से जूझ रहे किसानों ने बारा तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

धान तौल में मनमानी, बायोमैट्रिक फिंगर में अनियमितता समेत कई समस्या से जूझ रहे किसान पिछले चार दिन से बारा तहसील मुख्यालय पर भूख हड़ताल पर बैठे हैं। शुरूआत के एक-दो दिन आराम से निकल गए, लेकिन तीसरे दिन से किसानों की हिम्मत जवाब देने लगी है। बदलते मौसम में कई किसान अब भूख हड़ताल पर बैठ भी नहीं पा रहे हैं, लिहाजा उन्हे धरना स्थल पर ही लेटा दिया गया है। भाकियू (भानू) की अगुवाई में हो रही भूख हड़ताल को लेकर किसानों का स्पष्ट रुख है कि जब तक उनकी मांगों पर सुनवाई नहीं की जाती है, वह प्रदर्शन जारी रखेंगे।

धान बेचने के बाद भी अंगूठा न लगवाने और पैसे का भुगतान न होने से क्षुब्ध किसानों ने भारतीय किसान यूनियन (भानू) के बैनर तले बारा तहसील मुख्यालय पर अनिश्चित कालीन अनशन एवं भूख हड़ताल शुरू की है। रविवार को भूख हड़ताल का चौथा दिन है। प्रदर्शन कर रहे दो किसानों की हालत खराब हो गई है। सूचना मिलते ही तहसील प्रशासन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा के अधीक्षक तरुण पाठक को तत्काल प्रभाव से टीम के साथ पहुंचकर किसानों का स्वास्थ्य की जांच का आदेश दिया।

तहसील प्रशासन के कहने पर सीएचसी की टीम डा. पाठक की अगुवाई में तहसील मुख्यालय पहुंची और भूख हड़ताल पर बैठे किसानों का ब्लड प्रेशर, शुगर एवं कुछ जांचें की गई और दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं, लेकिन प्रशासन की लापरवाही से आहत किसानों ने दी गई दवाओं को वापस कर दिया। किसानों का कहना है कि जब अपनी बेची गई फसल की कीमतें भी नहीं मिल रही हैं तो जीकर ही क्या करेंगे? मर जाना ही ठीक है।

फिलहाल किसानों का अल्टीमेटम सुनकर प्रशासनिक अधिकारी भी सकते में आ गए हैं। किसानों को मनाने की पूरी कोशिश की जा रही है। भाकियू (युवा मोर्चा) के जिला उपाध्यक्ष आशीष राज त्रिपाठी ने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर कार्यवाही नहीं की जाती है, उनकी भूख हड़ताल जारी रहेगी।

### स्कूली बच्चों और अभिभावकों के रिश्तों पर मुक्त विश्वविद्यालय में कार्यशाला

**फाफामऊ।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा एवं रुद्रप्रयाग विद्या मंदिर, शांतिपुरम के संयुक्त तत्वावधान में 27 फरवरी 2023 को पूर्वाहन 10:30 बजे पेरेंटिंग स्टाइलः पैरेंट्स चाइल्ड रिलेशनशिप इन स्कूल गोइंग चिल्ड्रन विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित अटल प्रेक्षागृह में किया गया है। कार्यशाला तथा स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक प्रोफेसर जी एस शुक्ल ने बताया कि कार्यशाला की मुख्य अतिथि श्रीमती केशरी देवी पटेल, सांसद होंगी तथा अध्यक्षता मुक्त विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह करेंगी।

### राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में जनवरी सत्र का प्रवेश 15 मार्च तक

**फाफामऊ।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के सत्र जनवरी 2023 के प्रवेश की अंतिम तिथि कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह के निर्देश पर 15 मार्च 2023 निर्धारित कर दी गई है। प्रवेश प्रभारी डॉ ज्ञान प्रकाश यादव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सत्र जनवरी -2023 के लिए सभी जागरूकता कार्यक्रम, प्रमाण पत्र कार्यक्रम, डिप्लोमा कार्यक्रम तथा पीजी डिप्लोमा कार्यक्रम में प्रवेश प्रारंभ है।

# करछना में किसान के घर लाखों की चोरी



चोरी के बाद पूंछताछ करती पुलिस

**प्रयागराज।** यमुनानगर के करछना इलाके में बीती रात चोरों ने एक किसान के कच्चे मकान में सेंधमारी कर दी। दीवार तोड़कर अंदर घुसे चोर एक लोहे का भार उठाने गए। बस्ती से कुछ दूरी पर ले जाकर बॉक्स का ताला तोड़ दिया और उसमें रखे 27000 रुपए नगद और तकरीबन एक से डेढ़ लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात कपड़े व अन्य सामान उठा ले गए। सुबह पता चलने पर भुक्तभोगी ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

करछना थाना क्षेत्र के बसही (सेवड़रिया) गांव निवासी राजेश कुमार पुत्र यशोदा नंदन खेती किसानी करके पत्नी बच्चों और मां-बाप का भरण पोषण करता है। राजेश के अनुसार 25 फरवरी की रात में वह परिवार के साथ अपने घर के पक्के वाले हिस्से में सोया था। कच्चे मकान के पीछे की दीवाल में सेंधमारी कर के घुसे चोर कमरे में रखा लोहे बाक्स उठा ले गए। हैरानी की बात यह है कि किसी को इसकी कानो कान खबर नहीं लगी। सुबह जब लोग जगे तो सेंधमारी का पता चला खोजबीन की गई। घर से 200 मीटर की दूरी पर टूटा हुआ बक्सा पड़ा मिला। पुलिस को खबर दी गई। पुलिस पहुंची और छानबीन करके वापस लौट गई भुक्तभोगी के अनुसार बक्से में 27000 नगद और सोने चांदी के जेवरात थे। इंस्पेक्टर करछना सुजीत सिंह का कहना है कि चोरी की सूचना मिली है। शिकायत दर्ज हो गई है जांच की जा रही है।

### निशान में बज रहे डीजे के जनरेटर में युवती का फंसा बाल, हालत गम्भीर



**बहरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव के शिवपूजन पासी पुत्र तेजबहादुर सिकन्दरा स्थित गाजी मियां की मजार पर निशान लेकर आये थे । वहां पर मौजूद लोंगो ने बताया की निशान में बज रहे डीजे की धुन पर नाच रहे लोंगो में से एक युवती नीलम उम्र करीब 17 वर्ष पुत्री जेठू भी नाच रही थी । जिसका अचानक दुपट्टा जनरेटर की साफ्टीन में फंस जाने से नीलम के बाल भी लपेटे में आ गया और तुरन्त ही युवती के बाल सर से उखड़ कर अलग हो गया और युवती दूर जा गिरी । लोगो ने आनन.फानन में जनरेटर को बन्द करावाया । उक्त निशान में शामिल होने आये जिला पंचायत सदस्य मूलचन्द्र उर्फ़ मुन्ना पासी के सहयोग से गम्भीर हालत में नीलम को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बहरिया लाया गया । जहां पर डाक्टरो ने युवती की हालत को गम्भीर बताते हुये हुये जिला अस्पताल भेज दिया।

### यमुनापार के 912 बूथों पर कार्यकर्ताओं ने सुना मोदी जी के 'मन की बात'

**बारा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबसे लोकप्रिय कार्यक्रम "मन की बात" के 98 वें संस्करण को कार्यकताओं संग ग्रामीणों ने रेडियो में सुना। यमुनापार के ग्राम पंचायत सचिवालय बैजला में रविवार को जिला संयोजक दिलीप कुमार चतुवेर्दी की मौजूदगी में ग्रामीणों एवं कार्यकताओं ने मन की बात कार्यक्रम को रेडियो में सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात को जनभागीदारी की अभिव्यक्ति का एक अद्भुत प्लेटफॉर्म बताया,उन्होंने कहा कि तेजी से आगे बढ़ रहे हमारे देश में डिजिटल इंडिया की ताकत हर कोने में दिख रही है। स्वच्छ भारत अभियान ने हमारे देश में जनभागीदारी के मायने बदल दिए हैं। बूथ समितियों के सदस्यों ने पुनः मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प दिलाते हुए कहा हम सब का सम्पूर्ण विकास भाजपा की मोदी, योगी सरकार ही कर सकती है। इसलिए हम सब को भाजपा की सरकार बनानी होगी। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री पंकज कुमार पाण्डेय ने किया।मौके पर प्रदीप कुमार मिश्र, धीरेन्द्र मिश्र,बूथ अध्यक्ष 213 संगम लाल बिंद,बूथ अध्यक्ष 212 अगम लाल प्रजापति, प्रधान बृजलाल भारतीया के साथ ग्रामीण मौजूद रहे। मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी ने बताया कि रविवार को पूरे यमुनापार के 1558 बूथ है। जिनमें 912 बूथों पर कार्यकताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने मन की बात को सुना।

### मोदी जी और योगी जी के नेतृत्व में हो रहा है चतुर्दिक विकास : अवधेश चंद्रगुप्त



**नैनी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ, नेता काशी प्रांत के उपाध्यक्ष, नगर निगम चुनाव स्थानीय निकाय संयोजक श्री अवधेश चंद्र गुप्त ने आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश का चतुर्दिक विकास हो रहा है। जनता की समस्याओं का समाधान हो रहा है। माफिया और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो रही है । जनता को हर क्षेत्र में न्याय मिल रहा है । प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए गुप्त ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एकमात्र ऐसी पार्टी है । जो सीधे जनता और कार्यकताओं से जुड़ी हुई पार्टी है । हर कार्यकर्ता की समस्याओं को दूर करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के सभी नेता संकल्पबद्ध हैं । मोदी जी के नेतृत्व में पूरे देश में औद्योगिक क्रांति के सूत्रपात हुआ है । आर्थिक व्यवस्था सुधर रही है । बेरोजगारों के लिए रोजगार के नए नए अवसर मिल रहे हैं ! श्री गुप्त ने कहा कि अभी हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट की वजह से आर्थिक समृद्धि आएगी और लोगों की तरक्की होगी अवधेश चंद गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में आम कार्यकताओं और सामान्य लोगों को तरजीह मिलती है । मोदी जी ने भारतीय जनता पार्टी को नए मुकाम पर पहुंचाया है । उन्होंने कहा कि देश की तरक्की के लिए जरूरी है कि भारतीय जनता पार्टी हम पहले से और अधिक मजबूत बनाएं ताकि देश का चतुर्दिक विकास होता रहे ।

### शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचा अपना दल एस का प्रतिनिधि मंडल



**फाफामऊ।** उमेश पाल के धूमनगंज स्थित आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे अपना दल एस के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल ने पूरे शोक संतप्त परिवार को ढाढ़स बंधाते हुए कहा कि हमारी पार्टी एवं पूरा अपना दल एस परिवार आपके हर सुख और दुःख में आपके साथ खड़ा है। माननीय प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जो भी लोग इस जघन्य घटना को अंजाम दिए हैं उन्हें प्रदेश की योगी सरकार जल्द से जल्द उन्हें उनके इस कुकृत्य की सजा अवश्य दिलाएगी। इसी के साथ शोक संतप्त परिवार को हर संभव मदद दिलाने के साथ साथ समय लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री *मा० श्री योगी आदित्यनाथ से भी परिवार को मिलाने का आश्वासन दिया है। उक्त प्रतिनिधि मंडल में राष्ट्रीय सलाहकार समिति के सदस्य एवं राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य जवाहरलाल पटेल एवं राष्ट्रीय सलाहकार राजेंद्र प्रसाद पाल, राष्ट्रीय महासचिव नागेंद्र प्रताप पटेल जी, बाबूलाल पटेल, राष्ट्रीय सचिव युवा मंच सावंत सिंह पटेल, राष्ट्रीय सचिव युवा मंच अम्माद हसन,जिला अध्यक्ष भानुप्रताप पटेल, जिला उपाध्यक्ष धनराज पटेल,जिला महासचिव आशीष पटेल, विधानसभा अध्यक्ष सोरांव सुशील पटेल, विधानसभा अध्यक्ष शहर पश्चिमी मणिराज पटेल, विधानसभा अध्यक्ष शहर उत्तरी राजेश पटेल,विधानसभा अध्यक्ष आई टी सेल अर्जुन पटेल,जोन अध्यक्ष बनवारी लाल पटेल, सोनू पासी, रमेश पटेल, सुशील सोनकर, लवकुश पटेल, शिवा पटेल, राम प्रकाश,राम विकास, धर्मराज पटेल सहित पार्टी के बहुत सारे कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# होली पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न



पीस कमेटी की बैठक में शामिल लोग

**उतरांव।** उतरांव थाना में सबसे पहले थाना प्रभारी श्रवण कुमार ने कन्हैयालाल का पदोन्नत होने पर एसआई का स्टार लगा कर सम्मानित किये। और उन्होंने सबको जलपान कराए। तब पीस कमेटी का बैठक का शुभारंभ किया गया। फिर शांतिपूर्ण ढंग से होली त्योहार मनाने को लेकर रविवार को उतरांव थाने में एसीपी सुधीर कुमार की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सभी से शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाने की अपील की गयी। बैठक के दौरान थाना अध्यक्ष उतरांव श्रावन कुमार ने कहा कि होली का त्योहार रंगों और भाईचारे का त्योहार है। इसे सभी मिलजुल कर सौहार्द पूर्वक मनायें। और होली वाले दिन सभी अभिभावक अपने बच्चों को मोटरसाइकिल की चाभी न दे ताकि दुर्घटना से बच सके। इसी बीच एसीपी सुधीर कुमार ने कहा कि शराब का सेवन कर माहौल खराब करने वाले हुड़दंगियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि होली के दिन अवैध शराब बेचने वालों की सूचना पुलिस को दें। ताकि पुलिस शराब बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई कर सके। इस बीच सकुशल और शांति पूर्वक त्यौहार मनाने की अपील की गई। उक्त अवसर पर शिव कुमार प्रधान, रामदीन प्रधान, नागेन्द्र सिंह चच्चू, प्रधान इश्तेखार अहमद, कमलेश यादव, दिलशाद अहमद, राम सेवक, त्रिलोकी नाथ, रवि पटेल, चैत्तू, राम दीन प्रधान, बिपिन सिंह प्रधान पुत्र अशोक केशरवानी ज़िला पंचायत सदस्य, देवेश त्रिपाठी उर्फ नान गुरू, इदरीस भाई, राम चन्द्र प्रधान, सरफराज आदि सभी प्रधान और संभ्रांत व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं होली का त्यौहार : विमल किशोर मिश्र



**कोरांव।** रविवार को सहायक पुलिस आयुक्त ने क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों,ग्राम प्रधानों और पत्रकार बंधुओं के साथ पीस कमेटी की बैठक कर आगामी होली के त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। सहायक पुलिस आयुक्त विमल किशोर मिश्रा ने कहा कि यह होली का त्यौहार भाईचारा और एक दूसरे के प्रति स्नेह पूर्ण पूर्ण तरीके से मिलने का एक माध्यम के साथ साथ समाज में सौहार्दता लाने का एक प्रयास भी होता है।इसी दौरान थाना प्रभारी कोरांव ने कहा कि होली का त्यौहार मिलन और समाज में एकता लाने का पर्व होता है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सहायक पुलिस आयुक्त ने कहा कि होली की आड़ में किसी भी प्रकार की क्षेत्र में अभद्रता बर्दाश्त नहीं की जाएगी यदि इस मिलन के पर्व की आड़ में क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अशांति या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करता है तो उससे शक्ति से निपटा जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से उपनरीक्षक बृजेश तिवारी, वंश नारायण यादव, अवधेश यादव नायब तहसीलदार डैय्या अनिल कुमार सहित क्षेत्र के तमाम वरिष्ठ नागरिक लोग उपस्थित रहें।

# वार्षिकोत्सव में फ्लावर वैली स्कूल के बच्चों ने दिखाया अपनी प्रतिभा का हुनर



कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

**नैनी।** क्षेत्र के मड़ोका स्थित फ्लावर वैली पीपुल्स स्कूल में शनिवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर सिविल डिफेंस प्रयागराज के चीफ वार्डन अनिल कुमार गुप्ता मुख्य अतिथि थे कार्यक्रम की शुरूआत बच्चों ने मुख्य अतिथि के स्वागत गीत से किया। प्राचार्य सुषमा चौबे ने मुख्य अतिथि को बुके देकर सम्मानित किया। इसके बाद रंगारंग कार्यक्रम शुरू हुआ। जिसमें शिल्पा कुशवाहा की देखरेख में बच्चों ने राजस्थान के कालबेलिया नृत्य का भावपूर्ण प्रस्तुति की। इसके बाद श्वेता गिरी के निर्देशन में बच्चों ने झूम झूम नाच मयूरी नृत्य का प्रदर्शन किया। देर शाम तक अनेक लोकगीत और फिल्मी गानों पर बच्चों ने वहां उपस्थित अभिभावक व अन्य लोगों का मन मोह लिया। समारोह के अंत में मंच की संचालिका श्वेता गिरी व बबीता अग्रहरी ने सभी लोगों का धन्यवाद दिया। जिसमें मुख्य रुप से संगीता, शिल्पा, शुभम कुमार, अमरदीप श्वेता गिरी बबीता अग्रहरी शिवानी आदि उपस्थित रहे। अपने संबोधन में भागवत कुशवाहा ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# बीडी सेंट्रल एकेडमी में धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव

**शिक्षा ही जीवन का सार है : महावीर कौजलगी**





वार्षिकोत्सव में गीत प्रस्तुत करती छात्राएं

**मेजा।** क्षेत्र के खानपुर स्थित बी०डी० सेंट्रल एकेडमी, का वार्षिकोत्सव समारोह रविवार को धूमधाम से मनाया गया । समारोह में बच्चो ने गीत संगीत, गीत, डांस, कौवाली, नाटक सहित विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सिरसा चौकी इंचार्ज जगदीश कुमार, सब इंस्पेक्टर गौरव यादव ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ कराया।

समारोह में मुख्य अतिथि डी एफ.ओ.प्रयागराज महावीर कौजलगी ने कहा शिक्षा ही जीवन का सार है। शिक्षा स्त्री और पुरुषों दोनों के लिए समान रुप से आवश्यक है, क्योंकि स्वास्थ्य और शिक्षित समाज का निर्माण दोनों के द्वारा मिलकर ही किया जाता हैं। यह उज्वल भविष्य के लिए आवश्यक यंत्र होने के साथ ही देश के विकास और प्रगति में भी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस तरह, उपयुक्त शिक्षा व्यक्तियों के साथ ही राष्ट्र के उज्वल भविष्य का निर्माण करती है। विशिष्ट अतिथि के रूप में थानाध्यक्ष मेजा ज्ञानेश्वर मिश्रा रहे। अध्यक्षता चेयरमैन दुर्गा प्रसाद गुप्ता ने किया व संचालन नेहा गुप्ता ने किया।

इस दौरान मुख्य रूप से प्रबंधक वेद प्रकाश गुप्ता, निदेशक बबिता गुप्ता, प्रबंध निदेशक ज्योति शाहू, प्रधानाचार्य मेवा लाल यादव, शिक्षक, शिक्षिकाएं नेहा गुप्ता, शिवानी,साक्षी, गूंजा, नेहा गोयल, जया शर्मा, संतोष कुमार, वेद यादव, सरिता यादव, दीक्षा सोनी, शबनम, अलका सिंह, प्रधानाचार्य सतीश चंद्र उपाध्याय, तेजबहादुर गुप्ता, मुनीम, आमोद यादव, लखन केशरी, चंद्रिका साहू राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सैकड़ों की संख्या में अभिभावक गण उपस्थित रहे।

### ट्रैक्टर से अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल टकराई, युवक घायल


**लालापुर।** लालापुर थाना क्षेत्र के अमिलिया रोड पर ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल की भिड़ंत हो गई, जिसमें मोटरसाइकिल सवार की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार लालापुर के चकसुचेर निवासी अजय कुमार हरिजन पुत्र मोहन लाल उम्र 25 वर्ष रविवार देर शाम को अमिलिया तरफ से अपने घर चकसुचेर आ रहा था कि अमिलिया रोड पर्वत तालाब के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर से आमने सामने से भिड़ंत हो गई, जिसमे मोटरसाइकिल सवार अजय कुमार को गम्भीर चोट आई। मौके पर मौजूद राहगीरों ने 108 एम्बुलेंस को फोंन किया,जिसे उपचार के लिए सीएचसी शंकरगढ़ भेजा गया।

# शिक्षा व अच्छे संस्कार से ही जीवन में सफलता संभव : कमल मौर्य

**वार्षिकोत्सव**

**कॉन्सेट कॉन्वेंट स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने की सांस्कृतिक प्रस्तुति**

**नृत्य, गीत, नाटक और देशभक्ति तराने का मंचन देख स्रोता हुए विभोर**



कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

**लालगोपालगंज।** शिक्षा और ज्ञान सभी के अंदर विद्यमान है, बस इसे उभारने और निखारने की जरूरत है। शिक्षा और अच्छे संस्कार से ही जीवन में सफलता संभव है। यह बातें लालगोपालगंज कस्बा के सम्राट अशोक नगर स्थित कॉन्सेप्ट कॉन्वेंट स्कूल के 7वें वार्षिकोत्सव को संबोधित करते हुए भाजपा नेता एवं पूर्व उर्जा मंत्री के सुपुत्र एडवोकेट कमल मौर्य ने स्कूली बच्चें और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि समाज में आज संस्कार की जरुरत है। हमारे बच्चे अपनी संस्कृति व संस्कार को भूल रहे हैं। स्कूल, कॉलेज ही सामाजिक दायित्वों का निर्वहन स्कूली बच्चों के बीच कर रहे हैं। इससे पूर्व स्कूल स्कूल प्रबंधक डॉ. राज कुशवाहा ने अतिथियों को अंगवत्रम और उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। सरस्वती चित्र पर दीप प्रज्वलित के साथ सरस्वती वंदना, पूजन-अर्चन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा हम हैं इंडिया वाले, इंग्लिश मीडियम पढ़ाई, बम बम भोले ब्राजील मिक्स, पंडित और जजमान आदि प्रसंगों का मंचन तथा विभिन्न प्रकार के संस्कृति नृत्य प्रदर्शन में बच्चों ने अपना दमखम दिखाय। समारोह को भाजपा जिला मंत्री अमरजीत कुशवाहा, पूर्व जिपं. सदस्य गणेश मौर्य, ज्ञानचन्द्र मौर्य, पूर्व राजस्व निरीक्षक लालजी मौर्य आदि ने भी संबोधित किया। संचालन दिनेशचंद्र बादल व आर.एस. विश्वकर्मा ने किया कार्यक्रम की अध्यक्षता सरिता रानी कुशवाहा ने किया। स्कूल प्रबंधक डॉ. राज कुशवाहा ने आए हुए अतिथियों, अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गुलाबचंद्र मौर्य, विकास शुक्ला, कविता यादव स्कूल के अध्यापक व अध्यापिकाओ के अलावा भारी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागियों का हुआ सम्मान**

कॉन्सेप्ट कॉन्वेंट स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में प्रस्तुत किए गए, सांस्कृतिक प्रस्तुति में प्रतिभाग किए स्कूली छात्र-छात्राओं में अनामिका, रासिका, अनुराधा, निधि, कृष्ण कुमार, रिया, खुशी, कशिश, प्रतिभा, स्वाती, मोहिनी, नैन्सी, प्रिया, शालिनी, शिवसागर, सौरभ, दिव्यांशी, उन्नति, मोनी, विनीत, सौरभ, मनीष, अंशू, आयुशी, शुभम, कमल, रौनक, आर्यन, अयान, आदित्य, देव, संजीव, विनायक, रोशनी, श्रद्धा, रूचि, मीनाक्षी, महक, रूचि, पीयूष, आशीषराज, अजय, पूजा, दीपाली, हनी, अंजली, अखिलेश, साहिल, राजू, रूवेता, रोशनी, शजल, आसुतोष, सरवर आदि को उपहार भेंट कर उन्हें उम्मानित किया गया।

**होली पर विशेष रेलगाड़ी का संचालन**

रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए होली पर्व के अवसर पर विशेष रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

**गाड़ी संख्या 09525/09526 ओखा-नाहरलगुन होली विशेष रेलगाड़ी का संचालन**

गाड़ी संख्या 09525 ओखा से- दिनांक 07.03.2023, दिन मंगलवार को
गाड़ी संख्या 09526 नाहरलगुन से- दिनांक 11.03.2023, दिन शनिवार को
गाड़ी संरचना एसएलआर/डी-02, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-01, सामान्य श्रेणी-04, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-06, स्लीपर श्रेणी-12,

| गाड़ी संख्या 09525 ओखा-नाहरलगुन | | स्टेशन | गाड़ी संख्या 09526 नाहरलगुन-ओखा | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 22:00 | ओखा | 03:35 | --- |
| 01:00 | 01:10 | ग्वालियर | 00:25 | 00:30 |
| 03:38 | 03:40 | इटावा | 21:38 | 21:40 |
| 05:25 | 05:30 | गोविंदपुरी | 19:45 | 19:50 |
| 08.35 | 08.40 | प्रयागराज | 17:10 | 17:15 |
| 16:00 | --- | नाहरलगुन | --- | 10.00 |

नोटः इसके अतिरिक्त गाड़ी संख्या 05062/05061 टनकपुर-मथुरा विशेष गाड़ी के अतिरिक्त फेरों का संचालन, मथुरा कैंट स्टेशन तक ही किया जाएगा तथा उपरोक्त विशेष गाड़ी का संचालन मथुरा जंक्शन से मथुरा कैंट के मध्य निरस्त रहेगा, जिसका विवरण निम्नवत् है:-
गाड़ी संख्या 05061 टनकपुर से- प्रति बुधवार व रविवार को छोड़कर, दिनांक 02.03.2023 से 29.04.2023 तक
गाड़ी संख्या 05062 मथुरा कैंट से- प्रति बुधवार व रविवार को छोड़कर, दिनांक 02.03.2023 से 29.04.2023 तक
नोटः उपरोक्त ट्रेनों से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें

उत्तर मध्य रेलवे 309/23 (D)
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @northcentralrailway @CPRONCR

उत्तर मध्य रेलवे

No.: 146-Med/San/GeM Tender/PRYJ/23
दिनांक : 24.02.2023
वरि. मण्डल चिकित्सा अधिकारी उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज


**GeM निविदा सूचना**

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, केन्द्रीय चिकित्सालय, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन GeM टेन्डर आमंत्रित करते हैं।

| क्रम सं. | निविदा सं. एवं तिथि | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु. में) | निविदा शुल्क (रु. में) | अमानत राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | GEM/2023/B/3179419 Dated 23.02.2023 | मीर्ध रेलवे कालोनी, मिर्ज़ापुर की सम्पूर्ण सफाई व्यवस्था का कार्य | 6613513.80 | 0.00 | 132270/- |

निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः 16.03.2023 को प्रातः 09:00 बजे
अनुबंध समापन की अवधिः 02 वर्ष 03 माह
नोटः- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए वेबसाइट www.gem.gov.in पर देखें। 307/23 (P)
North central railways @CPRONCR @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in

# प्रयागराज



## मौसम



| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 27.00 |
| न्यूनतम : | 15.00 |
| सूर्योदय : | 06.50 |
| सूर्यास्त : | 05.27 |

### भगवान परशुराम मंदिर निर्माण को लेकर बैठक

**कोरांव।** तहसील कोरांव अंतर्गत बढ़वारी सोमनाथ मंदिर पर हो रहे भगवान परशुराम के मंदिर निर्माण को लेकर दिन रविवार को एक आवश्यक बैठक का आयोजन जिला पंचायत सदस्य पिंटू चौबे के नेतृत्व में आहूत किया गया जिसमें भगवान परशुराम जयंती के मौके पर मंदिर निर्माण एवं मूर्ति स्थापना पर विशेष चर्चा की गई ।उल्लेखनीय है की विगत वर्ष भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर मंदिर का शिलान्यास शहर उत्तरी के विधायक हर्षवर्धन बाजपेई एवं कौंधियारा ब्लाक प्रमुख इन्द्र नाथ मिश्रा द्वारा किया गया था बैठक में उपस्थित क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता बबलू शुक्ला ने कहां की यह हमारे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है की ब्राह्मण समाज के पूज्य भगवान परशुराम जी के मंदिर निर्माण कार्य हो रहा है इस पुण्य कार्य को लेकर क्षेत्र के आमजन में खुशी की लहर व्याप्त है ।उक्त मौके पर उपस्थित जिला पंचायत सदस्य पिंटू चौबे ने आए हुए समस्त लोगो का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के रूप रेखा को लेकर विशेष चर्चा किया। किसान नेता राजेश पांडेय ने आगामी 22 अप्रैल को होने वाले जयंती समारोह को भव्य एवम एतिहासिक बनाने के लिए कमेटी पदाधिकारियों से तैयारियों में जुट जाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रमोद मिश्रा पयासी सूर्यकांत तिवारी पूर्व प्रधान दयाशंकर पांडेय विपुल दुबे सिंटू तिवारी प्रकाश तिवारी देवराज मिश्रा मुन्ना शुक्ला पंकज दुबे पीयूष शुक्ला चन्द्रेश पाण्डेय अंकित दूबे शिवश्याम शुक्ला शिव प्रकाश मिश्रा के साथ सैकड़ों के संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

## मऊआइमा थाना चौराहे पर बाइक सवार बदमाशों ने दुकानदार पर चलायी गोलियां, हुई मिस

**हमला**

एक बदमाश को युवक ने जमीन पर गिराया परन्तु उसे तमंचे के बटों से मार कर किया जख्मी

बदमाशों ने लाइसेंसी रिवाल्वर को गोली फंसी हुई छोड़ कर भाग गए



घटना के बाद मौके पर जुटी लोगों की भीड़

**मऊआइमा।** रविवार को मऊआइमा थाना चौराहे पर सरेशाम तीन बाइक पर आधा दर्जन सवार बदमाशों ने मिष्ठान के दुकानदार पर तीन गोलियां चलाई। परन्तु तीनों मिस हो गई तो चचेरे भाई ने एक बदमाश को पकड़ कर गिरा दिया। जिसे बदमाशों ने तमंचे के बटों से सिर पर मार कर घायल कर दिया। लोगों को आता देख हड़बड़ाहट में एक बदमाश की लाइसेंस गोली फंसी हुई। रिवाल्वर जमीन पर गिर पडी। जिसे पुलिस को सौंप दिया गया। दुकानदार ने तीन नामजद तीन और तीन अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सुलतानपुर खास थाना पड़ाव फोरलेन चौराहे पर त्रिवेणी स्वीट हाउस के मालिक मुकेश कुमार जायसवाल पुत्र स्वर्गीय पप्पू लाल जायसवाल अपने भाईयों के साथ ठीक थाना चौराहे पर मिष्टान की दुकान चलाता है। मुकेश कुमार जायसवाल के अनुसार पूर्व में एक शादी समारोह में आरकेस्ट्रा पर पैसा लुटाने का कतिपय लोगों से विवाद हुआ था। जिससे उक्त लोग खुन्नस खाए थे। बताया गया है कि रविवार को शाम के समय तीन बाइकों से आधा दर्जन बदमाश आए तीन नीचे उतर कर पहले दो गोली मेरे उपर दो गोली चलाए मिस हो जाने पर फिर मेरे बडे भाई दिलीप कुमार जायसवाल के उपर गोली चलाए वह भी मिस हो गई। इतने मेरे चचेरे भाई लवकुश पुत्र लाल जी जायसवाल आ कर एक बदमाश से भिड गया बदमाश तमंचे की बटों से सिर में मार कर लवकुश को घायल कर दिए। इतने में लोगों आता देख हड़बड़ाहट में बदमाशों की लाइसेंसी रिवाल्वर जिसमें मिस कारतूस फंसी थी। छोड़ कर भाग गए। बताते हैं कि पुलिस ने काफी दूर तक बदमाशों का पीछा किया। परन्तु सभी बदमाश प्रतापगढ़ के दिवैनी की ओर भाग गए। मुकेश कुमार जायसवाल ने देर रात में मऊआइमा थाने में सलमान पुत्र अज्ञात ग्राम पितईपुर, सुफियान पुत्र अज्ञात ग्राम बरसन्डा दोनों थाना मान्धाता प्रतापगढ़, फक्के उर्फ फखरे आलम पुत्र अज्ञात गद्दोपुर थाना फाफामऊ तथा तीन अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। बताते हैं कि दोपहर में एक बोलोरो पर वही बदमाश मुकेश कुमार की दुकान से गुजरने थे। बताते हैं कि इसकी सूचना मुकेश ने पुलिस को मौखिक जानकारी दी थी। पुलिस मौके पर गयी थी। परन्तु बोलोरो सवार बदमाश पुलिस को देख कर भाग गए थे। बताया गया है कि दोपहर में मुकेश कुमार लालजी ढाबा रेलवे ओवरब्रिज के नीचे बदमाशों से समझौता कर लिए थे। फिर भी बदमाशों ने कुछ घंटों के बाद हमलावर हो गए।

इंस्पेक्टर मऊआइमा सुरेश सिंह ने बताया कि मुकेश कुमार से पूर्व में बदमाशों से विवाद हुआ था। रविवार को दोपहर में बिना पुलिस को सूचना दिए समझौता कर लिया था। मुकदमा दर्ज किया गया है बदमाशों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बदमाशों के संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है।



बदमाशों के हमले से घायल युवक

## गनर संदीप के पिता का दर्द : बोले- मेरा बेटा फर्ज निभाते हुए मरा

### बेटे की कमाई से परिवार चलता था, अब जाने क्या होगा

**प्रयागराज।** राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल के साथ बदमाशों ने उनके सरकारी गनर संदीप निषाद (26) की भी हत्या कर दी। संदीप अपने परिवार का सरकारी नौकरी करने वाला इकलौता सदस्य था। उसकी कमाई के पैसे से पूरे परिवार का खर्च चलता था। संदीप की मौत की खबर जब उनके गांव आजमगढ़ में पहुंची तो चारों तरफ माहौल गमगीन हो गया। पिता संतलाल माथे पर हाथ रख बैठ गए, वहीं, पत्नी रीमा बेहोश हो गई। पोस्टमॉर्टम हाउस के बाहर आखों में आसूं लिए पिता ने कहा, ' मेरा बेटा बहादुर था। फर्ज निभाते हुए सीने में गोलियां खाईं। उसकी कमाई से पूरे परिवार का खर्च चलता था। अब जाने क्या होगा। बेटे ने होली में घर आने का वादा किया था। उसके पहले ही वह छोड़ चला गया। अब घर का मुखिया कौन बनेगा।' उन्होंने सरकार से परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और आर्थिक सहायता की मांग की है।



### बड़ा पुलिस अधिकारी बनना चाहता था संदीप

संदीप के बड़े भाई प्रदीप निषाद ने कहा, "संदीप मेरा छोटा भाई था। साल 2018 में उसकी नौकरी पुलिस में लगी थी। लेकिन वह और बड़ा पुलिस अधिकारी बनना चाहता था। इसलिए वह नौकरी के साथ साथ तैयारी भी करता था। वह परिवार की रीढ़ की हड्?डी था। उसके वेतन से परिवार के 8 सदस्यों का खर्चा चलता था। साल 2021 में ही उसकी शादी हुई थी। पत्नी गांव में ही परिवार के साथ रहती है।'

### बड़े और छोटे भाई के पढ़ाने की जिम्मेदारी संदीप पर थी

मृतक उमेश पाल का गनर आजमगढ़ के अहरौला थाना क्षेत्र के बिसईपुर गांव का रहने वाला था। संदीप निषाद तीन भाईयों में दूसरे नंबर पर था। उसकी एक बहन भी है। वह अपने बड़े भाई प्रदीप निषाद को प्रयागराज में ही अपने साथ रखकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। छोटे भाई दीपचंद्र को भी वह पढ़ाई के लिए हमेशा प्रेरित करता था। संदीप अपनी कमाई से दोनों भाईयों को पढ़ाता था। शनिवार शाम को पुलिस लाइंस में राजकीय सम्मान के साथ संदीप का अंतिम संस्कार किया गया। जहां पत्नी रीमा रोती और चीखती रही, महिला कांस्टेबल उसे ढांढस दिलाने का प्रयास कर रही थीं।

## नगर निगम गाड़ी की टक्कर से अधेड़ व्यक्ति की मौत

**प्रयागराज।** थाना अतरसुइया क्षेत्र अंतर्गत डॉक्टर पांडे चौराहे के पास एक अधेड़ व्यक्ति को नगर निगम की गाड़ी ने मारी टक्कर मौके पर दर्दनाक मौत हो गई आस पास के लोगों का कहना है की तेज रफ़्तार से ड्राइवर गाड़ी चला रहा था। रफ्तार इतनी तेज थी कि व्यक्ति के भेजें निकल गए उसी वक्त उस व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। ड्राइवर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए स्वरूप रानी अस्पताल भेजा। मृतक की पहचान अनिल कुमार श्रीवास्तव के रूप में हुई वह रहने वाले 432/273 सुल्तानपुर भावागंगा गंज प्रयागराज के है।

## गनर राघवेंद्र एसजीपीजीआई लखनऊ के लिए रेफर

**प्रयागराज।** सुलेमसराय में शुक्रवार को गोली मारकर उमेश पाल की हत्या कर दी गई थी। उनके दो गनर संदीप निषाद और राघवेंद्र सिंह भी इसकी चपेट में आ गए थे। संदीप निषाद की तत्काल मौत हो गई थी जबकि राघवेंद्र को स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया जा रहा था। राघवेंद्र की हालत नाजुक बनी हुइ थी। उन्हें वेंटीलेटर सपोर्ट पर रखा गया था। आज रविवार की शाम राघवेंद्र को बेहतर इलाज के लिए लखनऊ के एसजीपीजीआई के लिए रेफर कर दिया गया है। पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह आज दोपहर राघवेंद्र का हाल जानने के अस्पताल पहुंचे थे। इसके बाद काफी मंथन के बाद राघवेंद्र को लखनऊ भेजने का निर्णय लिया गया है।

### 4 डॉक्टर और दो एंबुलेंस साथ में

मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एसपी ने बताया कि गनर राघवेंद्र को वेंटीलेटर सपोर्ट पर रखकर इलाज किया जा रहा था। 10 डाक्टरों की टीम उनके इलाज में लगी थी। ऑक्सीजन लेवल भी बढ़कर 100% तक पहुंच गया था जो सामान्य था। परिवार के लोग भी लखनऊ ले जाना चाहते थे। जिले के अधिकारियों की मौजूदगी में राघवेंद्र को एसजीपीजीआई के लिए भेजा गया है। साथ में चार डॉक्टर और एक अतिरिक्त एंबुलेंस भी भेजा गया है ताकि किसी इमरजेंसी में उपयोग में लाया जा सके।

## पुष्प प्रदर्शनी में इस वर्ष भी राजकीय उद्यान की मोती लाल उद्यान इकाई ने लहराया परचम



पुष्प प्रदर्शनी का अवलोकन करते न्यायमूर्ति

**प्रयागराज।** 24, 25 व 26 फरवरी को आयोजित मण्डलीय फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी के अन्तिम दिवस में पुरस्कार वितरण का कार्य सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के0जे0 ठाकर, न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद के हाथो द्वारा पुरस्कार वितरण सम्पन्न हुआ। प्रदर्शनी प्रतियोगिता में सुरेश कुमार यादव, प्रभारी, मोती लाल उद्यान इकाई, राजकीय उद्यान, चन्द्रशेखर आजाद पार्क, प्रयागराज को सभी वर्गों में ओवर चैपियन हेतु चुनौती कप एवं रू0-21000/- धनराशि का चेक मुख्य अतिथि द्वारा दिया गया। सम्पूर्ण प्रदर्शनी के द्वितीय ओवरआल विजेता के रूप में प्रभारी बैण्ड स्टैण्ड उद्यान इकाई राजकीय उद्यान प्रयागराज को शील्ड एवं रू0-11000/- धनराशि का चेक तथा सम्पूर्ण प्रदर्शनी के तृतीय ओवरआल विजेता के रूप में प्रभारी हाईकोर्ट उद्यान इकाई, चन्द्रशेखर आजाद पार्क, कम्पनीबाग, प्रयागराज को शील्ड एवं रू0-5100/- का धनराशि का चेक दिया गया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय न्यायमूर्ति ठाकर द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया कि ऐसी प्रदर्शनी मेहनत एवं लगन का परिणाम है। जो लोग पुरस्कार प्राप्त करने से वंचित रह गये हो वो अगले वर्ष और अधिक मेहनत करे तथा पुरस्कार प्राप्त करे।

## दरियाबाद में गंदगी का ढेर मिलने पर मंत्री नन्दी ने जोनल अधिकारी को लगाई फटकार

**भ्रमण**

सुलभ शौचालय में पाले जा रहे थे सुअर, दरवाजे पर लगा था ताला

मन की बात में सम्मिलित होने के बाद निरीक्षण के दौरान सामने आई खामियां

24 घंटे के अंदर कमियां दूर करने का अल्टिमेटम मिलते ही जागा नगर निगम प्रशासन



दरियाबाद खटिकाना बस्ती का भ्रमण करते मंत्री नंदी

**प्रयागराज।** रविवार को अपने प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के मुट्ठीगंज मंडल के बूथ नंबर 177 दरियाबाद में मन की बात कार्यक्रम में सम्मिलित होने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने दरियाबाद खटिकाना बस्ती का भ्रमण किया तो वहां जगह जगह गंदगी का ढेर मिला। वहीं सुलभ शौचालय का ताला बंद कर उसमें सुअरों को पाला जा रहा था। यह नजारा देख मंत्री नन्दी का गुस्सा भड़क उठा। मंत्री नन्दी ने नगर निगम के जोनल अधिकारी को फटकार लगाते हुए 24 घंटे के अंदर बेहतर सफाई व्यवस्था की हिदायत दी।

दरियाबाद में मन की बात कार्यक्रम स्थल के आस-पास के एरिया में मंत्री नन्दी ने भ्रमण किया, विकास कार्यों का निरीक्षण किया तो जगह-जगह गंदगी का ढेर पड़ा हुआ दिखाई दिया। जिस पर मंत्री नन्दी ने नगर निगम के जोनल अधिकारी को बुला कर फटकार लगाई। कहा कि शहर की मलिन और पिछड़ी बस्तियों में साफ-सफाई व मूलभूत सुविधाओं में इस तरह की लापरवाही और मनमानी कत्तई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मंत्री नन्दी ने जोनल अधिकारी को साथ लेकर दरियाबाद इलाके में भ्रमण किया। जगह-जगह गंदगी का ढेर मिलने और सफाई व्यवस्था बेहतर न होने पर जोनल अधिकारी को फटकार लगाते हुए मंत्री नन्दी ने तत्काल बेहतर सफाई व्यवस्था कराने के निर्देश दिए।

भ्रमण के दौरान मंत्री नन्दी जोनल अधिकारी के साथ दरियाबाद खटिकान बस्ती में स्थित सुलभ शौचालय के पास पहुंचे तो शौचालय बंद मिला। शौचालय के बाहर मेन गेट पर ताला लगा था, लेकिन शौचालय के अंदर सूअरों का झुण्ड दिखाई दिया। शौचालय के अंदर सूअर पाले गए थे। जिस पर मंत्री नन्दी ने जोनल अधिकारी को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि 24 घंटे का समय दिया जा रहा है। 24 घंटे के अंदर सफाई व्यवस्था बेहतर नहीं हुई, शौचालय का ताला तोड़ कर सूअरों को बाहर निकाल कर शौचालय आम जनता के लिए खोला नहीं गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## देश के सम्पूर्ण विकास के लिए पुनः मोदी को पीएम बनाना होगा : योगेश शुक्ल

**मेजा।** भाजपा संगठन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सबसे लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के 98 वें संस्करण को भाजपा के बरिष्ट नेता ने अपने बूथ संख्या 317 टिसेन तुलापुर में रविवार को मन की बात को ग्रामीणों के साथ सुना।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात' को जनभागीदारी की अभिव्यक्ति का एक अद्भुत प्लेटफॉर्म बताया,मन की बात में श्री मोदी ने कहा तेजी से आगे बढ़ रहे हमारे देश में डिजिटल इंडिया की ताकत हर कोने में दिख रही है। स्वच्छ भारत अभियान ने हमारे देश में जनभागीदारी के मायने बदल दिए हैं।

भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी अपने मन की बात में व्यक्तियों, समूहों तथा संस्थाओं के छोटे छोटे रचनात्मक प्रयासों कि कहानियों एवम उपलब्धियों को बहुत रोचक तरीके से देशवासियों से साझा करते है, इसी कारण प्रधानमंत्री मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम देश के पुरुषार्थ को जगाने तथा रचनात्मक कार्यों में लगे लाखो लोगो का आत्मविश्वास बढ़ाने का काम कर रहे है। आज के मन की बात से हम सब के लिए सीधा संदेश है कि हमे अपनी स्थानीय लोक परंपराओं को पुनर्जीवित करना है और स्वच्छता को अपने जीवन का एक और मिशन बनाकर रखना है।



प्रधानमंत्री के मन की बात सुनते योगेश शुक्ल व अन्य

इस दौरान मन की बात समापन के बाद योगेश शुक्ल ने पुनः मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प दिलाते हुए कहा हम सब का सम्पूर्ण विकास भाजपा की मोदी योगी सरकार ही कर सकती है। इसलिए हम सब को बार-बार कमल खिलाकर भाजपा की सरकार बनानी होगी।

इस अवसर पर प्रधान टीसेन रविंद्र शुक्ल, हरी मोहन पांडेय, दया शंकर शुक्ल, राजपति शर्मा, संजय दुबे, श्री कृष्ण, राम कृष्ण, बिहारी मौर्य, राकेश शुक्ल, सहित कई लोग मौजूद रहे।

## वाराह भगवान के अवतार की कथा श्रवण कर हुए मंत्रमुग्ध

**मेजा।** क्षेत्र के औंता गाँव मे पूर्व जिला पंचायत सदस्य यतीश कुमार सिंह उर्फ कलउ के आवास पर शुक्रवार से चल रही सात दिवसीय भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास ने वाराह अवतार सहित विभिन्न प्रसंगों पर कथा सुनाई। कथा के मुख्य यजमान शिवराम मिश्र व रमेश चंद्र मिश्र ने रविवार तीसरे दिन कथा पीठ की आरती पूजन किया उसके बाद कथा व्यास पंडित कमलाशंकर उपाध्याय शास्त्री जी (ज्योतिषाचार्य) ने कथा का शुभारंभ किया ।

कथा व्यास कमलाशंकर उपाध्याय ने वराह अवतार पर कथा विस्तार से सुनाई उन्होंने कहा कि पुरातन काल मे हिरण्याक्ष नाम का एक दैत्य था। उसे पूरी पृथ्वी पर शासन करने की इच्छा थी। इसलिए वह पृथ्वी को लेकर समुद्र में जाकर छिप गया। पृथ्वी को डूबता देख सभी देवी देवताओं ने भगवान विष्णु से प्रार्थना की कि झ्र हे भगवन् आप पृथ्वी को डूबने से बचा लीजिए। क्योंकि इस पर ही संपूर्ण मानव समाज को अपना जीवन बिताना है। अगर पृथ्वी नहीं होगी तो मानव सभ्यता नहीं बचेगी। इसलिए हे करुणानिधान दीनों पर कृपा कर पृथ्वी को बचाइए।



सभी देवताओं की पुकार सुन भगवान विष्णु ने वराह अवतार लिया। यह अवतार भगवान के अन्य अवतारों से बहुत अलग था। सभी देवी देवताओं ऋषि-मुनियों ने उन्हें इस रूप में देखकर उनकी स्तुति की। साथ ही प्रार्थना की कि वह हिरण्याक्ष से पृथ्वी को छुड़ाकर उसका वध कर दें। ताकि जीवों को दैत्यों के अत्याचार सहने के लिए मजबूर न होना पड़े। विष्णु जी ने वराह अवतार लेकर समुद्र में छुपे हिरण्याक्ष को ढूंढा। जब उससे पृथ्वी लेने लगे तो उसने युद्ध के लिए भगवान वराह को ललकारा। दैत्य हिरण्याक्ष की ललकार सुनकर भगवान विष्णु को क्रोध आया। भगवान वराह और दैत्य हिरण्याक्ष में भीषण युद्ध छिड़ा। जिसके बाद उन्होंने हिरण्याक्ष का वध कर दिया। भगवान वराह समुद्र से पृथ्वी को अपने दातों पर रखकर बाहर ले आए और पृथ्वी की पुनर्स्थापना की। इसके अलावा कथा व्यास ने कई प्रसंगों पर कथा सुनाई । इस दौरान कथा के आयोजक राघवेंद्र मिश्र व पूर्व जिला पंचायत सदस्य यतीश कुमार उर्फ कलऊ सिंह ने क्षेत्र के लोगों से अपील किया है कि वह कथा में पधार कर कथा सुने और अपने जीवन को धन्य बनाएं ।

## प्रोन्नति पाकर दरोगा बने मुख्य आरक्षी को थाना अध्यक्ष ने लगाया स्टार



मुख्य आरक्षी को स्टार लगाते थानाध्यक्ष

**उतरांव।** शासन की ओर से दी गई प्रोन्नति के बाद उपनिरीक्षक बने मुख्य आरक्षी को उतरांव थाना अध्यक्ष ने स्टार लगाएं और उन्हें पदोन्नति की बधाई देते हुए अपने कर्तव्य को मुस्तैदी के साथ अंजाम देने का संदेश दिया। रविवार को थाना अध्यक्ष श्रावन कुमार व वरिष्ठ उपनिरीक्षक महेश चन्द ने प्रोन्नति पाकर उपनिरीक्षक बने कन्हैया लाल को स्टार लगाकर प्रोन्नति मिलने की बधाई दी ।उन्हें मुस्तैदी के साथ अपने कर्तव्य को अंजाम देने का संदेश दिया। इनके अतिरिक्त उपनिरीक्षक अरविन्द यादव, राम अवतार यादव महेश चन्द, अनिकेत सिंह आदि पदोन्नति पाए उपनिरीक्षक को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## उमेश पाल के परिवार में अपनी सुरक्षा के लिए जताई चिंता, मां, पत्नी ने मुख्यमंत्री से लगाई सुरक्षा की गुहार

**प्रयागराज।** कमिश्नरेट के धूमनगंज इलाके में राजू पाल हत्याकांड के चश्मदीद गवाह उमेश पाल हत्याकांड में परिवार वालों को अब सुरक्षा का डर सताने लगा है। उमेश पाल की 90 साल की मां शांति देवी और पत्नी जया पाल ने इस संबंध में सीएम योगी और पुलिस प्रशासन से गुहार लगाई है। सास बहू ने रविवार को बताया कि उन्हें अलग-अलग नंबरों से लगातार फोन पर धमकी दी जा रही है, कि पूरे मामले में चुप्पी साधे लें अन्यथा उनका भी है ।उनका हाल भी उमेश जैसा ही होगा। इन धमकियों से पूरा परिवार डरा सहमा हुआ है। दोनो ने सीधे तौर पर अपनी सुरक्षा को बढ़ाने और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मुलाकात करके अपनी पीड़ा कहने की बात कही है। साथ ही मृतक उमेश पाल की मा शांति देवी ने अपनी बहू के लिए आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।

बीएसपी विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की पत्नी जया पाल ने रविवार को कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री की बात पर तब तक भरोसा नहीं है, जब तक वह कुछ कार्यवाही करके नहीं दिखाते। मैं अपने पति के हत्यारों के लिए फांसी की सजा की मांग करती हूं। जया पाल ने कहा कि वह खुद मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी बात कहना चाहती हूं। मेरी मांग साफ तौर से योगी सरकार से है कि जब तक मेरे पति के हत्यारों को मिट्टी में नही मिला दिया जाता, तब तक सीएम की बात पर भरोसा कठिन है। उमेश की मां शांति पाल ने कहा कि यू बहू के पास अब आय का कोई साधन नहीं है, इसलिए उसे आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। उनका बेटा उमेश पाल घर का इकलौता कमाने वाला था।

राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल के हत्या की घटना को लेकर विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के बीच गरमागरम बहस हो गई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा था कि बबूल के पेड़ आपने बॉय हैं तो गुलाब के फूल कैसे खेलेंगे हम उमेश पाल के हत्यारों को मिट्टी में मिला देंगे क्योंकि हमारे एकमात्र लक्ष्य माफिया राज को खत्म करना है उसके बाद सिद्धार्थ नाथ सिंह द्वारा भी परिवार से मिलकर या आश्वासन दिया गया था लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विधानसभा के बयान और सिद्धार्थ सिंह द्वारा दी गई सांत्वना पर परिवार को कोई भरोसा नहीं है।

## संक्षेप

### किशोरी लापता अनहोनी की आशंका

**कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली इलाके के एक गांव की किशोरी स्थानीय बाजार में सिलाई का काम सीखती थी। शुक्रवार को वह घर से काम सीखने के लिए निकली थी। इसके बाद घर नहीं लौटी। किशोरी के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू किया पर कोई पता नहीं चल सका। शनिवार को पीड़िता की मां थाने पहुंची और मामले की षिकायत पुलिस से किया। पुलिस ने गुमसुदगी दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। किषोरी के लापता होने के बाद से परिजन अनहोनी की आशंका से भयभीत हैं।

### अदालत के आदेश पर दर्ज हुआ मारपीट का केस

**कौशाम्बी।** फतेहपुर जिले के सुल्तानपुर घोश निवासी जयचंद्र तीन महीने पहले गुलामीपुर आया था। इसी दौरान बजय निवासी गनपा से उसकी मामूली बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद आरोपित ने साथियों के साथ मिल पीट दिया। जितसकी षिकायत पीड़ित ने पुलिस से किया पर कोई सुनवाई नहीं हुई। अदालत के आदेष पर सैनी पुलिस ने आरोपित अजय व उसके साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### कड़ाधाम मुख्य मार्ग पर बह रहा गंदा पानी

**दारानगर,कौशाम्बी।** शाक्तिपीठ कड़ाधाम के मुख्य मार्ग इन दिनो चर्चा का विषय बनी हुई है। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा मुख्य मार्ग के बाये तरफ नाली का गढ्ढा खोदकर गायब है और दाहिने तरफ की नालियां न बनने से घरो का गंदा पानी मुख्य मार्ग पर बह रहा है। जिससे कडाधाम आनेवाले श्रृध्दालूओ को समस्या का सामना करना पड़ रहा है और साथ ही साथ संक्रमण का खतरा भी बना हुआ है। ऐसे में कहीं न कहीं लोगों ने आक्रोश देखा जा रहा है।

# फंदे पर लटका युवक, मौत, रहस्य बरकरार

**वारदात**

**पत्नी से विवाद की रही चर्चा, छिटपुट या फिर कोई था बड़ा रहस्य**

**कोखराज के टिकरा का मजरा कोखराज गांव में हुई वारदात पड़ताल में जुटी खाकी**

**सिराथू, कौशाम्बी।** कोखराज कोतवाली अंतर्गत टिकरा मजरा कोखराज गांव में रविवार की सुबह घर के अंदर कमरे में स्थित पंखे के चुल्ले लटकी युवक की लाश मिली। वारदात देख परिवार के लोग हैरान हो गए। वहीं चीख पुकार पर पहुंचे मुहल्ले के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि युवक ने आत्म हत्या किया या फिर उसके साथ कोई अनहोनि हुई इसकी पड़ताल में खाकी जुट गई थी।

थाना क्षेत्र के टिकरा ग्राम मजरा कोखराज गांव निवासी सुनील कुमार सरोज पुत्र श्रीनाथ सरोज (30) सुबह तकरीबन दस बजे घर के अंदर फंखे के चुल्ले में रस्सी के सहारे लटकी लाश देखी गई। हालांकि परिजनों द्वारा बताया जा रहा हैं कवह अभी कुछ दिनों के लिए मुम्बई गया था और अपने साथ पत्नी बच्चों को भी ले गया था। लगभग 15 दिन रहने के बाद वह घर वापस आ गया। घर आने के बाद पत्नी से झगड़ा शुरू हो गया और मानसिक तनाव व गुमसुम रहने लगा। अब सवाल इस बात का उठ रहा है कि आखिर मृतक ने आत्मघाती कदम क्यों उठाया, अब यदि उसकी पत्नी से विवाद हो रहा था तो आखिर किस मामले को लेकर। हालांकि यदि बुद्धिजीवियों के बीच हो रही चचाओं पर जाएं तो कहा जा रहा है कि यदि पति पत्नी का छिटपुट विवाद होता तो युवक आत्म घाती कदम नहीं उठाता। लेकिन यदि उसने पत्नी के विवाद से आत्म हत्या किया है तो कहीं न कहीं कोई बड़ा रहस्य न रहा हो। हालांकि पुलिस प्रकरण की छानबीन में जुट गई है। वहीं घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुराहाल रहा।



घटना के बाद रोते विलखते परिजन

### घटिया सामाग्री पर ग्रामीणों ने जताया आक्रोश

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के चमंधा में सड़क निर्माण में गुणवत्ता का पालन न होने से ग्रामीणों में नाराजगी है। इससे गुस्साए लोगों ने रविवार को प्रदर्शन करते हुए जांच कराए जाने की मांग की। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में लापरवाही का आरोप ठेकेदार पर लगाया है।

## यातना से आजिज आकर विवाहिता ने की थी खुदकुशी

**कौशाम्बी।** करारी कोतवाली के शाहपुर टिकरी गांव में तीन दिन पहले हुई विवाहिता की संदिग्ध मौत ने नया मोड़ ले लिया है। मृतका के भाई का आरोप है कि ससुरालियों की यातना से आजिज कर उसने मौत को गले लगाया है। शनिवार को मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित पति समेत छह लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

सरायअकिल कोतवाली के किशुनपुर अंबारी निवासी कमलेश कुमार ने बताया कि दो साल पहले उसने बहन गीता की शादी शाहपुर टिकरी गांव में लवकुश के साथ किया था। शादी के बाद से ही ससुराल वाले प्रताड़ित कर रहे थे। आरोप है कि ससुरालियों की प्रताड़ना से आजिज आने के बाद बुधवार को उसने आत्महत्या कर लिया। बहन के साथ हुए जुल्म की जानकारी युवक को हुई तो वह शनिवार को थाने पहुंचा। मृतका के भाई कमलेश की तहरीर पर करारी पुलिस ने आरोपित पति के साथ केशनलाल, लव प्रसाद, बड़की देवी, छल्लू समेत आधा दर्जन लोगों के खिलाफ गंभीर धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की तहकीकात शुरू कर दी है। युवती के खुदकुशी करने के बाद से परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है।

### पड़ोसी ने विवाहिता को बेरहमी से पीटा

**कौशाम्बी।** करारी कोतवाली के सालेपुर गांव की जसमा पत्नी इब्राहिम का पड़ोसी गुफरान ने विवाद हो गया। इसके बाद आरोपित ने युवक को बेरहमी से पीट दिया। विवाहिता को पिटता देख घर परिवार के लोगों ने बीच-बचाव करते हुए मामला शांत कराया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## राज्यमंत्री ने कराया सर्वे तो सामने आई हकीकत

**भरवारी के गुलाबसेन नगर मुहल्ला में राज्यंत्री ने की थी बैठक**

**कौशाम्बी।** राज्यमंत्री कारागार सुरेश राही ने आठ फरवरी को भरवारी के शहीद गुलाब सेन नगर के गौशाला मोहल्ला में बैठक की थी। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मांगा था। मामले को गंभीरता से लेते हुए राज्यमंत्री ने मोहल्ले का सर्वे कराया तो बड़ी संख्या में लोग पात्र मिले, लेकिन योजना से वंचित थे। अब इनकी सूची ईओ ने अफसरों को भिजवाई है।

शहीद गुलाब सेन नगर के बड़ी संख्या में लोग वृद्धावस्था, दिव्यांगजन पेंशन, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, निराश्रित महिला पेंशन, शौचालय, विधवा पेंशन आदि से वंचित थे, जबकि योजनाओं के लिए पात्र थे। आठ फरवरी को मोहल्ले में राज्यमंत्री सुरेश राही पहुंचे तो लोगों ने शिकायतों की झड़ी लगा दी। राज्यमंत्री ने ईओ शैलेद्र मिश्र को निर्देश दिया था कि शिविर लगाकर मोहल्ले के पात्रों को योजनाओं का लाभ दिया। बड़ी संख्या में लोगों की सूची बनाई गई है। इस सूची को विभागवार भेजा गया है। अब लोगों को उम्मीद है कि उन्हें योजनाओं का लाभ आसानी से मिल जाएगा।

### 56 लोगों ने मांगा शौचालय

**कौशाम्बी।** भरवारी नगर पालिका के शहीद गुलाब सेन नगर ने 56 लोगों ने शौचालय की मांग की है। इनकी सूची बनाने के बाद अधिकारियों को भेज दिया है। मोहल्ले की सीता, काजल, उर्मिला, मनीषा, सावित्री, रूषमा, सोना देवी, फूलकली आदि लोगों ने शौचालय की मांग की है। इन सभी लोगों का नाम सूची में डाला गया है।

# गंगा कछार से लेकर यमुना की तराई पर खाकी की पैनी निगाह

## मामला उमेश पाल हत्याकांड का, कछारी इलाके में तलाश जारी

**कौशाम्बी।** उमेश पाल के हत्यारोपियों की तलाष में गंगा कछार से लेकर यमुना तराई का चप्पा खंगाला जा रहा है। संभावित ठिकानों पर दबिष जारी है। इस क्षेत्र में माफिया अतीक के करीबियों के घर हैं। क्षेत्र के कई लोगों पर अतीक के साथ मुकदमा दर्ज किया गया है। राजू पाल हत्याकांड गवाह का आरोपी कवि भखंदा का ही रहने वाला है। यही कारण है कवह इलाके पर पुलिस का सारा फोकस है।

यमुना तराई के भखंडा, खोंपा, कटैया, चपहुंवा, पुरखास, गौसपुर कटहुला, शेरगढ़ व गंगा कछार के हटवा, असरौली, कोखराज, रूप नारायणपुर सैलाबी आदि गांवों में अतीक के करीबियों की पूरी जमात है। इनका सीधा संबंध अतीक अहमद व उनके परिजनों से था। उमेष पाल की हत्या के बाद ऐसे लोगों को पुलिस ने चिह्नित करना षुरू कर दिया है। दबिष भी दी जा रही है। इन इलाकों में पहुंचकर पुलिस लगातार जांच कर रही है। घटना वाले दिन इस इलाके के संदिग्ध लोग कहां थे, इनकी एक-एक गतिविधि को पुलिस खंगाल रही है। जिले की पुलिस के अलावा प्रयागराज की टीम पूरी तरह से सक्रिय है। पूरामुफ्ती, संदीपन घाट, पिपरी, चरवा, कोखराज थाना में अतीक गैंग से जुड़े लोगों के खिलाफ दर्ज एफआईआर को खंगालकर लोगों की खोजबीन की जा रही है। पुलिस बड़े पैमाने पर अपना जाल बिछाकर इस मामले की जांच कर रही है। सीओ चायल ष्यामकांत, सीओ सिराथू डॉ. केजी सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीमें इस मामले में सक्रिय हैं।

## उमेश पाल हत्याकांड : सड़क पर अलर्ट दिखी खाकी

**विशेष दस्ते के साथ पुलिस टीम ने वाहनों की ली गई सघन तालाशी**

**कौशाम्बी।** प्रयागराज के चर्चित राजूपाल हत्याकांड के बाद वारदात के मुख्य गवाह रहे उमेश पाल की शुक्रवार को बेरहमी से हत्या कर दी गई। इसे लेकर कौशाम्बी पुलिस भी चैकन्ना हो गई है। एसपी के निर्देश पर घटना के तीसरे दिन भी पुलिस जिले की सीमाओं पर अलर्ट दिखी। पुलिस विभाग के विषेश दस्ते ने मार्ग से गुजरने वाले वाहनों की सघन तालाषी ली। हालांकि इस दौरान कोई भी संदिग्ध गतिविधियां नहीं मिली।

25 जनवरी 2005 को प्रयागराज में बसपा से विधायक रहे राजू पाल को शूटरों ने गोलियों से भून डाला था। इस मामले में माफिया अतीक अहमद का नाम सामने आया। प्रदेष की भाजपा सरकार ने माफिया अतीक के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्यवाई की। अतीक उसका भाई अषरफ व बेटा मौजूदा समय जेल में है। माफिया की करोडों रुपये की सम्पत्ति पर बुल्डोजर चला। इसे लेकर माफिया राज का प्रयागराज से लगभग खात्मा होना तय माना जा रहा था। अब राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह रहे उमेश पाल की गोलियों से छलनी कर हत्या कर दी गई। उमेष का गनर भी घटना में मारा गया। ऐसे में लोगों के जेहन पर वर्श 2005 में हुई घटना तरोताजा हो गई। प्रयागराज का सीमावर्ती जिला होने के कारण कौशाम्बी में भी किसी तरह का बवाल या अपराधियों के पनाह लेने की खुफिया सूचना मिलने के बाद पुलिस चैकन्ना है। एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव सहित कई थानों की फोर्स ने प्रयागराज बार्डर पर बैरीकेडिंग कर सघन तलाशी कराई जा रही है। अन्य थाना क्षेत्रों में भी वाहनों को चेक करने के बाद ही गंतब्य तक भेजा गया। यह चैकसी रविवार को भी देखने को मिली । जिले भर की फोर्स सडक पर पर मौजूद रहकर वाहनों को चेक करती रही। चायल चैकी इंचार्ज मनोज तोमर सड़क पर पुलिस टीम के साथ अलर्ट रहते हुए वाहनों की सघन तलाशी लेते देखे गए।

## केंद्र सरकार के वर्तमान बजट से कौशांबी का होगा सर्वांगीण विकास : सांसद

**कौशाम्बी।** केन्द्र सरकार के नौं वर्ष पूरे होने पर सेवा सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित सरकार द्वारा अमृतकाल के पहले बजट पर रविवार को सांसद विनोद सोनकर ने डायट मैदान स्थित प्रदर्शनी में पत्रकारों से वार्ता किए। इस दौरान सांसद ने केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ के बारे में जानकारी दिए। उन्होने बताया कि नौं वर्षो में जिस प्रकार से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीबो के कल्याण के लिए योजनाएं चलाई और उन योजनाओं का लाभ पत्रों को मिला है, इसके पहले किसी के सरकार में ऐसा देखने को नहीं मिला है। इस दौरान सांसद ने बताया कि केन्द्र सरकार ने सात विन्दुओं पर मजबूती दी है। जिसमें समावेशी विकास, वंचितों को वरीयता, बुनियादी ढाचें और विका, क्षमता विस्तार,हरित विकास, युवा शक्ति, वित्तयीय क्षेत्र को मजबूती दी। उन्होने बताया कि 20 लाख करोड़ रुपए का ऋण वितरण, कृषिपशुपालन व डेयरी उद्योग हेतु प्रावधान किया गया है। 20 लाख किसानों कों क्रेडिटकार्ड बनाया जायेगा जिससे किसानोंको ऋण बाटने में असानी हो। 60 हजार करोड़ रुपए किसान सम्माननिधि। 22 सौ करोड़ रुपए बागवानी व खेती के लिये। 6 हजार करोड़ रुपए मत्स्य पालन। 4.60 लाख रुपए मधुमक्खीपालन। 90 हजार करोड़ गोबरधन योजना। लोकसभा कौशाम्बी कृषिप्रधान जिले की श्रेणि मे आताहै। जनपद का मुख्य व्यवसाय कृषि आधारित है। सरकार द्वारा अमृतकाल के बजट में गरीब कृषकों के लिये 1.25 लाख करोड़ रुपए का आवांटन का प्रावधान किया गया है, इससे कौशाम्बी जनपद के गरीब किसानो को निश्चित तौर परलाभहोगा व जनपद की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी संदीप मिश्रा धर्मराज मौर्य जय प्रकाश विश्वकर्मा केडी त्रिवेदी तारा वर्मा रमेश पाल वह सांसद के मीडिया प्रभारी राजेंद्र पांडे समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




प्रेस वार्ता में जानकारी देते सांसद विनोद सोनकर

## घटिया निर्माण होने पर ग्रामीणों ने बंद कराया निर्माण कार्य

**कौशाम्बी।** सिराथू ब्लाक के कैमा गांव में रविवार को निमार्णाधीन नाले का निर्माण ग्रामीणों ने बंद करा दिया। घटिया निर्माण कार्य होने से ग्रामीण नाराज थे। इस दौरान ग्रामीणों ने जमकर हंगामा भी किया। मामले की शिकायत ग्रामीणों ने अधिकारियों से की है। साथ ही गुणवत्ता युक्त कार्य कराने की मांग की है।

पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से कैमा गांव में आठ सौ मीटर नाला निर्माण कार्य कराया जा रहा है। रामबाबू प्रजापति के घर से संजय यादव के घर तक नाला का निर्माण हो चुका है। लोगों का आरोप है कि घटिया सामग्री का इस्तेमाल निर्माण में किया जा रहा है। मानक की खुलेआम ठेकेदार अनदेखी कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि दीवार की मोटाई कम है। जैसे-जैसे नाला निर्माण आगे बढ़ रहा है, मोटाई कम होती जा रही है। चैड़ाई भी मानक के अनुसार नहीं है। कहीं कम तो, कहीं ज्यादा चैड़ाई ली गई है। घटिया मसाला का प्रयोग किया जा रहा है। इससे नाला ज्यादा दिन टिकने वाला नहीं है। रविवार को ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हुए। निर्माण कार्य कर रहे लोगों से सवाल-जवाब किया। ठेकेदार से लोगों ने बातचीत की। इस दौरान हंगामा भी हुआ। नाराज लोगों ने निर्माण कार्य बंद करवा दिया है। साथ ही मौके से ही अधिकारियों को फोन करके जानकारी दी गई। ग्रार्मीणों की मांग है कि पहले जांच कराई जाए, इसके बाद कार्य शुरू कराया जाए। इस मौके पर सोनू विश्वकर्मा, भोला सिंह, आकाश यादव, शिवभवन, संजय यादव आदि लोग रहे।

## ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई की कराई जाए बेहतर व्यवस्था : सीडीओ

**कौशाम्बी।** पंचायतीराज विभाग द्वारा आयोजित ग्राम प्रधानों, सचिव ग्राम पंचायत एवं पंचायत सहायकों आदि के साथ रविवार को सीडीओ ने स्वच्छता गोष्ठी कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि ग्राम सचिवालय में सभी सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी रोस्टर के अनुसार उपस्थित रहें तथा आमजन की समस्याओंध्सुझाओं को रजिस्टर में अंकित कर ए0डी0ओ0 (पंचायत) एवं बी0डी0ओ0 के माध्यम से सम्बन्धित अधिकारी को पत्र प्रेषित कराकर समस्या का निस्तारण करायी जाय। उन्होंने कहा कि रोस्टर के अनुसार सम्बन्धित अधिकारीध्कर्मचारी ग्राम सचिवालय में उपस्थित रहे, अनुपस्थित पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामों में पेयजल की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय तथा खराब हैण्डपम्प को नियमानुसार शीध्र ठीक कराया जाय। उन्होंने ग्राम प्रधानां से कहा कि सहभागिता योजना के तहत गोवंशो की सुपुर्दगी कार्य में प्रगति लायी जाय। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय तथा अवश्यकतानुसार कूड़ा गाडी क्रय करने की कार्यवाही की जा सकती है। उन्होंने कहा कि आपरेशन कायाकल्प के तहत प्राथमिक विद्यालयों में सभी कार्या को सुनिश्चित करायी जाय।

ग्राम पंचायतो में निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने के दृष्टिगत जनपद में 23 कन्सल्टिंग इन्जीनियरों की तैनाती की गयी है, जिन्हें ग्राम पंचायत वार विभाजित करते हुये तैनात दिया गया है। जनपद में 04 अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया है। जनपद में 02 बहुउद्देशीय पंचायत भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया है। जनपद में 21 कॉमन सर्विस सेण्टर का निर्माण कराया गया है, जिसके माध्यम से ग्रामीण जनमानस को शासकीय योजनाओं की सुविधायें प्रदान की जा रही है।



बैठक में मौजूद लोग

### पिता-पुत्र को पीटकर किया लहूलुहान

**कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली के जवई गांव में मामूली विवाद में पड़ोसियों ने पिता-पुत्र को बेरहमी से पीटते हुए लहूलुहान कर दिया। ग्रामीणों के बीच-बचाव करने पर आरोपित भाग निकले। देर शाम पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। जवई निवासी सेवा लाल का पड़ोसी से पुराना विवाद चल रहा है। मामूली बात पर आरोपित मोहन आगबबूला हो गया है। इसके बाद परिजनों के साथ मिल सेवा लाल को दबोचकर पीटना शुरू कर दिया। पिता के साथ मारपीट देख बेटा बब्लू बीचबचाव करने पहुंचा तो आरोपितों ने उसकी भी पिटाई कर दी। पिता-पुत्र के साथ मारपीट देख घर-परिवार के साथ मोहल्ले के अन्य लोग मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के बीचबचाव करने पर आरोपित धमकी देते हुए भाग निकले। पिटाई के बाद पीड़ित बेटे के साथ थाने पहुंचा और मामले की नामजद तहरीर पुलिस को दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मोहनलाल, जितेन्द्र समेत चार लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पड़ोसियों की पिटाई व धमकी के साथ से पीड़ित परिवार डरा-सहमा हुआ है।

### पट्टीदारों ने दंपती को पीटा, शिकायत

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के कैनी गांव में मामूली विवाद में पट्टीदारों ने पड़ोसी के घर हंगामा करते हुए दंपती को पीट दिया। मारपीट देख मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे। लोगों ने बीच-बचाव करते हुए मामला शांत कराया। चैकी पहुंच पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कैनी निवासी मिथलेश कुमार का पड़ोसी छोटका से जमीनी विवाद चल रहा है। जमीन कब्जे को लेकर कई बार कहासुनी हो चुकी है। तीखी झड़प के बाद आरोपित ने घर वालों के साथ मिल मिथिलेश के घर धावा बोल दिया। घर में घुसकर तोड़फोड़ करने का विरोध करने पर आरोपितों ने मिथलेश व उसकी पत्नी को पीट दिया। मारपीट देख घर-परिवार के साथ मोहल्ले के अन्य लोग भागकर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के बीचबचाव करने पर आरोपित पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। दबंगों के चंगुल से छूटा युवक भागकर चैकी पहुंचा और मामले की शिकायत पुलिस से की। पीड़ित दंपती का प्राथमिक उपचार कराने के बाद पुलिस ने आरोपित छोटका, छोटी व पुजेरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### पड़ोसन के घर दबंगों ने मचाया उत्पात, की मारपीट

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के कमासिन गांव में दबंगों ने पड़ोसन को बेरहमी से पीट दिया। मारपीट देख घर-परिवार के साथ मोहल्ले के अन्य लोग भागकर मौके पर पहुंचे। पीड़िता की तहरीर पर पुलिसने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। कमासिन निवासी उर्मिला देवी पत्नी फूलचंद्र का पड़ोसी बच्चू पाल से जमीनी विवाद चल रहा है। दोनों के बीच कहासुनी हो गई। इसके बाद पड़ोसी ने साथी के साथ मिल घर पर धावा बोल दिया। घर में घुसकर दबंगों ने विवाहिता को बेरहमी से पीट दिया। ग्रामीणों के बीच-बचाव करने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। देर शाम पीड़ित शिकायत लेकर थाने पहुंची और मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने पीड़िता का प्राथमिक उपचार कराने के बाद तहरीर के आधार पर आरोपित हमलावर बच्चू पाल समेत दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## नगर निकाय चुनावों की तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न

**बैठक**

**भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित हुई बैठक**

**कौशाम्बी।** नगर निकाय चुनावों की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी की एक बैठक रविवार को पार्टी के जिला कार्यालय में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता पार्टी की जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी अनिल सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष व निकाय चुनाव के संयोजक धर्मराज मौर्य ने किया।

इस मौके पर पार्टी जिला अध्यक्ष द्वारा नगर निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर पार्टी के चुनाव से जुड़े पदाधिकारियों, प्रभारियों व मंडल प्रमुखों से चर्चा की गई। जिला प्रभारी अनिल सिंह ने कहा कि चुनाव नजदीक है पार्टी ने चुनाव की तैयारियों को लेकर दिशा निर्देश दे दिया है उसे के अनुसार पदाधिकारियों को बूथ स्तर पर मजबूती से काम करते हुऐ पार्टी को इस चुनाव में जीत दिलानी है। इस मौके पर चुनाव की तैयारियों की जिम्मेदारी का निर्वाहन कर रहे पदाधिकारियों से कार्यों की समीक्षा भी की गई। इस मौके पर प्रमुख रूप से अनिता त्रिपाठी, अनिल सिंह, धर्मराज मौर्य, दीप चन्द्र दिवाकर, राकेश पाण्डेय, चन्द्र दत्त शुक्ला, वेद प्रकाश सत्यार्थी, रिंकू मौर्य, शीलू पाण्डेय, कमल कुशवाहा, महेश लोधी, जितेन्द्र साहू, तारा देवी, शांताराम पाण्डेय, संजय जयसवाल, संगीता सरोज, निशीथ श्रीवास्तव, बच्चा चैधरी, ज्योति केशरवानी सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद भाजपा के पदाधिकारी



चयनित उपनिरीक्षकों को नियुक्ति पत्र देते एडीजी

## नवचयिनत उपनिरीक्षकों को एडीजी ने दिया नियुक्ति पत्र

**कौशाम्बी।** पिछले दिनों चयनित हुए उपनिरीक्षक पद पर कौशाम्बी के युवकों को रविवार को एडीजी ने नियुक्ति पत्र दिया है। इस दौरान जिले के नव चयनित सौरभ सिंह निवासी म्योहर व अंकुर मिश्रा निवासी पांडेय मऊ को एडीजी ने नियुक्ति पत्र दिया है। हालांकि सौरभ सिंह ने बताया कि एडीजी के हाथों नियुक्ति पत्र पाने के बाद वह अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे थे, हालांकि उनके इस कामयाबी पर उनके परिवार के लोग में भी खुशी देखी गई। इतना ही नहीं एडीजी ने पुलिस कप्तान को भी निर्देशित किया है कि नवचयनित उप निरीक्षकों को होली के उपरांत प्रशिक्षण आदि दिलाया जाए।

## संक्षेप

### विवाहिता को घर से निकाला केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने महिला उत्पीड़न तथा पत्नी की मौजूदगी में उसे तालाक देकर दूसरी शादी किए जाने को लेकर गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के खालसा सादात के अब्दुल कयूम की पत्नी नूर अहमदी ने पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें कहा है कि उसकी शादी कोतवाली नगर प्रतापगढ़ के पंचायत सिटी मोहल्ला कालोनी में मो0 नसीम के पुत्र मो0 अनस के साथ उसके मायके खालसा सादात में बारह नवम्बर 2019 को हुई थी। शादी के बाद से ससुराली जन दहेज में पांच लाख रुपए नगद की मांग करने लगे। ससुर कारखाना खोलने के नाम पर पांच लाख न देने पर उसे घर से निकालने की धमकी देने लगे। दहेज की मांग को लेकर ससुराली जन पीड़िता के साथ मारपीट तथा गाली गलौज करते हुए उसे मानसिक प्रताड़ना भी देते रहे। इस बीच दहेज न मिलने से नाराज पति ने चोरी से उसे तीन तलाक देकर उसकी मौजूदगी में दूसरा निकाह कर लिया। आरोपियों ने पीड़िता का दहेज में मिला स्त्री धन भी रख लिया। पीड़िता की तहरीर के आधार पर शनिवार की रात पुलिस ने आरोपी पति नसीम के पुत्र अनस, ससुर मो0 नसीम, सास सलमा बेगम, देवर मो. सारिक व मो. फैसल तथा मो0 अमन व चचेरी ननद रिजवाना के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

# बाइकों की टक्कर में दो की मौत, चार घायल


हादसे के बाद चकनाचूर हुई बाइक

**प्रतापगढ़।** जेठवारा थाना क्षेत्र के डेरवा निवासी अजय मोदनवाल की बाजार में मिठाई की दुकान चलाते है। वह शनिवार को पत्नी सुनीता, बेटी प्राची 10 और बेटे कार्तिकेय के साथ बाइक से अपनी ससुराल अंतू के संडवा चंद्रिका गए थे। देर रात सभी को लेकर बाइक से घर वापस लौट रहे थे। जेठवारा के भावनपुर हनुमान मंदिर के पास उनकी बाइक की सामने से आ रही बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। दूसरी बाइक पर जाकिर (18) सवार थे। हादसे में सभी 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने एंबुलेंस को फोन किया। एंबुलेंस आने में देर हुई तो सड़क से गुजर रहे वाहन से अजय को सीएचसी बाघराय भेजा गया। जबकि उसकी पत्नी, बच्चों और अन्य घायल को लालगंज सीएचसी भेजा गया। बाघराय में अजय मोदनवाल और लालगंज सीएचसी में उसकी बेटी प्राची को मृत घोषित कर दिया गया। अन्य घायलों को मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। मामले में एसओ जेठवारा अभिषेक सिरोही ने बताया कि दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मामले की जांच की जा रही है।

# मेडिकल कालेज में बढ़ी सुविधाएं, डिजिटल हुआ पर्चा काउंटर




**प्रतापगढ़।** डाक्टर सोनेलाल पटेल स्वशासी मेडिकल से संबद्ध राजा प्रताप बहादुर अस्पताल के पर्चा काउंटर को अब डिजिटल सेवा से जोड़ दिया गया है। यानी काउंटर को कंप्यूटरीकृत कर दिया गया है। ओपीडी में आने वाले मरीजों का अब अपना पंजीयन कराना होगा। पर्चा कंप्यूटर से बनेगा। यह सुविधा बढ़ने से एक ओर मरीजों को सहूलियत होगी। दूसरी तरफ पारदर्शिता भी बनी रहेगी। जिले में मेडिकल कालेज की स्थापना के बाद चिकित्सा स्वास्थ के साथ साथ शिक्षा के क्षेत्र में क्षेत्र में तरक्की हो रही है। जिसका लाभ आमजन को मिल रहा है। मरीजों की सुविधा के मद्देनजर अस्पताल में तमाम नई-नई सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। सुविधाओं को हाईटेक करने का भी प्रयास जारी है। इसी क्रम में अस्पताल में ओपीडी के लिए बने पर्चे काउंटर को भी डिस्टल सेवा से जोड़ दिया गया है। पर्चा बनवाने आए मरीजों का बायोडेटा मसलन, नाम, उम्र और लिंग अभी तक रजिस्टर पर अंकित होता था। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा इस पुरानी व्यवस्था को बदल दिया गया है। रजिस्टर के स्थान पर कंप्यूटर की सुविधा प्रदान की गई है। जिसके द्वारा आने वाले मरीजों का पर्चा अब सीधे कंप्यूटर से बनेगा। इससे मरीजों का डाटा कंप्यूटर में फीड होगा मरीज जिस डॉक्टर को दिखाना चाहेगा उस विभाग का नाम भी अंकित होगा। इससे मरीज को इधर उधर भटकने की जरूरत नहीं होगी।

### महिला, पुरुष के लिए अलग होगा कंप्यूटर

ओपीडी पर्चा काउंटर पर महिला और पुरुष के लिए दो अलग अलग कंप्यूटर होंगे। जिसके द्वारा आने वाले मरीज का रजिस्ट्रेशन होगा। इससे भीड़ नहीं होगी। मरीजों को सहूलियत होगी।

### ऐसे होगा रजिस्ट्रेशन

काउंटर पर आने वाले मरीजों का कम्प्यूटर से रजिस्ट्रेशन होगा। जिसमें पहले की तरह पर्चे पर छपा नंबर नहीं होगा। बल्कि खिड़की पर बैठा हुआ डेटा आपरेटर कम्प्यूटर से मरीज को नया नंबर देगा। जो पर्चे पर छपा होगा। यही मरीज का रजिस्ट्रेशन नंबर होगा। पर्चे पर विभाग का नाम भी छपा होगा। फिजिशियन को दिखाना है तो मेडिसीन विभाग छपा होगा। पर्चा एक रुपए में ही बनेगा।

### क्या कहते हैं प्रिंसिपल

इस बारे में मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डॉ सलिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मरीजों का रजिस्ट्रेशन कंप्यूटर पद्धति से होना शुरू हो गया है। दो कंप्यूटर लगाए गए हैं। इससे मरीजों को पहले की अपेक्षा काफी सहूलियत होगी। पारदर्शिता भी बढ़ेगी।

# पुलिस ने चलाया वाहनों की सघन चेकिंग अभियान


वाहनों के कागज चेक करती पुलिस

**प्रतापगढ़।** राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की हत्या के बाद जिले में पुलिस ने रविवार को सघन चेकिंग अभियान चलाया। एसपी के निर्देश पर हाइवे समेत लिंक मार्गों पर पुलिस हर गाड़ियों को रोककर चेक करने लगी। पुलिस चेकिंग से बाइक सवार इधर उधर भागने लगे। हत्या के बाद से ही प्रतापगढ़ की पुलिस प्रयागराज अयोध्या हाइवे पर सघन नाकाबंदी कर हर गाड़ियों की तलाशी ले रही है। इसके अलावां अमेठी-कोहड़ौर सीमा क्षेत्र की सड़कों समेत जिले की प्रमुख मार्गों पर पुलिस की ताबड़तोड़ चेकिंग चल रही है।

### ट्रेनों के रद्द होने से बिजनेस पर नहीं है असर, दूसरे जिलों में जाकर यात्री पकड़ रहे ट्रेन

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ में दोहरीकरण से ट्रेनों का संचालन बंद है। ट्रेनों के रद्द होने का असर रेलवे की कमाई पर नहीं पड़ रहा है। जिनका आरक्षण हैं वे बकायदा ट्रेनों में सफर कर रहे हैं। यह अलग बात है कि ट्रेनों को पकड़ने के लिए उन्हें दूसरे स्टेशनों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। जिससे उनकी परेशानी जरूर बढ़ गई है। जिसमें धन के साथ साथ समय भी बर्बाद हो रहा है। अंतू, प्रतापगढ़ के बीच रेलवे डबल रेल लाइन का काम जोरों पर है। इसके लिए ट्रेनों का संचालन 20 से लेकर 28 फरवरी तक बंद कर दिया गया है। केवल वही ट्रेनें इस रूट पर चल रही है जो सुबह आठ से पहले और शाम छः बजे के बाद वाली है। जिसमें पद्मावत, काशी विश्वनाथ, सरजू और साप्ताहिक ट्रेनें शामिल है। खास बात यह है दूसरे रूटों से जा रही ट्रेनों को पकड़ने में परेशानी से बचने के लिए यात्री अकसर यात्रा कैंसिल कर देते हैं। मगर ऐसा हो नहीं रहा है। यात्री ट्रेन छोड़ नहीं रहे हैं। भले ही उनको ट्रेन पड़कने के प्रतापगढ़ की जगह फाफामऊ, रायबरेली, सुल्तानपुर, जंघई बस से अतिरिक्त किराया देकर क्यों न जाना पड़ रहा हो। यात्रियों का कहना है कि बड़ी मुश्किल से आरक्षण मिला है। उसको आसानी से नहीं छोड़ सकते हैं।

# चौपाल में सांसद विनोद सोनकर ने सुनी समस्या, दिए निर्देश


चौपाल में सांसद का स्वागत करते हुए


चौपाल में उपस्थित भीड़

**चौपाल**

**सरकार की योजनाओं का किया बखान**

**प्रतापगढ़।** जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से निस्तारण कराएं अधिकारी। बड़ी उम्मीद के साथ लोग जनप्रतिनिधियों के पास आते हैं। समय से जन समस्याओं का निस्तारण हो। सरकार की योजनाएं समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे इसकी भी चिंता अधिकारी करें। केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा गांव, गरीब, किसान, युवाओं के लिए सरकार काम कर रही है। यह बातें कौशांबी-प्रतापगढ़ लोकसभा के सांसद विनोद सोनकर ने रविवार को बाबागंज के अशोगी गांव में आयोजित चैपाल में कही। सांसद ने चौपाल में आये सभी के प्रार्थना पत्रों पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में अनगिनत जन कल्याणकारी योजनाएं चल रही है। सरकार की योजनाएं आम जनमानस तक पहुंच रही है। मेरे प्रस्ताव पर कुंडा के मवई व बाबूगंज में रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज बनाने के लिए रेल मंत्रालय ने संस्तुति दी है। सौ करोड़ की लागत से कुंडा में पहला ओवर ब्रिज बनने जा रहा है। रायबरेली से प्रयागराज तक सड़क फोरलेन बनाई जा रही है। आलापुर में बाईपास का कार्य चल रहा है। करेंटी में गंगा पुल बनने से कुंडा व कौशांबी में व्यापार बढ़ा है। कुंडा में रोडबेज स्टेशन का मरम्मत का कार्य चल रहा है। रेलवे लाइन का दोहरीकरण व विद्युतीकरण के लिए पचास करोड़ रुपए रेलवे ने स्वीकृत कर दिया है। अब कुंडा व बाबागंज विधानसभा का विकास कार्य निरंतर जारी रहेगा। सांसद ने कुण्डा व बाबागंज विधानसभा के दोनों क्षेत्रों में विकास की गंगा बहाने की कई योजनाएं बताई। उन्होंने केंद्र व प्रदेश साकार की योजनाओं का जमकर बखान किया। इस दौरान राजन मिश्र, कमलेश सोनकर, सांसद मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, अभय प्रताप सिंह पप्पन, खंड विकास अधिकारी अश्वनी सोनकर, अमर जीत सिंह, उदय शंकर मिश्र सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# वाहिद बनाये गए टैक्स बार एसोसिएशन के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य


वाहिद का माला पहनाकर स्वागत करते लोग

**प्रतापगढ़।** जिले के टैक्स बार एसोसिएशन अध्यक्ष वाहिद हुसैन सिदिकी को प्रांतीय संगठन दि० उत्तर प्रदेश टैक्स बार एसोसिएशन का कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। उनके सम्मान में रविवार को नगर के एक होटल में समारोह का आयोजन किया गया। इसके अलावां टैक्स बार एसोसिएशन प्रतापगढ़ पंजीकृत के संरक्षक ओम प्रकाश खंडेलवाल एवं मनोज कुमार को को प्रांतीय संगठन में जोनल कन्वीनर की जिम्मेदारी दी गई। प्रांतीय संगठन की कार्यकारिणी में चयनित सदस्यों को बार के सभी अधिवक्ताओं ने बधाई दी। वाहिद हुसैन सिदिकी ने अधिवक्ताओं को आभार व्यक्त करते हुए संगठन के साथ अधिवक्ता हित में सदैव कार्यशील रहने का वचन दिया। उन्होंने कहा कि प्रांतीय संगठन कर-अधिवक्ताओं के साथ हमेशा खड़ा रहेगा। इस मौके पर अधिवक्ता अजय गुप्ता, डी०के गुप्ता, नीरज तिवारी, उमेश तिवारी, प्रशांत हिन्द, आदित्य खंडेलवाल, संतोष सिंह, चन्द्र कुमार पाण्डेय, दीपक मौर्या, संतोष शर्मा, संतोष सिंह सोमवंशी, दुर्गेश श्रीवास्तव, ज्ञान प्रकाश विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।


## अधिवक्ता उमेश पाल के हत्यारोपी न पकड़े गये तो रूरल बार प्रदेश व्यापी छेड़ेगा आन्दोलन : ज्ञान प्रकाश शुक्ल




**प्रतापगढ़।** रविवार को जिला कचेहरी में ऑल इंडिया रुरल बार एसोसिएशन की बैठक प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा की अध्यक्षता में हुई। संचालन जिला अध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा ने किया। बैठक में अधिवक्ताओं पर लगातार हो रहे हमले पर आक्रोश व्यक्त किया। बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ला द्वारा एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग को लगातार ज्ञापन के माध्यम से राज्यपाल को भेजते रहे। इसके बावजूद प्रदेश सरकार द्वारा यह कानून बनाये जाने में अनदेखी की जा रही है। बैठक में कहा गया कि सरकार की लापरवाही से अधिवक्ताओं पर लगातार हमले उनकी हत्या और उत्पीड़न किया जा रहा है। रूरल बार द्वारा पुरजोर मांग की जा रही कि प्रदेश सरकार द्वारा अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट जल्द से जल्द लागू किया जाए। बैठक में वकीलों ने प्रयागराज के अधिवक्ता उमेश पाल की जघन्य हत्या के विरोध में सोमवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपने का निर्णय लिया। मांग की गयी है कि अधिवक्ता उमेश पाल के हत्यारों को जल्द से जल्द पकड़ कर उनके ऊपर कठोर से कठोरतम कार्यवाही करें। अन्यथा प्रदेशभर के अधिवक्ता सड़क पर उतरने को बाध्य होंगे। बैठक में दिवाकर सिंह, मनीष सिंह, दिव्यंत सिंह, आसिफ सिद्दीकी, जितेंद्र सिंह भोले, शिव नायक सिंह, राहुल गुप्ता, सचिंद्र सिंह, अमजद, अरुण सिंह, राजू, सद्दाम, प्रशांत सिंह, कौशलेंद्र सिंह, अरुण पासवान आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# प्राथमिक स्कूल के तीन बच्चों का सैनिक स्कूल में चयन, शिक्षक ने पेश की मिशाल


श्रेया सिंह


वंशिका पटेल


किरन सिंह


अंजनी कुमार सिंह (शिक्षक)

**प्रतापगढ़।** विकासखंड सडवा चंद्रिका के प्राथमिक विद्यालय रामपुर प्रान के तीन बच्चों ने प्रतियोगी परीक्षा के जरिए सैनिक स्कूल में एडमिशन के लिए सफलता पाई है। इस सफलता के पीछे विद्यालय के शिक्षक अंजनी कुमार सिंह की कठिन मेहनत और तपस्या ने यहां के गरीब बच्चों की मेधा को तरासने का अनवरत प्रयास किया है। बता दें कि जहां प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों की संख्या घट रही है वही इस विद्यालय में शिक्षक अंजनी कुमार की कर्मठता से बच्चों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। बताया गया कि शिक्षक के मेहनत से बच्चे प्रतिवर्ष कहीं न कहीं अपने को चयनित कराने में सफलता प्राप्त कर रहे हैं। पिछले वर्ष भी यहां के दो बच्चों आर्य विक्रम सिंह एवं कश्मी सिंह का सैनिक स्कूल में चयन हुआ था। जबकि दो बच्चे निहारिका सिंह एवं श्रेया विश्वकर्मा ने नवोदय विद्यालय में प्रवेश लेने में सफलता पाई थी। इन सब के पीछे विद्यालय के शिक्षक अंजनी कुमार सिंह का योगदान है। भदोही के रहने वाले अंजनी कुमार सिंह एक शिल्पी की तरह बच्चों में मेधा देखते हैं और उन्हें प्रोत्साहित करते हुए अपने निजी पैसे से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराते हैं। इस बार सैनिक स्कूल में वंशिका पटेल, श्रेया सिंह, आर्य ने सफलता प्राप्त करके प्राथमिक विद्यालय को गौरवान्वित किया है। शिक्षक अंजनी कुमार सिंह की बच्चों की पढ़ाई के प्रति लगन व उनकी कर्मठता की बीएसए व एबीएसए सराहना कर रहे हैं। विद्यालय में बच्चों द्वारा लगातार सफलता अर्जित करने पर आसपास के विद्यालयों में भी शैक्षिक वातावरण मजबूत किया जा रहा है।

# दहेज उन्मूलन, नशामुक्ति व चरित्र निर्माण के लिए निकली शोभा यात्रा

**शोभा यात्रा**

**संत गोविन्ददास के बोध दिवस पर संत रामपाल के अनुयायियों ने शोभायात्रा निकालकर सामाजिक कुरीतियों को मिटाने के लिए लोगों को जागरूक किया**


शोभा यात्रा में शामिल लोग

**प्रतापगढ़।** लालगंज नगर पंचायत में रविवार को दहेज उन्मूलन, नशामुक्त व चरित्र निर्माण के लिए सद्गुरू शोभायात्रा निकाली गयी। संत गोविन्ददास के बोध दिवस पर संत रामपाल के अनुयायियों ने नगर के इन्दिरा चैक से डिग्री कॉलेज गेट होते हुए संगम चैराहे तक शोभायात्रा निकालकर सामाजिक कुरीतियों को मिटाने के लिए लोगों को जागरूक किया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल रहीं। कार्यक्रम के संयोजक भूनेश्वर पाण्डेय भगत ने कहा कि सामाजिक नव निर्माण के लिए दहेज जैसी कुरीति को मिटाने के साथ युवाओं को नशामुक्त किया जाना आवश्यक है। सहसंयोजक उमाशंकर भगत ने चरित्र निर्माण को लेकर सामाजिक चेतना का आह्वान किया। शोभा यात्रा में कृष्णा दास, अखिलेश दास, दुष्यंत भगत, यशोदादासी, भावना, राजकुमारी सहित बड़ी संख्या में अनुयायी मौजूद रहे।

## दूसरे को खड़ाकर जमीन का करा लिया बैनामा तीन पर केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** पिता के स्थान पर दूसरे को खड़ा कर जमीन का बैनामा अपनी पत्नी के नाम करा लिया। मामले में पुलिस ने भाई की तहरीर सगे भाई व उसकी पत्नी समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की लेकर गांव से लेकर तहसील तक चर्चा का विषय बना हुआ है। कुंडा के नई बाजार रहवई गांव निवासी देवनारायण पुत्र रामशंकर ने पुलिस को तहरीर दी। आरोप है कि उसके भाई धीरेन्द्र कुमार ने पिता के स्थान पर दूसरे व्यक्ति को खड़ाकर करीब एक हेक्टेयर जमीन का बैनामा प्रवीण तिवारी ने अपनी पत्नी विमल तिवारी के नाम करा दिया। कूट रचित अभिलेखों के जरिए कराए गए फर्जी बैनामे की जानकारी होने पर उसने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने देवनारायण की तहरीर पर धीरेन्द्र कुमार, विमल तिवारी उसकी पत्नी प्रवीणा तिवारी के खिलाफ विभिन्न धाराओ में रिपोर्ट दर्ज की है।

# निरंकारी मिशन के स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान



सफाई अभियान चलाते निरंकारी मिशन के स्वयंसेवक

**प्रतापगढ़।** संत निरंकारी मिशन द्वारा रविवार को नगर के बेल्हादेवी तट सई नदी में सफाई अभियान चलाया। स्वच्छता अभियान सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राज पिता रमित के सानिध्य में चलाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में मिशन के अनुयायियों ने नदी में उतरकर नदी तट के इर्दगिर्द क्लीन किया। स्वच्छ जल स्वच्छ मन कार्यक्रम के तहत बेल्हा देवी मंदिर के तट पर सई नदी को स्वच्छ बनाने के लिए कूड़ा करकट की सफाई की गई। स्वयंसेवकों की भारी भीड़ रविवार की सुबह दो घंटे नदी में फेंके गए प्लास्टिक, अपशिष्ट पदार्थ व नदी के किनारों से हटाते देखे गए। कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा भी मौजूद रहे। इस मौके पर विजय सिंह, राधेश्याम, रामप्यारे विश्वकर्मा, शिवशरण, रामजतन, संजय, उमाशंकर, पंकज कौशल, उमेश चंद्र, शालिग राम मौर्य, आशीष कुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में निरंकारी मिशन के लोग मौजूद रहे।

## जनसंपादकीय

# बिहार: अब सत्ता संघर्ष अगड़ा बनाम पिछड़ा नहीं, पिछड़ा बनाम पिछड़ा है

**शशि शेखर**



मंडल कमिशन लागू होने के 3 दशक बाद, यह सवाल भी उठना लाजिमी है कि क्या अब सत्ता का संघर्ष अब उन्हीं के बीच होना शुरू हो गया है, जो कभी कंधे से कंधा मिला कर बिहार की सत्ता से अगड़ी जातियों को हटाने के लिए मोर्चा निकालते थे. खुद को कपूरी ठाकुर का शिष्य बताने वाले लालू यादव हो या नीतीश कुमार या स्वर्गीय रामविलास पासवान, इन सभी लोगों की मंडलवादी राजनीति इसी बात के लिए थी कि कैसे बिहार में बहुसंख्यक जाति का राज पूरी हनक के साथ कायम हो. लेकिन, 15 साल के लालू शासन के दौरान ही, नीतीश कुमार या स्वर्गीय राम विलास पासवान के रास्ते अलग होते चले गए. हालांकि, तब इस अलगाव का कारण विशुद्ध निजी पॉलिटिकल महत्वकांक्षा थी न कि किसी प्रकार के सोशल चेंज का असर.

आज के बिहार में करीब-करीब जाति आधारित कोर वोट के दम पर कई पार्टियां बन चुकी है. चाहे मुकेश सहनी की वीआईपी पार्टी हो, पप्पू यादव की जन अधिकार पार्टी हो, मांझी की हम हो या फिर अब उपेन्द्र कुशवाहा की नई पार्टी. इन सबकी भी निजी महत्वाकांक्षा है लेकिन 3 दशक के सोशल चेंज का असर भी अब साफ दिखने लगा है.

इस सब के बीच एक तथ्य यह भी है कि उपेन्द्र कुशवाहा पहले भी रालोसपा बना कर भाजपा के साथ मिल कर चुनाव लड़ चुके है. उसके बाद उन्होंने अपनी पार्टी का विलय जद(यू) में कर लिया था. लेकिन, मामला वहाँ से बिगड़ना शुरू हुआ जबसे नीतीश कुमार ने यह कहना शुरू किया कि 2025 चुनाव का कमान तेजस्वी संभालेंगे. जाहिर है, उपेन्द्र कुशवाहा ने जिस उम्मीद में अपनी पार्टी का विलय जद (यू) में किया था, वह उम्मीद इस अकेले बयान ने ध्वस्त कर दिया. जाहिर हैं, उपेन्द्र कुशवाहा टिकट बांटने वाले हैसियत के नेता हैं, जो एक टिकट के लिए नीतीश कुमार या तेजस्वी यादव के भरोसे नहीं रह सकते थे. फिर, नीतीश कुमार की मुखालफत कर पार्टी से एक टिकट तक लेना कितना कठिन है, यह जार्ज फर्नांडीज से ले कर शरद यादव तक के केस में लोगों ने देखा है. ऐसे में, उपेन्द्र कुशवाहा के पास और क्या विकल्प हो सकता था?

बिहार के एक क्षेत्रीय दल के नेता इन पंक्तियों के लेखक के साथ अनौपचारिक बातचीत में कहते है कि वन्दोपाध्याय कमेटी की रिपोर्ट को देखना चाहिए. वे दावा करते हैं कि इस कमेटी के अनुसार बिहार में पिछले 30 सालों में जमीन का सबसे ज्यादा हस्तांतरण यादवों और कुर्मी के हाथों हुआ है. तो राजनीति और आर्थिक (जमीन के मामले में भी) जब यही दो जातियां लगातार मजबूत होती गयी है, तो अन्य ओबीसी जातियों के बीच इसे ले कर बेचैनी होगी. और शायद यह भी एक बड़ी वजह है कि सत्ता में अब अधिक से अधिक हिस्सेदारी के लिए जातीय अस्मिता के नाम पर राजनीतिक दलों का गठन होने लगा है. लेकिन कुछ दलित चिंतक यह भी मानते है कि असली लड़ाई अभी भी बैकवार्ड बनाम फॉरवार्ड ही है. अभी भी संसाधनों के बंटवारे का आंकलन किए जाने की जरूरत है और इस बात का असेसमेंट होते रहना चाहिए कि जातीय अस्मिता के आधार पर बनने वाली पार्टियों के एजेंडा में सोशल जस्टिस शामिल है या नहीं.

बहरहाल, उपेन्द्र कुशवाहा और नीतीश कुमार की जोड़ी कभी बिहार की राजनीति में लव-कुश (कोईरी-कुर्मी) की जोड़ी मानी जाती थी. लालू यादव के खिलाफ नीतीश कुमार की मुनादी में इस समीकरण का एक बड़ा योगदान रहा है. लेकिन, नीतीश कुमार कुर्मी जाति से आते हैं, जिसका बिहार की जनसंख्या में तकरीबन 4 से 5 फीसदी की हिस्सेदारी है जबकि उपेन्द्र कुशवाहा जिस जाति से आते हैं उसकी हिस्सेदारी 8 से 9 फीसदी है. और निश्चित ही उपेन्द्र कुशवाहा यह जानते होंगे कि चुनावी लोकतंत्र में सिर गिने जाते है, तौले नहीं जाते. फिर भी एक समय तक नीतीश कुमार इस समीकरण के निर्विवाद नेता रहे. लेकिन सत्ता के शीर्ष में हिस्सेदारी का विवाद ही था कि एक सीमा के बाद यह समीकरण टूटता चला गया. हालांकि, जातीय अस्मिता या जातीय हिस्सेदारी के आधार पर दल बना कर उपेन्द्र कुशवाहा कितना राजनीतिक लाभ ले पाएंगे या 2024 के लोक सभा चुनाव में वे एक बार फिर भाजपा के एजेंडे को मजबूत बनाने का काम करेंगे, इसका जवाब आने वाले समय में पता चलेगा लेकिन 1990 के बरक्श 2023 के बिहार की राजनीतिक तस्वीर इस बात का संकेत है कि अब लड़ाई ह्लअपनोंह्व के बीच ही है.

उपेन्द्र कुशवाहा प्रकरण और इस बहाने सत्ता के लिए ओबीसी बनाम ओबीसी संघर्ष का मुद्दा और कई चिंताएं भी अपने साथ ले कर आता है. मसलन, सांप्रदायिकता और धार्मिक ध्रुवीकरण का जवाब कभी भी जातीय ध्रुवीकरण से नहीं दिया जा सकता है. सांप्रदायिकता को रोकने के लिए जाति को हथियार बनाने की कोशश करना भी मूर्खता ही मानी जाएगी. यह वैसा ही होगा जैसे आग से आग को बुझाने की कोशिश की जाए. सांप्रदायिकता की आग से जल रहे देश को जातिवाद की आग से बचाया नहीं जा सकता बल्कि और यह जलेगा ही. बिहार में कुछ क्षेत्रीय दल इसी तरह की आग फैलाना चाहते है और 90 के दशक का बिहार (जातीय संघर्ष) बनाना चाहते है. इस वक्त बिहार में जो हो रहा है उससे ओबीसी बनाम ओबीसी का टकराव भी बढेगा, लेकिन ऐसा होना बिहार के हित में कभी भी अच्छा नहीं होगा. क्या यह अच्छा होगा कि कुशवाहा-कुर्मी को लड़ा दिया जाए या दलित-महादलित को लड़ा दिया जाए?

बहरहाल, बिहार में 90 का दशक जहां इस बात का गवाह रहा कि कैसे सत्ता के संघर्ष में पिछड़ों ने एकजुट हो कर अगड़ों को शिकस्त दी. 90 के बाद से तकरीबन यह साफ हो गया कि जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी. इस लिहाज से सत्ता का शीर्ष एक तरह से ओबीसी के लिए पिछले 33 सालों से रिजर्व होता दिखा. लेकिन, अब यह संघर्ष ओबीसी के बीच तक जा पहुंचा है. यह एक ऐसी सच्चाई हैं, जिस पर राजनीतिक बाध्यता के कारण भले कोई खुल कर कुछ न कहना चाहे, लेकिन मौजूदा बिहार में ऐसा हो रहा है. बिहार महागठबंधन के लिए आने वाले चुनावों में ओवैसी फैक्टर, चिराग फैक्टर और अब कुशवाहा फैक्टर, का सामना करना पहले से कहीं बड़ी चुनौती साबित हो सकती है.

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# फिजी में हिन्दी का हासिल

## देशांतर

**प्रो संजीव कुमार दुबे**



दक्षिण प्रशांत महासागर के मध्य स्थित फि जी के दिनाराउ द्वीप के सात सितारा शेरेटन होटल में १२ वें विश्व हिन्दी सम्मेलन का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। एयरपोर्ट से आयोजन स्थल तक बड़े-बड़े होर्डिंग लगाए गए थे, जिनमें फिजी भाषा में बुला और हिन्दी में लिखा नमस्ते आगंतुकों को आयोजन स्थल पर आमंत्रित कर रहे थे। फि जी विधि-विधानों से उद्घाटन के साथ तीन दिवसीय विश्व हिन्दी सम्मेलन की शुरूआत हुई। सभागृह विश्व भर के हिन्दी प्रेमियों से खचाखच भरा था। पीछे बड़ी संख्या में लोग खड़े भी दिखाई दिए। स्थानीय फीजियन कर्मकाण्डों के साथ उद्घाटन समारोह को देखना एक अलग अनुभव था। कर्मकांडों को देख नाक-भौं सिकोड़ने की जगह समावेशिकता का भाव सभी में दिखाई दिया। उद्घाटन समारोह को देखते हुए हिन्दी फि ल्मों में चित्रित आदिवासी समाज के क्रिया कलाप के दृश्य याद आ रहे थे। मंच पर फि जी राष्ट्रपति और भारत के विदेश मंत्री उपस्थित थे। दोनों विनम्रतापूर्वक कर्मकांडीय विधानों का अनुपालन कर रहे थे। भारतीय प्रतिनिधि मंडल में आए लगभग तीन सौ लोगों को दिनाराऊ द्वीप के विभिन्न महँगे होटलों में ठहराया गया था। ये लोग उन भाग्यशालियों में थे जिन्हें दस फरवरी को अपराह्न में प्रतिनिधि मंडल में शामिल किए जाने की सूचना दी गई और तेरह फरवरी की सुबह विशेष विमान से फिजी चलने के लिए एयरपोर्ट पर पहुँचने का आग्रह किया गया था।

आयोजन के तीनों दिन बड़ी संख्या में भारतीय और फि जी मूल के स्वयंसेवक आवभगत में लगे रहे। महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक थी। महिलाओं और पुरुषों ने अपने एक कान में फूल सजा रखे थे जो रूप की शोभा बढ़ाने के साथ संकेतक का भी काम कर रहे थे। उत्सुकता जाहिर करने पर एक स्थानीय महिला स्वयंसेवक ने बताया कि यदि किसी ने बाएँ कान पर फूल सजा रखे हैं तो इसका मतलब वह अविवाहित है और यदि दाएँ कान पर फूल सजे हैं तो समझिए कि विवाहित। उद्घाटन की रस्मों के बाद भाषण और प्रपत्र प्रस्तुति का सिलसिला शुरू हुआ। सत्रों में अफरातफरी का माहौल देखा गया। समानांतर सत्रों में किसे कहाँ बोलना है इसकी स्पष्टता नहीं थी। विश्व हिन्दी सम्मेलन की वेबसाइट पर भी कोई जानकारी साझा नहीं की गई थी। आयोजन समिति से जुड़े लोगों ने सोशल मीडिया पर गर्व से घोषित किया कि मैंने तैयारी अमुख विषय पर की थी और बोलने के लिए विमुख सत्र में कहा गया है। विनम्रता का आलम यह था कि नये विषय की विशेषज्ञता और तैयारी के न होते हुए भी वे अतिरिक्त समय लेकर बिना रुके बोलते रहे, तो कुछ लोग खाली मंच के पोडियम पर फोटो खिंचवा कर सोशल मीडिया पर पोस्ट करते देखे गए। सम्मेलन का मूल विषय 'पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम मेधा तक' रखा गया था पर सत्रों के विभाजन और वक्ताओं के चयन में मूल विषय से संगति का घोर अभाव था। जहाँ एक तरफ सरकारी प्रतिनिधि मंडल को सात सितारा सुख-सुविधा प्राप्त थी वहीं विदेश मंत्रालय के आग्रह पर विभिन्न संस्थाओं द्वारा नामित प्रतिनिधियों और सामान्य प्रतिभागियों को विश्व हिन्दी सम्मलेन की वेबसाइट पर उल्लेख के बावजूद एयरपोर्ट और होटल से आयोजन स्थल तक ले जाने और लौटाने की व्यवस्था के बारे में बताने को कोइ तैयार नहीं था। विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन का आयोजन 1975 से आरंभ हुआ है। अब तक कुल १२ आयोजन हो चुके हैं। प्रत्येक आयोजन में कुछ प्रस्ताव पारित होते हैं पर उनके कार्यान्वयन पर गंभीरता का अभाव आयोजन को कर्मकांड तक सीमित कर देता है।

भारत और फि जी द्वीप समूह का रिश्ता लगभग डेढ़ सदी पुराना है। माना जाता है कि यूरोपीय औपनिवेशिक देशों द्वारा फि जी पर आधिपत्य के पहले अफ्रीकी मूल के लोग यहाँ आकर बसे थे। 1874 में ब्रिटेन ने फि जी को अपना उपनिवेश बना लिया और गुलाम देशों के नागरिकों को फि जी भेजने का सिलसिला शुरू हुआ। 14 मई, 1879 को पहला ब्रिटिश जहाज विभिन्न भाषा भाषी भारतीय मजदूरों को लेकर फि जी पहुँचा था। 1879 से 1916 के बीच 87 जहाजों में भरकर लगभग 61000 भारतीयों को शर्तबंदी मजदूर के रूप में गन्ने के खेतों मे काम करने के लिए लाया गया। इन मजदूरों में हिन्दी प्रदेशों के अवधी, भोजपुरी अंचल के गिरमिटियों की बहुतायत के साथ अन्य अहिन्दीभाषी मजदूर भी थे। भारतीय गिरमिटिया मजदूरों की एकता, भाईचारे और संस्कृति की भाषा के रूप में 'फि जी बात' यानी फि जी हिन्दी का विकास हुआ। आज फि जी हिन्दी फि जी द्वीप समूह की तीसरी राजभाषा है। फि जी के कई रेडिओ चैनलों पर हिन्दी के गीत लगातार सुनाए जाते हैं। फि जी की कई टैक्सियों में यात्रा के दौरान फगुआ-चौताल सुनने का भी मौका मिला। टैक्सी ड्राइवर सतीश चंद ने बताया कि बसंत पंचमी के बाद से ही मुहल्ले में फगुआ चौताल गाने की शुरूआत हो जाती है। डेढ़ सदी बाद भी बिरहा, चौताल, फाग, बिदेसिया, सोहर, लोरी और आल्हा जैसे मूल भूमि के लोक गीतों से अटूट जुड़ाव हृदय को अभिभूत कर देता है।

भारत में अंग्रेजों का शासन आरंभ होने से लेकर 1920 तक भारतीय क्षेत्रों से शर्तबंदी मजदूरों को विभिन्न उपनिवेशों पर खेती करने के लिए ले जाया गया। अनुबंध तो पाँच साल का किया गया था पर आर्थिक परिस्थितियों के दबाव और जानकारी के अभाव के चलते ज्यादातर लौट नहीं पाए। भारत में यह वो दौर था जब निम्न-मध्य वर्ग के लोगों में विदेश यात्रा को अच्छा नहीं माना जाता था। जिन्हें गिरमिटिया के तौर पर ले जाया गया वे विभिन्न भाषा क्षेत्रों के थे। समाजिक-आर्थिक कारणों से ज्यादातर निम्न जाति और वर्ग से ताल्लुक रखते थे। इनके लिए लौट कर अपने समाज में पुनः जगह बनाना इतना आसान नहीं रहा होगा। लिहाजा समुद्री द्वीपों को अपना वतन मान वे वहीं बस गए। भाषा, धर्म और रीति रिवाजों का कड़ाई से पालन ही वतन से दूरी पाटने का जरिया बना। आर्य प्रतिनिधि सभा, सनातन धर्म सभा जैसी संस्थाओं ने भी इनके बीच कार्य किया। इन संस्थाओं ने गिरमिटियों का आध्यात्मिक नेतृत्व किया। अपनी सामाजिक-वर्गीय स्थिति के कारण इन लोगों ने शारीरिक परिश्रम करने में कोई कमी नहीं की। अपने अपने देशों में विकास के लिए इन लोगों ने अपना खून-पसीना बहाया। राजनीतिक स्तर पर भी इन्हें सफलता मिली। कई देशों में गिरमिटियों की पीढ़ी के लोगों ने देश का शीर्ष नेतृत्व भी संभाला। फि जी में तोताराम सनाढ्य, अमिचंद्र विद्यालंकार, कमला प्रसाद मिश्र, जोगिंदर सिंह कँवल, विवेकानंद शर्मा, अमरजीत कौर और सुब्रमनी ने हिन्दी भाषा की अलख जगाई। तोताराम सनाढ्य गांधी जी के अनन्य अनुयायी थे। गिरमिटियों के अधिकारों के लिए उन्होंने बहुत काम किया। ह्लफि जी द्वीप में मेरे २१ वर्षह्व नामक पुस्तक में उन्होंने भारतीयों पर किये जा रहे जुल्मों का कच्चा चिट्ठा सबके सामने रखा। फि जी में गिरमिट प्रथा की समाप्ति में उनकी पुस्तक की बड़ी भूमिका है। अमिचंद्र विद्यालंकार ने फि जी में भारतीयों के लिए शिक्षा की व्यवस्था का प्रारंभिक प्रयत्न किया।पंडित कमला प्रसाद मिश्र को फि जी का राष्ट्र कवि कहा जाता है। उनकी रचनाओं में भारतीय मजदूरों की फि जी यात्रा और उनके संघर्षों की वेदना का चित्रण है। मूलतः मलयाली सुब्रमनी के हिन्दी के पितामह का दर्जा प्राप्त है। 'डउका पुरान' और 'फि जी मां' उनकी उल्लेखनीय कृतियाँ है। वर्तमान में उत्तरा गुरुदयाल, मनीषा रामरखा, सुभाषिणी, प्रवीणा, नरेश चंद, रोहिणी कुमार, श्यामला आदि हिन्दी अध्यापन और लेखन में सक्रिय हैं।

भाषा मानव समुदायों को कैसे जोड़ती है इसका उत्कृष्ट नजारा फि जी में देखने को मिलता है। भारत के विभिन्न प्रांतों से गिरमिटिया के रूप में फि जी लाए गए मजदूरों की एक भाषा नहीं थी। अमानवीय ब्रिटशों ने गुलाम देशों से लाए मजदूर दंपतियों तक को अलग-अलग समूहों में मजदूरी के लिए भेजा। जो जिस मालिक के खेतों में काम करने गया उसने वहाँ एक नई ज़िंदगी शुरू की। भाषा ही नहीं नस्ल का भेद भी उन्हें नई ज़िंदगी शुरू करने से नहीं रोक सका। परिणामतः सब एक दूसरे से न सिर्फ.घुलमिल गए बल्कि उन्होंने हिन्दी को अपनी भाषा के रूप में अपना लिया जिसमें मुख्यतः अवधी की शब्दावली इस्तेमाल होती है। भारत में विभिन्न भाषा-भाषियों के बीच राजनीतिक कारणों से तनाव पैदा करने की कोशिश होती है पर यहाँ भाषा, धर्म और नस्ल तक को हिन्दी जोड़े हुए है। फि जी में पहले बसनेवाले अफ्रीकियों की बस्ती में एक अफ्रीकी मूल के व्यक्ति को हिन्दी बोलते सुन मन आह्लादित हो गया। फि जी के किसी चौक, चौराहे, दुकान-बाजार में लोग हिन्दी बोलते लोग मिल जाएँगे। यहाँ के लोगों में भारत के प्रति एक उत्सुक स्नेह भाव है। तीसरी-चौथी पीढ़ी के भारतीय फिजियों को यह नहीं पता कि उनके पूर्वज भारत के किस राज्य या ज़िले से लाए गए थे। इसका एक कारण उनके पूर्वजों का छोटी उम्र का और निरक्षर होना था। बावजूद इसके वे तुलसी के रामचरितमानस को अपने साथ लाए थे। गोरे मालिकों के अमानवीय अत्याचारों को दिन भर सहने के बाद भी शाम को मानस का पाठ करना वे नहीं भूलते थे। आज फि जी में लगभग दो हजार मानस पाठ करनेवाली मंडलियाँ हैं। कहने में अतिशयोक्ति नहीं कि तुलसी के रामचरितमानस ने फि जी में भारतीयों को न सिर्फ. सांस्कृतिक रूप से जोड़ा अपितु हिन्दी भाषा की मजबूत बुनियाद रखी। यह जानना रोचक है कि दुनिया भर में तिथि का निर्धारण करनेवाली अंतरराष्ट्रीय डेटलाइन फि जी से होकर गुजरती है। सुदूर पूरब में होने के कारण भारत से साढ़े छह घंटे पहले फि जी में सूर्योदय होता है। यदि फि जी के सूर्योदय और और मारीशस के सूर्यास्त के बीच दिन का मान निकाला जाए तो कह सकते हैं कि हिन्दी का सूरज दिन के बीस घंटे जगमगाता है।



भारतीय मूल के फीजियों की आबादी बहुत बड़ी असमानता की शिकार है। कुछ भारतीय यहाँ बहुत बड़े-बड़े उद्योगों और मालों के मालिक हैं तो बड़ी संख्या उन लोगों की है जो आज भी लीज पर ली जमीनों पर खेती कर रहे हैं या छोटी मोटी नौकरी कर गुजारा कर रहे हैं। न उनके पास अपनी जमीन है न अपनी जमीन पर मकान। आसमान तब भी उनका था और आज भी आसमान सा खालीपन उनकी आँखों में देखा जा सकता है। दो दिनों से फि जी घुमा रहे टैक्सी ड्राइवर सतीश चंद को हमने तीन सौ तीस डालर का भुगतान किया। फि जी के बाजारों में छोटी मोटी जरूरतों का सामान खरीदते हुए हमने जाना कि इस कमाई से पाँच लोगों का उनका परिवार बड़ी मुश्किल से ही चलता होगा। सतीश चंद का अपने पिता के प्रति प्रेम देख हम भावुक हो उठे। यात्रा के दौरान हमने उन्हें खाखरा खाने को दिया जो उन्हें पसंद आया। जब हमने दुबारा लेने का आग्रह किया कि तो उन्होंने बड़े संकोच से एक खाखरा अपने पिता के लिए लेकर रख लिया। सतीश चंद पुराने हिन्दी सिनेगीतों में गहरी रुचि रखते हैं। मुकेश और किशोर कुमार के गाए नग्मों को आप उनसे कभी भी सुन सकते हैं। फि जी में पर्यटन आय का प्रमुख स्त्रोत है। भारतीय मूल के लोगों की बड़ी आबादी के बावजूद भारतीय पर्यटक बहुत कम फि जी आते हैं। यहाँ पर्यटन के लिए आनेवालों में ज्यादातर आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, जापान और अमेरिका के होते हैं। फि जी के दर्शनीय समुद्री तटों और द्वीपों पर होटल व्यवसायियों ने कब्जा कर रखा है। होटल वालों ने प्रायवेट बीच बना रखे हैं जो सिर्फ. होटल में निवास करनेवाले पर्यटकों के लिए सुलभ हैं। हमारा होटल वायलोआलोआ बीच पर स्थित था। वायलोआलोआ का मतलब काला पानी होता है। काली रेत होने के कारण पानी का रंग गहरा स्लेटी है। नातंडोला फि जी का सबसे बड़ा और खूबसूरत बीच है। गुजरातियों की फि जी में बहुत समृद्ध आबादी है। ये लोग गिरमिटिया के रूप में नहीं बल्कि व्यवसायी के रूप में यहाँ आए थे। इनकी भी दूसरी और तीसरी पीढ़ी व्यापार संभाल रही है। जो गिरमिटिया मजदूरी करने आए उनमें से कई भारत इसलिए नहीं लौट सके कि उनके पास किराये तक की पूँजी नहीं थी। आज वे अपने पूर्वजों की भूमि तक से परिचित नहीं हैं। जबकि व्यवसाय से जुड़े भारतीय अपने राज्य और समाज से गहरा जुड़ाव रखते हैं। शादी विवाह जैसे पारिवारिक आयोजनों में दोनों तरफ से आवाजाही निरंतर बनी हुई है। फि जी के कुछ इलाकों में समृद्ध भारतीय व्यवसायियों से ईर्ष्या और द्वेष की भावना भी देखी जाती है। एक स्थानीय व्यवसायी ने बताया कि भारत के लोग सामने और पीठ पीछे एक जैसा बर्ताव नहीं करते जबकि यहाँ के मूल निवासी सहज विश्वासी और अपनी बात पर अडिग रहते हैं। मूल फि जी समाज और भारतीय मूल के फीजियों के बीच भाईचारे की स्थिति है। मूल फीजियों मे सामाजिक खुलापन अधिक है। नैतिकता के बंधन उतने कड़े नहीं हैं। जबकि भारतीय मूल के लोगों में नैतिक बंधन अभी भी काफी कठोर हैं। यही कारण है कि भारतीय मूल के लोग स्थानीय फीजियों से एक सांस्कृतिक दूरी बरतते हैं। बावजूद इसके एक ही फि जी परिवार में एक साथ हिन्दू, मुसलिम और ईसाई धर्म का पालन करने वाले सहजता से मिल जाएँगे।

फि जी के स्कूलों और कॉलेजों में हिन्दी के प्रति रुझान कम हो रहा है। फि जी में भारतीय मूल के लोगों की चौथी पीढी तक के लिए हिन्दी अपने पूर्वजों की संस्कृति और संस्कारों से जुड़ाव की भाषा रही, पर अब उसे रोजगार और कैरियर से जोड़ कर देखा जाने लगा है। सम्मेलन के एक स्टॉल पर रिया ऋषिका से मुलाकात हुई। वह बीएड द्वितीय वर्ष की छात्रा है। अपनी संस्कृति और संस्कारों से गहन लगाव की भावना के चलते उसने हिन्दी विषय में स्नातक करने का निश्चय किया। रिया को उनकी निरक्षर माता ने हिन्दी में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया है। रिया की माता गृहिणी हैं और पिता इलेक्ट्रीशियन। रिया की शिक्षिका सुभाषिनी लता ने बताया कि अब भारतीय अभिभावकों की रुचि बच्चों को हिन्दी पढ़ाने में नहीं रही। उन्होंने बताया कि फि जी में विद्यार्थियों को प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर एक विषय के रूप में हिन्दी चुनने का विकल्प दिया जाता है। फि जी के तीनों विश्वविद्यालयों में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर हिन्दी पढ़ाई जाती है। फिजी के दुसरे बड़े महानगर लौतोका में गिरमिट संस्कृति केंद्र की स्थापना फि जी में गिरमिटियों के आगमन की एक शताब्दी पूरी होने पर 1979 में की गई थी। काउंसिल की स्थापना में हिन्दुओं, मुसलमानों, ईसाइयों और सिखों की संस्थाओं ने सामूहिक रूप से सहयोग दिया है। 1981 में भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी ने इस केंद्र का उद्घाटन किया था। वहां पहुँचने पर पता चला कि गिरमिटिया मजदूरों के जीवन से जुड़ी कोई स्मृति संग्रहित नहीं है। केंद्र के सचिव ने बताया कि यह केंद्र दोनों देशों की सरकारों की उपेक्षा का शिकार है। यह केंद्र फि जी गिरमिट काउंसिल के द्वारा संचालित है जिसकी स्थापना केंद्र के सचिव की ज़िम्मेदारी संभाल रहे तमिल भाषी सेल्वा नंदन ने शुद्ध हिन्दी में बताया कि उन्होंने केंद्र को उसके उद्देश्यों के अनुरूप विकसित करने के लिए अनुदान हेतु फि जी और भारत की सरकारों को कई बार लिखा पर उनके पत्रों की नोटिस तक नहीं ली गई। नंदन जी बताते हैं कि केंद्र के लिए आबंटित जमीन का बड़ा टुकड़ा विकास की राह देख रहा है।

फि जी के गिरमिटियों का कष्ट अभी कटा नहीं है। अभी भी निम्न-मध्य आय वाले भारतीय फीजियों की आबादी अधिक है। अभी तक भाषा और संस्कृति के जतन से अपनी जड़ों से जुड़े होने का गर्व और गौरव भाव जो पिछली पीढ़ी तक बना आया था वह नई पीढ़ी से नदारद होता जा रहा है। गिरमिटिया देशों में विश्व हिन्दी सम्मेलनों के आयोजन का सांस्कृतिक महत्व अधिक है। ये ज्यादातर छोटे देश हैं। इन देशों की भारतीय मूल की आबादी में भारत अपनी भाषा और संस्कृति का प्रचार सहजता से कर सकता है। यहाँ के विद्यार्थियों को भारतीय शैक्षिक संस्थानों में अध्ययन एवं शोध के लिए फेलोशिप का विशेष प्रावधान किया जा सकता है। एक स्थानीय फि जी अध्यापिका ने बताया कि भारत सरकार फि जी को कई तरह की मदद देती है।

भारत को अपनी मदद के दायरे में भाषा और संस्कृति को भी लाना चाहिए। भाषा और संस्कृति से जुड़े विद्यार्थियों, शिक्षकों और संस्थाओं के लिए भी ठोस मदद की जानी चाहिए। ऐसा कर के भारत गिरमिटिया देशों की नई पीढ़ी में अपने मूल वतन के प्रति प्यार और सम्मान की भावना जगाई जा सकती है। विश्व की पाँचवीं महाशक्ति की दहलीज पर खड़े भारत को अपने सॉफ्ट पॉवर पर भी ध्यान देना होगा। फि जी, मॉरीशस आदि भारतीय मूल की आबादी वाले देशों में भारतीय भाषाओं और संस्कृति के विकास के लिए विशेष पैकेज का प्रावधान करना चाहिए। भूलना नहीं चाहिए कि महाशक्तियाँ अपनी भाषा और संस्कृति के फैलाव के लिए हरसंभव प्रयास करती हैं।

फि जी वासी लंबे समय से विश्व हिन्दी सम्मेलन के आयोजन की प्रतीक्षा कर रहे थे। कोरोना महामारी की वजह से आयोजन में विलंब हुआ। विश्व हिन्दी सम्मेलन का फि जी में आयोजन यहाँ के लोगों को न सिर्फ.भाषा से जोड़ने में सहायक होगा अपितु भारतीयता की भावना को भी मजबूत करेगा। यह आयोजन दोनों देशों के सांस्कृतिक संबंधों को नये आयाम देने में सहायक होगा। आयोजन के दौरान भारतीय फि जी भाइयों का उत्साह चरम पर था। लोग एक दूसरे से मिल रहे थे और अपने संपर्क नंबर साझा कर रहे थे। सभागृहों के भीतर से ज्यादा बाहर का माहौल जीवंत था। सब एक दूसरे के साथ फोटो खिंचाने और सेल्फी लेने में व्यस्त दिखे। तीन दिनों में लोग एक दूसरे से ऐसे घुल मिल गए थे कि गले लग कर विदाई लेते लोगों की आँखें नम होने लगी थीं।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

**भारत के विभिन्न प्रांतों से गिरमिटिया के रूप में फि जी लाए गए मजदूरों की एक भाषा नहीं थी। अमानवीय ब्रिटशों ने गुलाम देशों से लाए मजदूर दंपतियों तक को अलग-अलग समूहों में मजदूरी के लिए भेजा। जो जिस मालिक के खेतों में काम करने गया उसने वहाँ एक नई ज़िंदगी शुरू की। भाषा ही नहीं नस्ल का भेद भी उन्हें नई ज़िंदगी शुरू करने से नहीं रोक सका।**

## व्यंग्य



# विकास का व्याकरण

**आभा सिंह**

बड़े दिनों बाद विकास आया। विकास जब भी आता था मुझे खुशी होती। वह आते ही दरवाजे पर खड़ा होकर अपनी बढ़ी हुई मुस्कान फैला देता। विकास मेरे पड़ोस में रहने वाले लड़के का नाम है। विकास के नाम पर एक वही था जो वहाँ था। मैंने उसका स्वागत करते हुए सवाल किया कि-कैसे हो विकास ? तुम तो आजकल नजर ही नहीं आते,कहां रहते हो?

मेरे सवालों से वह थोड़ा सकुचा गया। लगा जैसे मैंने किसी आत्मनिर्भर के स्वाभिमान पर चोट की हो। वह सकुचाता हुआ बोला- दीदी आजकल मुझे लेकर इतना भ्रम है कि मैं होकर भी नहीं होता हूँ।

मुझे विकास के हाल पर हंसी आ गई। मैंने अपने साहित्यिक रस को निचोड़ते हुए कहा कि- इसमे दोष तुम्हारा नहीं है। हालिया हुलिया ही कुछ ऐसा है।

मुझे हँसता देख वह फिर मुस्कुरा दिया और बोला- वैसे कुछ दिनों के लिए मैं शहर से बाहर गया था।

मैंने कहा वाह,यह तो बहुत बढ़िया है कि तुम आज यहाँ तो कल वहाँ होते हो। यह बताओ कि कैसा अनुभव रहा। कुछ अनोखा अलग सुना या वही विकास सी बाते।

वह लंबी सांस लेकर बोला-जहां जाना था वह तो खास नहीं था लेकिन जहां से जाना था वह भी आम नहीं था।

विकास का यह वर्णन मुझे वैसा ही लगा जैसा एयरपोर्ट पर बैठे बैठे स्क्रेच कार्ड खुरचने पर लगता है। मतलब,अजीब।

विकास को और कुछ समझे ना समझे यह बराबर समझता था कि कहाँ गतिरोध है।

वह मुझे समझाते हुए बोला- दीदी ऐसा है कि कुछ ही दिनों पहले मेरा एक महाविकसित अति आधुनिक सड़क से गुजरना हुआ। गुजरना क्या कहें,बस गुजरते गुजरते बचे। सुविधाओं का ऐसा तांता लगा कि अभाव दूर होते होते रह गया। मुझे कई बार खयाल आया कि हर जगह अंडे और मुर्गी वाली समस्या बरकरार है। यह खयाल तब आया जब मेरे तज्ञ वाहन चालक ने मुझे अविज्ञ समझकर कहा कि झ्र सर यह रास्ते बहुत समृद्ध है,गाड़ी के चक्के इनके साथ ताल मेल नहीं बैठा पाते। मैंने भी कह दिया कि-समृद्ध हो चुके रस्तों के चलते इतना तो तय है कि अब कोई ना कोई गाड़ी को या गाड़ी के चक्कों को इसी के अनुसार परिपक्व करेगा। अगर ऐसा हो गया तो यह आधुनिक रास्तों के लिए वरदान होगा।

तज्ञ और विज्ञ का यह संभाषण समाचार सुनकर मैंने कहा- सही है, हमने तो देखा भी है कि वरदान के बूते खानदान बियाबान से निकलकर पहचाना जाता है। घर भरापूरा हो ना हो पूरा भरा जरूर होना चाहिए। घर का तो जो हो सो हो सड़कों ने जरूर अपनी समृद्धि पा ली।

मुझे अचानक से लगा कि यह वो विकास नहीं है जो सिर्फ हुआ करता था। यह आज का विकास है जो सोचने को मजबूर कर देता है कि ह्लऔर क्या क्या हो सकता है।ह्व सोच को विकसित करने की आवश्यकता है। तब तक देख परखकर चलते है।

इस वातार्लाप के कुछ ही दिन बाद मैंने किसी को कहते सुना कि ह्लइस विकास का भला क्या किया जाए।ह्व समझते देर तो लगी कि सभी का विकास एक जैसा नहीं होता। जैसे,जो इन वातार्लापकारियों का विकास है वह मेरा नहीं है। मन किया कि तुरंत कहूँ कि ह्लविकास का भला क्या किया जा सकता है।ह्व इससे भी ज्यादा हैरतअंगेज तो यह था कि किसी ने विकास को मुहावरा बना दिया। बेचारा! पूरा वाक्य भी नहीं बन पाया,वाक्य का सहचर बन गया। शायद इसीलिए कहा गया होगा कि अब इस विकास का क्या ही होगा। यह सारा खेल व्याकरण का है। बेचारा विकास समझ ही नहीं पाया कि कब वह अभिधा से हटकर व्यंजना और लक्षणा का शिकार हो गया। संज्ञा की अपनी अलग ही समस्या।

विकास के प्रपंचो के चलते मेरे पड़ोस में रहने वाला लड़का बड़ा भयभीत था। उसका नाम विकास जो था। वह घबराकर एक दिन मेरे पास आया। शक्ल बिलकुल ऐसी मानो अभी अभी जमानत जब्त हुई है। मुझसे बोला-दीदी मेरे जन्मदाता तो बेचारे यह मुराद लिए लिए ही चल बसेंगे कि ह्लबेटा हमारा बड़ा नाम करेंगा।

मैंने थोड़ा थोड़ा संयम रखते हुए कहा कि- देखो जैसा तुम्हारा नाम है वैसा अगर तुम्हारा काम भी हो तो माता पिता की संभावनाएं तो वैसे ही समाप्त हो जाती है। और यह तुम्हारा दोष है भी नहीं। तुम तो निर्दलीय उम्मीदवार हो।

लड़के का नाम विकास होने के बावजूद उसमें थोड़े बहुत संस्कार अभी बाकी थे। वह तुरंत अपने पालकों का पक्ष लेते हुए बोला- दीदी जब मेरा नाम रखा गया तब विकास कहां होता था। उस दौर को देखते हुए तो एक बेहतरीन नाम का निष्कर्ष था मेरा नाम। यह तो क्रान्ति हुई और ना जाने क्यों और कहां से विकास आया और थम सा गया। और अब हालात ऐसे है कि जैसे जैसे विकास होने लगा वैसे वैसे वह बदनाम होता गया।

इस विकास की समस्या से मैं चिंतित थी। मुझे चिंतित देखकर वह प्रतिक्रिया देने लगा- दीदी देखो विकास में और चिंता में यह स्वभावगत दूरी है कि हम यह ना कहें कि विकास चिंता के समान है।

वह आगे बोला-अब आप खुद ही सोचो,पहले जैसे ही किसी सड़क का भूमिपुजन होता था वहां के लोगो में उत्साह का संचार पूरे दल के साथ दखल देता था। अब देखिए इधर गड्ढा खुदता नहीं है कि उधर मोहल्ले वालों के चेहरे लटक जाते है। सब बाते करने लगते हैं कि लो भई हो गया विकास।

मैंने अफसोस व्यक्त किया- अरे यह तो गलत है। सड़क के बिना कैसा विकास। सड़क ही तो विकास का प्रतीक है। यह तो वही बात हुई कि गुड खाए और गुलगुलों से परहेज करें।

वह तुरंत बोला -अरे नहीं दीदी, यहाँ तो सारा गणित उलटा है। यहां तो सब खाकर व्रतवासी हुआ जाता है। जो हाल सड़क का है वही फुटपाथ का भी है। फुटपाथ तो हर मोहल्ले में गरीब ही रह जाती है। क्या लेकर आए थे क्या लेकर जाओगे की हकीकत देखनी हो तो फुटपाथ देखो। बेचारा हर्ष भी नहीं कर पाता और उसका हश्र हो जाता है।

मैं विकास की इस बात से सहमत थी की हर्ष करने के पहले बहुत सी बातों का हश्र हो जाता था। मैंने पड़ोसी विकास से कहा- देखो यह तो प्रक्रिया का दोष है कि विकास का बोलबाला सही तरीके से नहीं हो पाता। सरकार ना सही लेकिन सरकारी कर्मचारी तो इस बारे में सोच ही सकते है। सरकारी कर्मचारी के कुछ सोचने समझने पर विकास को थोड़ी आपत्ति हुई। वह बोला- अरे दीदी किस तपस्या की बात कर रही हो! भला मेनका के बस का कहां था विश्वामित्र की तपस्या भंग करना वह तो शकुंतला की नियति के हाथों सब बंधे थे। मुझे तो लगता है मेरी और शकुंतला की किस्मत एक सी ही है।

मैंने विकास को टोकते हुए कहा कि तुम भी अपने नाम की तरह रास्ते से भटक रहे हो। हमें सरकारी कर्मचारी पर बात करनी थी।

विकास बोला- मैं नहीं भटका था दीदी मैं तो यही कह रहा था कि है तो दोनों अनहोनी ही। सरकारी कर्मचारी के होने से कम से कम सरकारों के दाग अच्छे बने रहते है। वरना तो इधर उन्होंने कहा कि- आज कुछ तूफानी करते है! और उधर सरकार की ह्लफॉग चल रहा हैह्व कहने की नौबत आ जाए।

विकास की बात और उसके जज्बात देखकर लगा कि नाम से तो काम चलने से रहा,काश काम से नाम चल जाए। अचानक मैंने कह दिया- अरे विकास तुमने तो सुना ही है कि जहर ही जहर को या हीरा ही हीरे को काटता है। तुम में तो कहावतों की असीम संभावनाएं है।

**(लेखिका व्यंग्यकार हैं, संपर्क 980352946)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

## एक गजल

कौन बाकी है मेरा राज बताने के लिए
अब कोई खत भी नहीं घर में छिपाने के लिए
प्यास तो नदियाँ बुझाती हैं जमाने भर की
वो समंदर है अहं अपना दिखाने के लिए
भूख और प्यास लिए बैठे परिंदे छत पर
नींद ने समझा कि आते हैं जगाने के लिए
खुद से हो जंग तो मैं हारूँ या जीतू लेकिन
घर से निकला तो सभी आये मनाने के लिए
लोग पढ़ लेते हैं जैसे कोई अखबार हूँ मैं
कुछ नहीं बाकी है अब सुनने सुनाने के लिए
उससे चुपचाप किसी मोड़ पे मिल लेता हूँ
शोख गजलों में तसव्वुर को सजाने के लिए
गम -खुशी सारे ही किरदार कहानी में मेरे
हमने कब सोच के लिखा था जमाने के लिए
फूल तो खुशबू ही देते रहे आदिम युग से
सिर्फ पत्थर ही मिले आग जलाने के लिए



**- जयकृष्ण राय तुषार**

# सेंध लगाकर किसान के घर से एक लाख की चोरी

**बेखौफ**


**परिवार के सदस्य को देख भागा चोर**

**पुलिस ने लिया हिरासत में, 80 वर्षीय किसान फफक कर रो पड़ा**

जनसंदेश न्यूज

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के नदौली पटेहरा ग्राम निवासी राम भवन शुक्ल के घर में शनिवार की रात सेंध लगाकर चोरों ने एक लाख से अधिक का नगदी पार कर दिया। भोर में घर में घुसे गाँव के व्यक्ति को देख परिवार के सदस्य ऋषि ने दौड़ा लिया। चकमा देकर भागे व्यक्ति को आज सुबह पहुंची पुलिस के हवाले किया गया।

पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही हैं। पकड़ा गया व्यक्ति नशेड़ी बताया गया है। बताया गया कि शनिवार को करीब 80 वर्षीय किसान राम भवन शुक्ल ने शनिवार को धान बेंचा था। मेहनत से पैदा हुए फसल को बेंचने पर 1 लाख 8 हजार 200 रुपया मिला था। जिसे वह अपने कच्चे मकान में रख कर सो गए। वृद्धावस्था में करीब 16 किलोमीटर का सफर और भागदौड़ के चलते गहरी नींद में चले गए। जब परिवार सो रहा था इसी बीच घर में सेंध लगाया गया। दो जगह सेंध लगाने के बाद भी सफलता न मिलने पर तीसरी जगह सेंध लगाकर चोर घर के कमरें में घुसने में कामयाब हो गए। चोरों को पहले से ही घर में नगदी आने की जानकारी थी। जिसे पार कर दिया गया। इसी बीच भोर में करीब 4 बजे घर के सदस्य ऋषि की नींद खुल गई। उसने अपना बिस्तर छोड़ दिया। जब वह दिनचर्या के लिए उठा तो घर में गाँव के ही जवाहिर को देखा उसे पकड़ना चाहा तो वह भाग निकला। घर में सामानों को चेक किया गया तो धान का मिला रुपया गायब था। इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। चोरी की बात दिन का उजाला फैलने के साथ ही गाँव में फैल गई। सुबह पहुंची पुलिस ने घर में घुसे गाँव के ही जवाहिर को हिरासत में लेकर छानबीन में जुटीं हैं। ग्राम प्रधान धीरज मिश्र ने बताया कि सूचना पर आयी पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा है। घर में तीन जगह से सेंध लगाया गया है। थाना प्रभारी ड्रमंडगंज को अवगत कराया गया उन्होंने निरीक्षण किया हैं। हिरासत में लिया गया व्यक्ति नशेड़ी हैं। अक्सर रात में घूमने के कारण कई बार मना किया जा चुका है।



कच्चे मकान में चोरों द्वारा लगाई गई सेंध

## तीन बाइकों में आमने-सामने टक्कर में 6 लोग घायल

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 135 पर स्थित राजापुर पेट्रोल पंप के पास रविवार को दोपहर तीन बाइकों में आमने-सामने टक्कर हो गई जिसमें 6 लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों को सूचित करते हुए घायलों को प्राइवेट अस्पताल में एडमिट कराया गया। लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 135 पर स्थित राजापुर पेट्रोल पंप के पास रविवार को मीरजापुर से गड़बड़ा जा रहे बाइक सवार की लहंगपुर से महुआरी जा रहे दो बाइकों में टक्कर हो गई जिसमें कल्लू सिंह पटेल का 42 वर्षीय पुत्र राजबली पटेल, गणेश प्रसाद चौहान पुत्र फागू चौहान उम्र 42 वर्ष, दीपक सिंह पटेल पुत्र राजबली पटेल उम्र 12 वर्ष, अमन चौहान पुत्र गणेश प्रसाद चौहान उम्र 13 वर्ष निवासी पटेल नगर बेलाही व अमित पुत्र स्वर्गीय गोपाल उम्र 22 वर्ष निवासी रेलवे कॉलोनी मीरजापुर व अज्ञात महिला घायल हो गई। सूचना मिलने पर लहंगपुर चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को उपचार के लिए परिजन प्राइवेट साधन से प्राइवेट चिकित्सक के यहां ले गए।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक की मौत, एक घायल

**अदलहाट।** वाराणसी मीरजापुर मार्ग पर बरईपुर गांव के सामने शनिवार को शाम लगभग छः बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घायल दो बाइक सवारों में एक युवक की वाराणसी ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान मौत हो गयी। दूसरा घायल हो गया। घटना के विषय में बताया जाता है कि जनपद मीरजापुर के भटवां के पोखरी निवासी मोहम्मद तालीब 20 वर्ष पुत्र गुड्डू व कयूम वारीसी के साथ वाराणसी के रामनगर अपने रिश्तेदार के यहां बाइक से आया था। रामनगर से वापस घर जाते समय बरईपुर के सामने अज्ञात वाहन धक्का मार कर फरार हो गया। मौके पर पहुंची नरायनपुर पुलिस ने दोनों बाइक सवार घायलों को एम्बुलेंस से ट्रामा सेंटर वाराणसी भेज दिया। इलाज के दौरान मोहम्मद तालीब 20 वर्ष की मौत हो गयी। मोहम्मद तालीब की अभी शादी नही हुई थी। वह क्यूम वारीसी के फूटवियर के दुकान पर काम करता था।

## संक्षेप

### दो गांव में अति कुपोषित बच्चों को पोटली का हुआ वितरण



**हलिया।** रविवार को स्थानीय बाल विकास परियोजना द्वारा अति कुपोषित सैम दो गाँव हथेड़ा व सोठिया के बच्चों को बाल विकास परियोजना अधिकारी विकास शुक्ल ने पोटली व दवाइयों का वितरण किया है। सीडीपीओ विकास शुक्ल ने बताया कि परियोजना के अंतर्गत अति कुपोषित (सैम) 20 बच्चों को पोटली का वितरण किया जा रहा है। जिसमे एक किलो भूना चना, भूनी मुगफली, एक किलो गुड़, आयरन सिरफ, मल्टी बिटामिन सिरफ एंव आगनबाड़ी केन्द्र पर वितरण होने वाला पोषाहार की पोटली दिया गया है। इस मौके पर बाल विकास परियोजना अधिकारी विकास शुक्ल, सीएम फेलोर अजय कुमार, यूनिसेफ बीएमसी अंकित शुक्ल, आंगनबाड़ी कार्यकत्री कृष्णा वती, ऊषा मिश्रा सहित लाभार्थी मौजूद रहे।

### घरेलू हिंसा व दुष्कर्म के आरोपी देवर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना राजगढ़ पुलिस द्वारा घरेलू हिंसा करने तथा दुष्कर्म करने का आरोपी देवर को पुलिस ने गिरफ्तार किया। थाना राजगढ़, मीरजापुर पर 22 नवम्बर 2022 को थाना राजगढ़ क्षेत्रांतर्गत निवासिनी एक महिला द्वारा अपने साथ ससुर व देवर द्वारा घरेलु हिंसा करने व यौन उत्पीड़न के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना राजगढ़ पर 498ए, 354ए, 323 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा महिला के साथ हुई उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए मुकदमें की निष्पक्ष विवेचना करते हुए आरोपियों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक राजगढ़ को निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में रविवार को प्रभारी निरीक्षक राणा प्रताप यादव मय पुलिस बल द्वारा थाना राजगढ़ पर पंजीकृत मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित आरोपी विकास सोनी पुत्र ज्ञानचन्द्र सोनी निवासी राजगढ़ थाना राजगढ़ मीरजापुर (देवर) को गिरफ्तार किया। मुकदमा उपरोक्त में विवेचना में पाये गये पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर आरोपी विकास सोनी उपरोक्त का चालान अन्तर्गत धारा 498ए, 354ए, 376, 504, 506, 323 भादवि में नियमानुसार कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### ग्राम सभा में है चरम सीमा पर पेयजल किल्लत

**कलवारी।** विकासखंड राजगढ़ के ग्राम सभा कलवारी में पेयजल संकट चरम पर है। पेयजल के लिए हाहाकार मचा है, परंतु पेयजल की समस्या को ग्राम सभा आड़े हाथ ले रही है। पेयजल की समुचित व्यवस्था न होने से ग्रामीण पेयजल के लिए दर-दर भटक रहे हैं। कलवारी बाजार में पेयजल संकट चरम पर है, पेयजल की किल्लत जबरदस्त है कि ग्रामीण जगराता करके पीने का पानी का जुगाड़ कर रहे हैं। क्षेत्र में डीप बोरिंग से ही पेयजल मिलता है। लेकिन अधिकांश डीप बोरिंग से पानी मिलना बंद हो चुका है। कुछ गिने-चुने बोरिंग से ही पेयजल मिल रहा है जिससे ग्रामीण अपनी प्यास बुझा रहे हैं। इस वर्ष जल स्तर फरवरी माह में ही घिसक जाने से पेयजल संकट गहरा गया है। ग्रामीणों को डर सता रहा है कि फरवरी माह में पेयजल किल्लत का यह नजारा है तो तपन के महीनों में पेयजल मिल पाना मुश्किल ही है। ग्राम पंचायतों के टैंकरों का पता ही नहीं है तो पेयजल की आपूर्ति कैसे की जाएगी। जबकि टैंकर का उपयोग निजी कार्यों में किया जा रहा है। जबकि पेयजल किल्लत ग्राम सभा में चरम पर है। ग्राम सभा में पेयजल के लिए महाबोर ग्राम पंचायत से करवाया गया था, जिससे पेयजल किल्लत क्षेत्र में नहीं होता था लेकिन बरसात कम होने व जलस्तर नीचे खिसक जाने से पेयजल के लिए हाहाकार मचा है जहां एक ओर सरकार पेयजल संकट को दूर करने के लिए ग्राम पंचायतों को निर्देशित किया है वही ग्राम पंचायत के प्रधान पेयजल संकट को नजर अंदाज कर रहे हैं।

### गायत्री महायज्ञ के लिए ब्लॉक प्रमुख ने किया भूमिपूजन

**राजगढ़।** स्थानीय क्षेत्र के ददरा हिनौता गांव में प्राचीन हनुमान मंदिर पर गायत्री महायज्ञ को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। अखिल विश्व गायत्री परिषद की ओर से प्राचीन हनुमान मंदिर पर गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है जिसके लिए भूमि पूजन का कार्यक्रम किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गजेन्द्र प्रताप सिंह पहुंचे और विधि विधान से पूजन कर कार्यक्रम को सफल बनाने की ईश्वर से प्रार्थना की। साथ ही आयोजित यज्ञ में अधिक से अधिक लोगों को आने की अपील किया। कार्यक्रम की तिथि 1 मार्च से 5 मार्च तक किया गया है जो कलश यात्रा से प्रारंभ होगा और 7 बजे से 11 बजे तक संचालित किया जाएगा। इस दौरान देव पूजन यज्ञ, एवं यज्ञ संस्कार, का कार्य किया जाएगा। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय, अवधेश कुमार, दिनेश वर्मा, हेमलता सिंह, शिव शंकर भारती आदि लोग उपस्थित रहे।

### टीचर्स सेल्फ केअर टीम पहुंची दिवंगत शिक्षिका के घर

**जमालपुर।** टीचर्स सेल्फ केअर की टीम रविवार को मृतक शिक्षिका प्रीति सिंह के घर पहुँचकर शोक संतप्त परिवार से मिला। ज्ञात हो कि 15 फरवरी को कम्पोजिट विद्यालय अदलहाट की शिक्षिका प्रीति सिंह चिकित्सकों की घोर लापरवाही से इस दुनिया को छोड़ कर चली गयी थी। टीम ने परिवार को सांत्वना दिया और कहा कि प्रत्येक परिस्थिति में यह टीम हमेशा परिवार के साथ खड़ी रहेगी। टीएससीटी के सदस्यों की आंखे दोनों छोटे बच्चों को देखकर नम हो गयी। प्रीति सिंह उक्त टीम की सक्रिय सदस्य थी। टीम किसी भी वैध सदस्य की मृत्यु होने पर पूरे प्रदेश के सदस्य मात्र 80 रुपये के सहयोग से वर्तमान में 35 लाख के ऊपर की मदद करती है। टीम में जिला संयोजक रविन्द्र यादव, जिला सहसंयोजक शशिप्रकाश पांडेय, प्रियदर्शी पार्थ सारथी, आलोक मिश्रा, विकाश सिंह, दिग्विजय सिंह, कौशलेंद्र कुमार, निखिल कुमार सिंह, रजनीश चतुवेर्दी, सुनील कुमार सिंह, सतपाल सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे।

### तीन दिन बाद ही चौकी से थाने पर पोस्ट हुए दरोगा जी

**मीरजापुर।** कहते है जब एसपी साहब की विशेष अनुकंपा हो तो दरोगा भी खुद को सीओ से कम नही समझते है। जब मामला मलाई का हो तो एसपी साहब भी ऐसे लोगों की भलाई करते है जो खुद मलाई खाये और मलाई पहुंचाए भी। दो दिन पहले ही मंडी चौकी के प्रभारी बने विष्णु प्रभा सिंह को एसपी साहब की विशेष कृपा के बाद फटाक से थाना का प्रभारी बना दिया। पुलिस लाइन में बैठे अन्य दरोगा जी इस कश्मकश में है कि आखिर एसपी साहब की विशेष कृपा किसी एक पर क्यों है। कुछ ही दिनों पहले मंडी समिति पुलिस चौकी के प्रभारी बने विष्णु प्रभा के उपर एसपी साहब की कृपा कुछ ही दिनों बाद ही बन गई, जहां उन्हें सीधे मंडी समिति से हलिया थाना का प्रभारी बना दिया गया। अब विष्णु प्रभा सिंह बॉर्डर पर मलाई काटते नजर आएंगे। विष्णु प्रभा सिंह पुलिस विभाग के ऐसे दरोगा है जिनके हक में हमेशा मलाई आती है। मलाई का आनंद लेने वाले दरोगा जी को जब दूध मिला तो पसंद नही आया, जहां फिर से एक सप्ताह के भीतर मलाई काटने हलिया थाना पर पहुंच गए। मलाईदार पुलिस चौकी अदलपुरा और गुरसंडी में आनंद काटने के बाद विष्णु प्रभा सिंह हलिया में पहुंच गए है। बिना ट्रांसफर सूची मीडिया में आये दूसरी पोस्टिंग में हलिया पहुंचे विष्णु प्रभा सिंह को देखकर पुलिस लाइन में मौजूद दरोगा जी मन ही मन कोसते रहे कि किसी के हिस्से में मलाई आया और कोई मट्ठा का भी हकदार नही है।

### सन्मार्ग चलने के लिए प्रेरित करती है श्रीमद्भागवत कथा : ज्ञानानंद



**हलिया।** क्षेत्र के बैधा गांव में भाजपा राष्ट्रीय महासचिव अरूण सिंह के आवास पर आयोजित सप्तदिवसीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन रविवार को कथावाचक स्वामी ज्ञानानंद सरस्वती ने ध्रुव व प्रहलाद की कथा का वर्णन करते हुए श्रीमद्भागवत कथा की महिमा का भक्तों अमृतपान कराया। स्वामी ज्ञानानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य को सन्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती है। भागवत कथा श्रवण करने से मनुष्य आसानी से भवसागर से पार हो जाता है। कहा कि ध्रुव, और प्रहलाद की भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान ने उन्हें परम पद दिया। नरसिंह रूप में खंभे से अवतरित होकर भगवान ने हिरण्यकश्यप से प्रहलाद की रक्षा की थी। कहा कि गौ, ब्राह्मण का आदर करने वाले के ऊपर भगवान अपनी कृपा दृष्टि बरसाते रहते हैं। कहा कि भागवत कथा का श्रवण करने मात्र से दुखों का नाश हो जाता है और संशयों का विनाश हो जाता है। इस दौरान कथा आयोजक ललिता सिंह, नरेश सिंह, विनोद सिंह, धनंजय पांडेय, सुधीर सिंह, इंदल सिंह चंदेल, विपुल सिंह, पंकज सिंह चंदेल, दिनेश अग्रहरि, राम कृष्ण राय आदि मौजूद रहे।

### कथा शुरू

**मीरजापुर।** श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ का आयोजन 26 फरवरी से 5 मार्च तक राजर्षि नगर कालोनी ब्रह्मचारी का कुंआ पर में किया जा रहा है। श्री मद्भागवत कथा व्यास पं रामकुमार जी महाराज के द्वारा आयोजित किया गया है।

### एक मार्च को सपा करेगी पिछड़ा वर्ग सम्मेलन

**कछवां।** आदर्श नगर पंचायत क्षेत्र में रविवार को समाजवादी पार्टी की एक बैठक आहूत की गई। जिसमें आगामी एक मार्च को आयोजित होने वाले पिछड़ा वर्ग सम्मेलन के विषय पर चर्चा किया गया। और बैठक में आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने की मंत्रणा की गई। जिसमें बताया गया कि समाजवादी पार्टी के पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल कश्यप का आगमन आगामी एक मार्च को होने जा रहा है। जिसके लिए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष के निदेर्शानुसार नगर पंचायत कछवां में पिछड़ा वर्ग सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस विषय पर रविवार को नगर अध्यक्ष राजेंद्र यादव के अध्यक्षता में निजाम राइन के आवास पर सम्मेलन को सफल बनाने के लिए बैठक का आयोजन किया गया है।

## नपाध्यक्ष मनोज ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात

### प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 98वां एपिसोड सम्पन्न

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** निवर्तमान मनोज जायसवाल ने रविवार की सुबह गणेशगंज के बूथ संख्या 302 पर भाजपा के तमामं कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 98वाँ एपिसोड को सुना। रेडियो प्रोग्राम 'मन की बात' के 98वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा की 98वें एपिसोड में आप सभी के साथ जुड़कर मुझे बहुत खुशी हो रही है। सेंचुरी की तरफ बढ़ते इस सफर में मन की बात को आप सभी ने जनभागीदारी की अभिव्यक्ति का अद्भुत प्लेटफॉर्म बना दिया है। इस मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष ने कहा की आज भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ 98वें में प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय खिलौनों की बढ़ती डिमांड, पारंपरिक खेलों के प्रोत्साहन का जिक्र किया। इस एपिसोड में लता मंगेशकर को याद करते हुए कहा कि आज के दिन शुरू हुई लोरी राइटिंग प्रतियोगिता में लता दीदी ने सबसे भाग लेने के लिए ट्वीट किया था। इस मौके पर प्रीतम केशरवानी, अशोक सोनी, नगर पश्चिमी युवा मोर्चा अध्यक्ष अश्वनी गुप्ता, रामशंकर सोनी, राहुल यादव, बालकृष्ण सोनी, शशांक जायसवाल, आदि लोग उपस्थित रहे।



पदाधिकारियों के साथ मन की बात सुनने नपाध्यक्ष

## घरेलू विवाद में खाया विषाक्त, रेफर

**हॉस्पिटल से मरीज लेकर भागा**

**मड़िहान।** थाना सन्तनगर अंतर्गत देवरी दुबार खास निवासिनी द्वारा पति से घरेलू विवाद पर घर में रखा भंटा की दवा पी ली। हालत बिगड़ने पर पीएचसी पटेहरा डायल 108 से साढ़े दस बजे पहुंचा। देवरी दुबार खास निवासी विंदलेश कोल की पत्नी पूनम 30 घरेलू कलह में घर में रखा भंटा की दवा पी लिया। हालत बिगड़ने पर डायल 108 से पीएचसी पटेहरा पहुँचे जहां डाक्टर विभूति नारायण मिश्र, फार्मासिस्ट कमलेश सिंह व बीरेंद्र सिंह द्वारा प्राथमिक उपचार कर मण्डलीय अस्पताल रेफर किया। किन्तु रेफर सुनते ही महिला को लेकर स्वजन भागे अंततः पीएचसी फार्मासिस्ट कमलेश सिंह द्वारा पुलिस संतनगर को सूचित किया। थाना प्रभारी कमल टावरी द्वारा दीपनगर से पुनः डायल 108 से पीएचसी भेजा और मण्डलीय अस्पताल रेफर किया। डाक्टर विभूतिनारायण ने बताया कि भंटा की दवा खतरनाक होती है इसका असर 48 घण्टे बाद दिखता है।

## नवनियुक्त 130 अभ्यर्थियों को वितरित किया गया नियुक्ति पत्र

**खुशी**

**अभ्यर्थियों को डीआईजी व एसपी ने प्रदान किया नियुक्ति पत्र**

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचंल परिक्षेत्र व पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा नवनयुक्ति उ.नि. ना.पु., प्लटून कमांडर पीएसी एवं अग्निशमन द्वितीय अधिकारी अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

रविवार को पुलिस लाइन्स सभागार कक्ष, मीरजापुर में उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक सीधी भर्ती से चयनित उ.नि. ना.पु., प्लटून कमांडर पीएसी एवं अग्निशमन द्वितीय अधिकारी के पद पर नियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये जाने के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री उ.प्र., उप मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव गृह एवं पुलिस महानिदेशक उ.प्र. द्वारा 'वर्चुअल स्क्रीन' के माध्यम से नवनियुक्त अभ्यार्थियों को पुलिस विभाग में सम्मिलित होने की शुभकामनायें देते हुए संबोधित किया गया। तत्पश्चात पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर आर.पी. सिंह व पुलिस अधीक्षक मीरजापुर डॉ राजीव नारायण मिश्र द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक सीधी भर्ती में चयनित नवनियुक्त 130 अभ्यार्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया तथा उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गयी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर शैलेद्र त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर परमानंद कुशवाहा, क्षेत्राधिकारी लालगंज, क्षेत्राधिकारी भवन सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।



अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते डीआईजी व अन्य अधिकारी

## प्रार्थनापत्र का निस्तारण करने पहुंची टीम पर पथराव

**आक्रोश**

**पथराव की सूचना पर मौके पर पहुंचे एडीएम वित्त समेंत आलाअधिकारी**

**टीम के सामने ही अपने मड़हे को किया आग के हवाले**

**चुनार।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बहरामगंज मुहल्ले में राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित एक भूमि विवाद के मामले में समाधान दिवस पर शिकायतकर्ता द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र के निस्तारण के लिए रविवार को मौके पर पहुंची राजस्व व पुलिस की टीम पर दूसरे पक्ष के लोगों द्वारा पथराव कर अपने ही मड़हे को जला दिया।

जानकारी होते ही एसडीएम नीरज प्रसाद पटेल, पुलिस उपाधीक्षक उमाशंकर सिंह व कोतवाल त्रिवेणी लाल सेन भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुचें और मामले से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। ज्ञात हो कि भरपुर लाइन निवासिनी कुसुम देवी द्वारा शनिवार को समाधान दिवस पर कोतवाली पहुंचकर एक प्रार्थना पत्र दिया गया था जिसमें बहरामगंज स्थित आराजी नंबर 300 रकवा 0.114 हे0 में से रकवा 0.022 हे0का बैनामा लिये जाने की बात कही गयी थी। उक्त भूमि पर दूसरे पक्ष के लोगों द्वारा कब्जा करने का आरोप लगाया गया था। उक्त प्रार्थना पर एसडीएम ने राजस्व व पुलिस को संयुक्त रूप से जांच करने व उसके निस्तारण का आदेश दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए समाधान दिवस समाप्त होने के उपरांत स्वंय एसडीएम, पुलिस उपाधीक्षक व कोतवाल के साथ मौके पर पहुचें और दूसरे पक्ष से वार्ता कर उन्हें समझाया बुझाया। रविवार की सुबह जब शिकायतकर्ता कुसुम देवी की ओर से भूमि पर निर्माण कार्य शुरू कराया ही गया था कि दूसरे पक्ष के दर्जन भर महिला पुरूष इकट्ठा होकर निर्माण कार्य रोकने के लिए पहुंच गये। इसके बाद शिकायतकर्ता ने इसकी जानकारी राजस्व व पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस व राजस्व की टीम पहुंची। टीम को देखते ही पहले से इकट्ठा हुए दूसरे पक्ष के लोगों ने घर के अंदर स्थित मड़हे में आग लगा दिया और टीम पर पथराव करने लगे जिससे अफरा तफरी मच गयी। कुछ देर बाद एसडीएम, पुलिस उपाधीक्षक व कोतवाल पुलिस बल के साथ पहुंचकर स्थिति को संभाला और उच्चाधिकारियों को सूचित करते हुए अग्नि शमन दल को बुलाया हालांकि अग्नि शमन दल के पहुचनें से पहले ही मड़हा जलकर राख हो चुका था। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शिव प्रताप शुक्ला ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और मामले से संबंधित जानकारी एसडीएम से लिया। एसडीएम नीरज प्रसाद पटेल ने बताया कि भूमि से संबंधित मामला न्यायालय में लंबित है। न्यायालय द्वारा यदि निर्माण से संबंधित कोई आदेश पारित किया जाता है तो उसका अनुपालन कराया जाएगा। वही शाम को पांच बजे घटनास्थल पर एडीएम नमामि गंगे अमरेंद्र कुमार वर्मा पहुंचे घटनास्थल का जायजा लिया। वहां बैठी महिलाओं से पेपर मांगा। महिलाओं ने पेपर नहीं दिखाया। जांच पड़ताल करने के बाद एडीएम चुनार थाने पर आईं कुसुम देवी के पति शुभम यादव ने 9 लोग खिलाफ चुनार थाने में तहरीर दिया है। जिसमें भूपेंद्र यादव, योगेंद्र यादव, सत्येंद्र यादव पुत्र गढ़ छोटे लाल यादव, व माया यादव, दया यादव, विजय बहादुर यादव, महेंद्र यादव, राम लखन यादव, श्याम बहादुर यादव पुत्र गुण राममूरत निवासी बहरामागंज के खिलाफ तहरीर दिया है। खबर लिखे जाने तक एफआईआर दर्ज नहीं किया गया था।



घटना की जानकारी पर पहुंचे एडीएम वित्त व एसडीएम चुनार

## बाइक की टक्कर में सांड की घटना स्थल पर मौत

**बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल**

जनसंदेश न्यूज

**चील्ह।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नरऊर चील्ह गोपीगंज बॉर्डर के पास शनिवार की देर रात बाइक की टक्कर में छुट्टा पशु, सांड की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस स्थानीय लोगों की सहायता से घायलों को इलाज के लिए मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने एक को ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार मंहगीपुर गांव निवासी बजरंगी विश्वकर्मा उम्र 22 वर्ष अपने चचेरे भाई रजत विश्वकर्मा के साथ किसी कार्य गोपीगंज गए थे कि गोपीगंज की तरफ से अपने घर महंगी पुर आ रहे थे कि शनिवार की देर रात के 11बजे चील्ह गोपीगंज मार्ग पर मिजार्पुर भदोही बॉर्डर के पास नरउर पहुंचे थे कि सड़क पार कर रहे छुट्टा पशु, सांड से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि घटनास्थल पर ही भारी भरकम सांड की मौत हो गई। जबकि दोनों बाइक सवार घायल हो गए। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस व स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने बजरंगी विश्वकर्मा को ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। चेतगंज चौकी प्रभारी हरिकेश सिंह ने बताया कि घटना शनिवार की रात की है। सांड की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि घायलों को मंडलीय अस्पताल पहुँचाया गया।

## पीएम आवास योजना में पीड़ित व्यक्ति ने पैसे मांगने का लगाया आरोप

**आरोप**

**डीएम को प्रार्थना पत्र देकर प्रधान पति पर किया कार्रवाई की मांग**

जनसंदेश न्यूज

**चुनार।** गुड्डू पुत्र लालजी निवासी रैपुरिया ने अपने ग्राम प्रधान के पति पर पैसे मांगने का आरोप लगाया। जानकारी के अनुसार गुड्डू पुत्र लालजी निवासी रैपुरिया ने अपने ही ग्राम प्रधान पति कमलेश सिंह के उपर आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर पैसा मांग रहें हैं। हमने पहली किस्त 44 हजार आने पर घर से ले जाकर 10 हजार रुपए दिया।

फिर दूसरी किस्त आने को लेकर 8 हजार रूपए मांग रहे हैं। नही देने पर घर पर आकर प्रधान पति कमलेश सिंह धमकी देते रहते है। वही प्रधानमंत्री आवास की पहली किस्त 44 हजार रुपए आया था तो 10 हजार रुपए ले लिए हैं और 8 हजार मांग रहे हैं। वही लाभार्थी का कहना हैं कि आवास की सभी पैसा ले लेंगे तो हम कैसे आवास बना पाएंगे। वही ज़िलाधिकारी के पास लिखित शिकायत पत्र देकर मदद की गुहार लगाता फिर रहा है।

पीड़ित व्यक्ति साथ ही गुड्डू भी पीड़ित व्यक्ति हैं। उसका कहना है कि प्रधान पति कमलेश सिंह हमें बार बार पुलिस और झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देते हैं।




### आरोग्य मेले में कुल 197 मरीजों का किया गया उपचार

**हलिया।** रविवार को क्षेत्र के मतवार, ड्रमंडगंज, बरौंधा स्थित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 197 मरीजों का उपचार किया गया और मरीजों को निःशुल्क दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में कुल 61 मरीजों का चिकित्सक के द्वारा उपचार कर दवा वितरित किया गया। जबकि नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमंडगंज में कुल 69 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। वहीं नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौंधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में उपचार के लिए आये कुल 67 मरीजों के स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित किया गया है। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में बुखार, मलेरिया, खांसी, सुगर, बीपी सहित अन्य रोगों के मरीजों का उपचार किया गया है। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.कामेश्वर तिवारी ने निरीक्षण किया है। इस दौरान चिकित्सक डा.अभिषेक जायसवाल, बीसीपीएम अनिल कुमार, डाक्टर निर्मल, एलटी राकेश कुमार, बैजनाथ, दशरथ, अरविंद कुमार सिंह, फार्मासिस्ट संजय श्रीवास्तव, मनोज कुमार, सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## फूलों की खेती से किसानों को होंगे कई लाभ : एसएन सिंह

**आयोजन**

**लेमन घास के प्रयोग से हमारे स्वास्थ्य में हो जाता है काफी सुधार**

**जिगना।** छानबे क्षेत्र के विजयपुर ग्राम सभा में पंचायत भवन पर भूमि संरक्षण इकाई द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बताते चलें कि परती भूमि विकास विभाग एवं भूमि संसाधन विभाग भारत सरकार अंतर्गत डब्लू डी सी प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण माइक्रो वाटर शेड कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बरकछा काशी हिंदू विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा भूमि संरक्षण के अंतर्गत लोगों को जागरूक किया उन्होंने बताया कि परती भूमि को किस प्रकार उपजाऊ बनाया जाए तथा उनकी रखरखाव किस प्रकार किया जाए। यदि बरसात के मौसम में पानी नहीं बरसता है तो उसके उपाय के बारे में लोगों को जागरूक किया।

बरकछा के काशी हिंदू विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक द्वारा लोगों को मेड निर्माण, बंधा निर्माण, तालाब निर्माण, तथा आजीविका मिशन के अंतर्गत अनेक प्रकार के लघु उद्योग लगाकर अपनी जीविका को किस प्रकार उन्नत किया जाए। इसके बारे में लोगों को जागरूक किया गया। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने बताया कि यदि हम फूलों की खेती करते हैं तो उनसे कितने प्रकार के लाभ हमें प्राप्त होते हैं और उससे हमारे मंडल कितना शुद्ध होता है। वैज्ञानिकों ने बताया कि लेमन घास के प्रयोग से हमारे स्वास्थ्य में काफी सुधार हो जाता है। इस कार्यक्रम को संपन्न कराने में बिजयपुर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गुलाम रसूल का काफी योगदान रहा। कार्यक्रम में भाग लेने वाले वैज्ञानिकों में डॉक्टर एसएन सिंह काशी हिंदू विश्वविद्यालय बरकछा, इंजीनियर वीरचंद पटेल अवर अभियंता, इंजीनियर वीरेंद्र कुमार यादव अवर अभियंता, श्री राधे कृष्ण वरिष्ठ प्राविधिक सहायक, संजय कुमार जयसवाल, देवेंद्र प्रताप सिंह, मनोज कुमार सिंह, सच्चिदानंद, अमरजीत, कल्पनाथ, गौरव सिंह, डॉ अरुण कुमार सिंह, अनूप कुमार पांडे, रोहित आनंद आदि ने भाग लिया।



मौजूद लोगों को जानकारी देते वैज्ञानिक

## शादी के सवाल पर शरमाए बाबर आजम, सफेद बालों पर दिया यह जवाब, वीडियो देखकर नहीं रुकेगी हंसी

क्रिकेट जगत में हाल फिलहाल में कई खिलाड़ियों ने शादी की है। भारत के हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल और पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी, शान मसूद और शादाब खान शादी के बंधन में बंध चुके हैं। पिछले कुछ समय में ये खिलाड़ी सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय रहे हैं। हालांकि, पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम शादी न करने की वजह से चचाओं में हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनकी शादी से जुड़े सवाल जरूर पूछे जाते हैं। हालांकि, वह अपनी सूझबूझ से शादी के सवाल को टालने में कामयाब रहे हैं। हाल ही में पाकिस्तान सुपर लीग के दौरान 28 वर्षीय बाबर से मीडिया ने शादी को लेकर सवाल पूछा, इस पर वह शरमा गए और मजेदार जवाब दिया। पीएसएल में पेशावर जाल्मी और लाहौर कलंदर्स के बीच मैच से पहले जब बाबर प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए आए तो एक पत्रकार ने सवाल पूछा- आप कप्तान हैं। आपकी टीम के सभी लड़कों की शादी हो रही है और आपका बाल सफेद होता जा रहा है। तो आपका कब इरादा है शादी का?



# विमेंस टी-20 वर्ल्डकप फाइनल, ऑस्ट्रेलिया ने दिया 157 का टारगेट: रन आउट हुईं अफ्रीकी कप्तान सुने लुस, वॉल्वार्ट क्रीज पर

### ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी और 20 ओवर में 6 विकेट पर 156 रन बनाए

**न्यूयार्क।** विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला केप टाउन के न्यूलैंड्स मैदान पर जारी है। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी और 20 ओवर में 6 विकेट पर 156 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका की ओपनर लौरा वॉल्वार्ट (29*) और क्लो ट्रायॉन (1*) क्रीज पर हैं। 11 ओवर के बाद टीम ने 3 विकेट पर 54 रन बना लिए हैं।



कप्तान सुने लुस 2 रन बनाकर रन आउट हुईं। वहीं, ओपनर ताजमिन ब्रिट्ज 10 और मारियन कैप 11 रन बनाकर पवेलियन लौटीं।

157 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीकी टीम को पावरप्ले में बेहद धीमी शुरूआत मिली। ओपनर लौरा वॉल्वार्ट और ताजमिन ब्रिट्ज शॉट्स खेलने की कोशिश कर रही थीं। लेकिन, ऑस्ट्रेलियाई बॉलर्स ने उन्हें खुलने का मौका नहीं दिया। ब्रिट्ज 5वें ओवर में डार्सी ब्राउन का शिकार हुईं। टीम पावरप्ले के 6 ओवर में एक विकेट पर 22 रन ही बना सकी।

पहलाः पांचवें ओवर की आखिरी बॉल डार्सी ब्राउन ने ऑफ स्टंप पर फुलर लेंथ फेंकी। ताजमिन ब्रिट्ज ने लेग साइड पर शॉट खेलना चाहा। लेकिन, मिड-ऑन पर ताहलिया मैक्ग्रा के हाथों कैच आउट हो गईं। उन्होंने 17 बॉल पर 10 रन बनाए।

दूसराः 9वें ओवर की आखिरी बॉल एश्ले गार्डनर ने ऑफ स्टंप पर फुलर लेंथ फेंकी। मारियन कैप ने स्लॉग स्वीप खेलना चाहा, लेकिन बॉल थर्ड मैन की दिशा में खड़ी हो गई। जहां डार्सी ब्राउन ने आसान सा कैच पकड़ लिया। कैप ने 11 बॉल पर 11 रन बनाए।

***मूनी का नाबाद अर्धशतक***

पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया की ओपनर बेथ मूनी ने 79 रन की नाबाद पारी खेली। साउथ अफ्रीका से मारियन कैप और शबनिम इस्माइल ने 2-2 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया की बाकी बैटर्स में ओपनर एलिसा हीली 18, एश्ले गार्डनर 29, एलिस पेरी 7, जॉर्जिया वेयरहैम शून्य, ग्रेस हैरिस और कप्तान मेग लेनिंग 10-10 रन बनाकर आउट हुईं।

ताहलिया मैक्ग्रा एक रन बनाकर नाबाद रहीं। साउथ अफ्रीका से नॉनकुलुलेको म्लाबा और क्लो ट्रायॉन ने भी एक-एक विकेट लिया।

साउथ अफ्रीका ने पावरप्ले के शुरूआती 4 ओवरों में 4 अलग-अलग गेंदबाजों का इस्तेमाल किया। लेफ्ट आर्म स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा ने पहला ओवर फेंका। वहीं, तेज गेंदबाज शबनिम इस्माइल, मारियन कैप और आयाबोंगा खाका ने दूसरा, तीसरा और चौथा ओवर फेंका। शुरूआती 3 बॉलर्स ने 6-6 रन दिए। वहीं, खाका के ओवर में 7 रन बने। पारी के 5वें ओवर में 11 रन बने और हीली का विकेट गिरा तो वहीं इस्माइल ने पावरप्ले का आखिरी ओवर मेडन फेंका। ऑस्ट्रेलिया पावरप्ले में एक विकेट के नुकसान पर 36 रन ही बना सका। साउथ अफ्रीका की शबनिम इस्माइल ने फाइनल में 2 विकेट लिए। इसके साथ ही वह विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गईं। उनके 32 मैचों में 43 विकेट हो गए। उन्होंने इंग्लैंड की आन्या श्रब्सोल का रिकॉर्ड तोड़ा। जिन्होंने 27 मैचों में 41 विकेट लिए हैं। ऑस्ट्रेलिया की एलिस पेरी 42 मैचों में 40 विकेट के साथ तीसरे नंबर पर हैं।

## नेपाल की टीम में नहीं चुने गए संदीप लामिछाने कोर्ट से नहीं मिली विदेश जाने की अनुमति



नेपाल के स्टार क्रिकेटर संदीप लामिछाने एक बार फिर अपने देश की क्रिकेट टीम से बाहर हो गए हैं। वह क्रिकेट विश्व कप लीग 2 की ट्राई सीरीज में नहीं खेलेंगे। संदीप के ऊपर नाबालिग लड़की के यौन शोषण का आरोप है और वह जमानत पर जेल से बाहर हैं। जमानत की शर्तों के अनुसार संदीप को विदेश जाने की अनुमति नहीं है। इसी वजह से वह अपने देश की टीम से बाहर हो गए हैं। ट्राई सीरीज में नेपाल के अलावा युएई और पापुआ न्यू गिनी की टीम भी शामिल हैं। यह सीरीज दुबई में होनी है। लेग स्पिन गेंदबाज संदीप की जमानत की शर्तों में बदलाव के लिए प्रयास किए जा रहे थे। ऐसे में उनके ट्राई सीरीज में खेलने की उम्मीद थी। हालांकि, नेपाल क्रिकेट संघ ने सीरीज के लिए जिस 15 सदस्यीय टीम का एलान किया है उसमें लामिछाने का नाम नहीं है। त्रिकोणीय सीरीज में नेपाल का पहला मैच सोमवार को दुबई में पीएनजी के खिलाफ होगा। पिछले हफ्ते, एक अन्य क्रिकेट विश्व कप लीग 2 ट्राई सीरीज में लामिछाने ने चार मैचों में 13 विकेट लिए। उनके शानदार प्रदर्शन ने नेपाल को सभी चार मैच जीतने में मदद की। उन्होंने स्कॉटलैंड के खिलाफ अंतिम मैच में चार लेने से पहले सभी तीन मैचों में तीन विकेट लिए। इस सीरीज में नेपाल के अलावा स्कॉटलैंड और नामीबिया की टीम शामिल थी।

## आप पूरी जिंदगी बदकिस्मत रहीं', एलिसा हीली ने हरमनप्रीत कौर पर कसा तंज

### 15वें ओवर में दूसरा रन पूरा करने की कोशिश के दौरान हरमनप्रीत का बल्ला पिच में फंस गया

**केपटाउन।** ऑस्ट्रेलिया की विकेटकीपर-बल्लेबाज एलिसा हीली का मानना है कि महिला टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में हरमनप्रीत कौर का रन आउट किस्मत नहीं बल्कि 'वास्तविक प्रयास' में कमी के कारण हुआ था। हरमनप्रीत और जेमिमा रोड्रिग्स की 41 गेंदों में 69 रन की चौथे विकेट की साझेदारी के दम पर भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत के करीब पहुंच गयी थी। लेकिन 15वें ओवर में दूसरा रन पूरा करने की कोशिश के दौरान हरमनप्रीत का बल्ला पिच में फंस गया और हीली ने गिल्लियां बिखेर कर भारतीय कप्तान को रन आउट कर दिया। यहां से मैच का रुख पलट गया और पांच रन की करीबी हार से भारतीय टीम का विश्व कप अभियान खत्म हो गया।



हीली ने एबीसी स्पोर्ट्स के ट्विटर पर जारी वीडियो में रविवार को कहा, यह एक विचित्र मामला है और मेरा मतलब है कि हरमनप्रीत कह सकती है कि वह बदकिस्मत रही लेकिन मेरा मानना है कि उनके प्रयास में कमी रह गयी और वह शायद क्रीज को पार कर सकती थी। अगर वह ईमानदारी से प्रयास करती तो यह बस दो मीटर का मामला था। हमें इसका कोई मलाल नहीं। मैच के बाद हरमनप्रीत ने नम आंखों के साथ कहा था, मैं इससे ??ज्यादा दुर्भाग्यशाली महसूस नहीं कर सकती। लेकिन हीली उन पर तंज कसने में पीछे नहीं रही। हीली ने कहा, आप कह सकते हैं कि आप अपने पूरे जीवन बदकिस्मत रहीं, लेकिन यह आम तौर पर उस समय के प्रयास और ऊर्जा के बारे में है। उन्होंने कहा, यह विकेटों के बीच दौड़ने के बारे में है। यह उन छोटी-छोटी बुनियादी चीजों को लेकर विपक्ष से बेहतर करने के बारे में है और बड़े टूनार्मेंट इसी तरह से जीत सकते हैं। मुझे लगता है कि हम इसे काफी अच्छे से कर रहे हैं। हीली ने कहा कि अगर बल्लेबाज के साथ कोई परेशानी होती है तो वह गिल्लियां बिखेरने से बचती हैं लेकिन हरमनप्रीत का मामला ऐसा नहीं था।

## भारत में नियुक्त नहीं करना चाहिए उपकप्तान : रवि शास्त्री



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री घरेलू श्रृंखला में उप-कप्तान नियुक्त के खिलाफ हैं क्योंकि उनका मानना है कि ऐसे खिलाड़ी के लय में नहीं होने के कारण सर्वश्रेष्ठ एकादश के चयन में परेशानी होती है। शास्त्री ने यह भी संकेत दिया कि शुभमन गिल को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाकी बचे दो टेस्ट में लोकेश राहुल की जगह अंतिम एकादश में शामिल किया जाना चाहिए। राहुल के लंबे समय से लय में नहीं है। इस सलामी बल्लेबाज ने अपनी पिछली सात पारियों में 22, 23, 10, दो, 20, 17 और एक रन का स्कोर बनाया है। इसके उलट गिल सभी प्रारूपों में शानदार प्रदर्शन के बावजूद टेस्ट टीम में जगह मिलने का इंतजार कर रहे है। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू पॉडकास्ट में कहा, टीम प्रबंधन उनके (राहुल) फॉर्म के बारे में जानता है, वे उनकी मानसिक स्थिति को समझते हैं। उन्हें पता है कि उन्हें गिल जैसे खिलाड़ी को किस नजर से देखना चाहिए। उन्होंने कहा, मेरा हमेशा से मानना रहा है कि भारत में खेलते हुए उप-कप्तान नियुक्त नहीं करना चाहिए। मैं सर्वश्रेष्ठ एकादश के साथ मैदान पर उतरना पसंद करूंगा, और अगर किसी कारण से कप्तान को मैदान छोड़ना पड़ता है, तो उसकी गैरमौजूदगी में आप किसी दूसरे खिलाड़ी को टीम का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी दे सकते है। उपकप्तान नियुक्त कर आपको जटिलताएं पैदा करने की आवश्यकता नहीं है। राहुल को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले दो टेस्ट के लिए उप-कप्तान नियुक्त किया गया था। वह आखिरी दो मैचों के लिए टीम अपना स्थान बरकरार रखने में सफल रहे लेकिन उन्हें उपकप्तान की जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया गया है। भारत के पूर्व कोच ने कहा, अगर उपकप्तान प्रदर्शन नहीं करता है, तो कोई उसकी जगह ले सकता है। हो सकता है मेरी बातें ज्यादा कड़वी लगे लेकिन मुझे घरेलू परिस्थिति में उप-कप्तान पसंद नहीं है। हां विदेशी दौरे पर मामला अलग होता है। इस पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी ने कहा कि भारत में प्रतिभा की कमी नहीं है और एक खिलाड़ी को टीम में अपनी जगह बनाए रखने के लिए लगातार प्रदर्शन करते रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा, राहुल की फॉर्म और मौजूदा मानसिकता को देखना होगा। वह एक जबरदस्त खिलाड़ी है, लेकिन आपको प्रतिभा को परिणामों में बदलना होगा और लगातार अच्छा करते रहना होगा। उन्होंने कहा, भारत में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है और कई खिलाड़ी है जो टीम में जगह मिलने का इंतजार कर रहे है। मैं इसमें राहुल की बात नहीं कर रहा हूं मध्य क्रम और गेंदबाजी लाइनअप में भी कई मजबूत विकल्प हैं।

शास्त्री ने कहा कि खराब लय से जूझ रहे खिलाड़ी के लिए ब्रेक (विश्राम) काफी फायदेमंद हो सकता है। उन्होंने कहा, कभी-कभी उन परिस्थितियों में खिलाड़ी के लिए एक ब्रेक बेहतर होता है क्योंकि वह अपने खेल पर काम कर सकता है और मजबूत होकर अपनी जगह हासिल कर सकता है। शास्त्री ने कहा, मेरे कार्यकाल (कोच) में पुजारा को टीम से बाहर किया गया था। उसने शतक के साथ वापसी की, राहुल को भी टीम से बाहर किया था और उसने ने शानदार वापसी की। आप टी20 प्रारूप के लय को टेस्ट क्रिकेट में नहीं ले जा सकते।

## क्रिकेटर केएल राहुल ने पत्नी अथिया संग किए महाकाल दर्शन: शादी के बाद आशीर्वाद लेने पहुंचे, भस्म आरती में हुए शामिल, लाइन में लगकर पहुंचे गर्भगृह

भारतीय क्रिकेटर केएल राहुल अपनी पत्नी और बॉलीवुड एक्ट्रेस अथिया शेट्टी के साथ रविवार सुबह महाकाल मंदिर पहुंचे। यहां दोनों ने भस्म आरती में शामिल होकर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। दोनों पिछले महीने ही में विवाह बंधन में बंधे हैं।



शादी के बाद ये कपल पहली बार महाकाल का दर्शन करने उज्जैन पहुंचा। दोनों ने करीब 2 घंटे तक महाकाल मंदिर के नंदी हॉल में बैठकर तड़के होने वाली भस्म आरती का दर्शन लाभ लिया। इसके बाद गर्भगृह में जाकर पूजन अभिषेक भी किया।

नव दम्पती अल सुबह करीब 4 बजे मंदिर पहुंचे, भस्म आरती संपन्न होने के बाद दोनों लाइन में लगकर गर्भगृह पहुंचे यहां करीब 10 मिनिट तक पूजन-अर्चन कर भगवान का आशीर्वाद लिया। इस दौरान अथिया बेहद सादगी पूर्ण तरीके से साड़ी में नजर आईं तो वही केएल राहुल धोती व सोला पहनकर दर्शन करने पहुंचे थे।

***मीडिया से बनाई दूरी***

महाकाल मंदिर में दर्शन के बाद दोनों आशीष पुजारी और संजय पुजारी के कक्ष में पहुंचे, यहाँ दोनों ने पुजारियों से भी आशीर्वाद लिया। इसके बाद जब मीडिया ने उनसे बात करनी चाही तो दोनों ने बात करने से इंकार कर दिया।

***टेस्ट सीरीज के लिए पहुंचे हैं इंदौर***

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला 1 मार्च से इंदौर में खेला जाएगा। इस टेस्ट के लिए लिए ही केएल राहुल पत्नी अथिया के साथ शनिवार को इंदौर आए हैं। मैच से पहले समय निकालकर दोनों उज्जैन पहुंचे थे। टीम इंडिया के अन्य खिलाड़ी भी अलग-अलग फ्लाइट से इंदौर पहुंचे। चेतेश्वर पुजारा व जयदेव उनादकट शनिवार शाम को तो तेज गेंदबाज उमेश यादव, मोहम्मद शमी, कुलदीप यादव, केएस भरत, मोहम्मद सिराज, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल और कोच राहुल द्रविड रात को इंदौर आए। इस समय भारतीय टीम 4 मैचों की सीरीज में 2-0 से आगे है।

***23 जनवरी को हुई थी शादी***

केएल राहुल और अथिया शेट्टी की शादी 23 जनवरी को अभिनेता सुनील शेट्टी के खंडाला वाले फार्म हाउस में हुई थी। शादी के बाद सुनील शेट्टी ने अथिया और केएल राहुल की एक खूबसूरत फोटो शेयर कर प्यार भरी पोस्ट भी लिखी थी।

## शार्दुल ठाकुर 27 फरवरी को करेंगे शादी: हल्दी सेरेमनी में 'झिंगाट' पर किया डांस, मराठी रिवाजों से गर्ल फ्रेंड संग लेंगे सात फेरे



भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर 27 फरवरी को शादी कर रहे हैं। महाराष्ट्र के कर्जत में 31 साल के शार्दुल प्रेमिका मिताली पारुलकर से विवाह करेंगे। शादी के पहले हल्दी सेरेमनी से उनके कुछ फोटो वायरल हो रहे हैं। सेरेमनी के दौरान शार्दुल ने सैराट फिल्म के 'झिंगाट' गाने पर डांस किया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शार्दुल ठाकुर मराठी रीति-रिवाजों में शादी करेंगे। मुंबई के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने में व्यस्त शार्दुल की जगह उनकी होने वाली पत्नी मिताली ने शादी का पूरा अरेंजमेंट किया है। बताया जा रहा है कि शादी में दोनों ही मराठी ट्रेडिशनल आउटफिट पहने नजर आएंगे।

## दानिल मेदवेदेव ने जीता कतर ओपन का खिताब एंडी मर्रे को सीधे सेटों में हराया



**दोहा।** दुनिया के दो पूर्व नंबर एक खिलाड़ियों के बीच हुए कतर ओपन टेनिस के फाइनल में दानिल मेदवेदेव ने एंडी मर्रे को सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से हराकर खिताब अपने नाम किया। पहली बार इस टूनामेंट में खेल रहे मेदवेदेव ने शुरूआती सेट में 4-1 और दूसरे सेट में 3-1 की बढ़त के साथ दबदबा बनाया।

एंडी मर्रे ने हालांकि दोनों सेट में इसके बाद शानदार वापसी की लेकिन मेदवेदेव को 17वां एकल खिताब जीतने से नहीं रोक सके। मेदवेदेव ने पिछले सप्ताह रॉटरडैम में भी जीत हासिल की थी जिससे उनकी जीत का सिलसिला लगातार नौ मैचों का हो गया।

मर्रे का दोहा में यह रिकॉर्ड पांचवां फाइनल मुकाबला था।

## अंगुली में चोट के कारण सरफराज खान ईरानी कप से बाहर, लय में नहीं दिखे इशांत



**कोलकाता।** मुंबई के स्टार बल्लेबाज सरफराज खान दिल्ली कैपिटल्स के शिविर में बाएं हाथ की तर्जनी अंगुली में लगी चोट के कारण ईरानी कप से बाहर हो गए हैं जहां उन्हें शेष भारत का प्रतिनिधित्व करना था। सरफराज ने रविवार को ईडन गार्डन्स में अभ्यास मैच में हिस्सा नहीं लिया। ईरानी कप मुकाबला एक मार्च से ग्वालियर में खेला जाएगा। चोट के कारण सरफराज ने अपनी अंगुली पर फाइबर का सुरक्षात्मक कास्ट पहन रखा था और उन्होंने बल्लेबाजी या क्षेत्रक्षण नहीं किया। वह हालांकि एनर्जी ड्रिंक देकर टीम के अपने साथियों की मदद कर रहे थे। सरफराज के मुंबई की टीम के साथी पृथ्वी साव ने अभ्यास मैच के दौरान आक्रामक रवैया अपनाया और मार्गदर्शक सौरव गांगुली तथा सहायक कोच प्रवीण आमरे की मौजूदगी में मैदान में चारों तरफ शॉट खेले। पृथ्वी हालांकि बल्लेबाजी सत्र के बाद मैदान से चले गए और बेंगलुरु जाने के लिए हवाई अड्डा चले गए। उन्होंने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में शिविर में हिस्सा लेना है। भारतीय टीम से बाहर और चोट के कारण बामुश्किल घरेलू क्रिकेट खेलने वाले अनुभवी इशांत शर्मा अभ्यास मैच के दौरान लय में नहीं दिखे। उन्होंने अभ्यास मैच में दोनों टीम की ओर से गेंदबाजी की। मौजूदा सत्र में सिर्फ एक रणजी मुकाबला खेलने वाले इशांत मांसपेशियों में खिंचाव के कारण बाकी सत्र से बाहर हो गए थे। उनका वजन भी कुछ बढ़ा हुआ दिखा। उन्होंने गेंदबाजी के बीच में राष्ट्रीय और कोलकाता नाइट राइडर्स टीम के अपने पूर्व साथी गांगुली से लंबी चर्चा की। बल्लेबाजों ने इशांत की गेंदबाजी का आसानी से सामना किया। आईपीएल की शुरूआत में अब लगभग एक महीने का समय बचा है और ऐसे में इशांत को मैच फिट होने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। उनकी गेंदबाजी की गति में कमी भी चिंता का विषय है। कम जाने पहचाने खिलाड़ियों में बंगाल के अभिषेक पोरेल ने बड़े शॉट खेलने की अपनी क्षमता से प्रभावित किया।

# नागालैंड में अब तक कोई महिला नहीं बनी एमएलए, इस बार चुनावी मैदान में चार महिलाएं

**चुनावी मैदान में कुल 183 उम्मीदवार हैं, जिनमें से चार महिलाएं, महिला उम्मीदवारों में दीमापुर-3 सीट से एनडीपीपी की हेखनी जाखलू, तेनिंग सीट पर कांग्रेस की रोजी थॉम्पसन, पश्चिमी अंगामी सीट पर एनडीपीपी की सलहौतुओनुओ और अतोइजू सीट से भाजपा की काहुली सेमा शामिल**




**कोहिमा।** नगालैंड में नई विधानसभा के गठन के लिए सोमवार को मतदान होना है। ऐसे में सबकी निगाहें उन चार महिला उम्मीदवारों पर टिकी हैं, जो पूर्वोत्तर के इस राज्य में पहली महिला विधायक बनकर इतिहास रचने का प्रयास कर रही हैं। सामाजिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि एक ऐसे राज्य में जहां महिलाएं लगभग सभी सामाजिक मुद्दों पर नेतृत्व की भूमिका में हैं, वहां आज तक कोई महिला विधायक नहीं बन पाई है। नगालैंड में कुल 13,17,632 मतदाता हैं, जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 6,56,143 यानी 49.8 प्रतिशत है। राज्य के चुनावी मैदान में कुल 183 उम्मीदवार हैं, जिनमें से चार महिलाएं हैं। इन चार महिला उम्मीदवारों में दीमापुर-3 सीट से नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) की हेखनी जाखलू, तेनिंग सीट पर कांग्रेस की रोजी थॉम्पसन, पश्चिमी अंगामी सीट पर एनडीपीपी की सलहौतुओनुओ और अतोइजू सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की काहुली सेमा शामिल हैं। राजनीतिक विश्लेषक और लेखक सुशांत तालुकदार ने कहा, यह एक विरोधाभास है कि पूर्वोत्तर के अधिकांश राज्यों में महिलाएं सामाजिक मुद्दों पर नेतृत्व की भूमिका में हैं, लेकिन राजनीतिक क्षेत्र में उन्हें जगह नहीं मिल पाई है। उन्होंने कहा, नगालैंड में भी, वे सभी सामाजिक मुद्दों में सबसे आगे हैं, जैसे आफ्सपा-विरोधी आंदोलन का नेतृत्व करना, उग्रवादी समूहों के साथ शांति वार्ता करना आदि। लेकिन उनके पास पर्याप्त राजनीतिक प्रतिनिधित्व नहीं है। साल 1977 में रानो मेसे शाज़िया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी के टिकट पर जीत हासिल कर लोकसभा सदस्य चुनी गई थीं। वह नगालैंड से संसद पहुंचने वाली पहली महिला थीं। उसके बाद, पिछले साल भाजपा ने नगालैंड से राज्यसभा सदस्य के रूप में एस. फांगनोन कोन्याक को नामित किया था, जिसके साथ ही नगालैंड से कोई दूसरी महिला संसद पहुंची। नगालैंड में लोकसभा और राज्यसभा की एक-एक सीट है, जबकि विधानसभा में सीटों की संख्या 60 है।

सामाजिक कार्यकर्ता पोंगलेम कोन्याक महिला विधायक न बन पाने की वजह बताते हुए कहती हैं, परिवार का मुखिया तय करता है कि वे किसे वोट देंगे और इससे अन्य महिलाएं भी एकजुटता दिखाते हुए महिला उम्मीदवारों को वोट नहीं देतीं। महिला उम्मीदवारों के लिए आमतौर पर जन समर्थन की कमी है। उन्होंने कहा, हमें अभी तक राजनीतिक सफलता नहीं मिली है, लेकिन सामाजिक क्षेत्र में हम सक्रिय हैं। हम एक दिन वहां (विधानसभा में) भी पहुंचेंगे। नगालैंड की 60-सदस्यीय विधानसभा के लिए 27 फरवरी को मतदान होगा और मतगणना दो मार्च को होगी।

## गुजरात : अमरेली में दो वर्ष में भूकंप के 400 हल्के झटके दर्ज

**अहमदाबाद।** गुजरात के अमरेली जिले में दो वर्ष के दौरान एक के बाद एक भूकंप के झटकों की झड़ी लग गई और यहां करीब 400 बार हल्के झटके दर्ज किये गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भूकंप विज्ञानी इस स्थिति को भूकंप स्वार्म कहते हैं। स्वार्म अधिकतर छोटे स्तर के भूकंपों का क्रम होता है जो अक्सर कम समय के लिए आते हैं, लेकिन ये कई दिनों तक जारी रह सकते हैं। ये झटके अमरेली के मिटियाला गांव में भी महसूस किये गये जहां के निवासियों ने एहतियात के रूप में अपने घरों के बाहर सोना शुरू कर दिया ताकि वे किसी बड़े भूकंप से होने वाली अनहोनी से बच सकें। मिटियाला निवासी मोहम्मद राठौड़ ने बताया कि झटके की आशंका के चलते सरपंच समेत गांव के ज्यादातर लोग रात में अपने घरों के बाहर सोने लगे हैं। सौराष्ट्र क्षेत्र में स्थित अमरेली जिले में भूकंप स्वार्म के कारण को स्पष्ट करते हुए गांधीनगर स्थित भूकंपीय शोध संस्थान के महानिदेशक सुमेर चोपड़ा ने एक न्यूज एजेंसी से कहा कि मौसमी भूकंपीय गतिविधियों की वजह टेक्टॉनिक क्रम और जलीय भार है।

## हिना खान ने बॉसी लुक में कराया ग्लैमरस फोटोशूट, डिजाइनर जैकेट ने खींचा फैंस का ध्यान



टीवी एक्ट्रेस हिना खान इन दिनों अपनी हॉट फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर कर के फैंस को अपनी ओर अट्रेक्ट कर रही हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर हमेशा अपना दिल हार जाती हैं। हाल ही में हिना खान ने बेहद ही कैजुअल आउटफिट में फोटोज क्लिक करवाई हैं। हिना खान ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। जिसमें वे काफी अलग और एलिगेंट लुक में नजर आ रही हैं। डिजाइनर जैकेट में लेडी बॉस बनकर हिना अपनी तस्वीरों से हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच रही हैं। फैंस भी तस्वीरों पर धड़ाधड़ रिएक्ट कर रहे हैं। इस फोटोशूट के लिए हिना खान ने ब्लैक आउटफिट कैरी किया है। साथ में ब्लैक क्रॉप ब्लेजर पहना है, जबकि बॉटम में उन्होंने मैचिंग की लूज पैंट्स कैरी की है। हिना ने अपने इस लुक को सटल शाइनी बेस, न्यूड ग्लॉसी लिपस्टिक, और न्यूड शिमर सिल्वर स्मोकी आईज से कंप्लीट किया है। वहीं बालों में बन बांधा हुआ है। उन्होंने कान में मैचिंग के ब्लैक एंड रेड ईयररिंग्स और गले में फंकी नेकपीस पहना है।

## खास खबर

### स्वामी प्रसाद मौर्य ने फिर ट्वीट कर माहौल गरमाया, ताड़ना का अर्थ शिक्षा बताने वाले नादान

सपा के एमएलसी स्वामी प्रसाद मौर्य ने ट्वीट कर फिर से सियासी माहौल गरमा दिया है। उन्होंने ट्वीट किया है कि नारी शुद्रो न धीयताम यानी नारी व शुद्र को पढ़ने का अधिकार नहीं है। आगे लिखा कि शम्बूक ने पढ़ाने का प्रयास किया तो सिर काट दिया। द्रोणाचार्य के मना करने पर एकलव्य धर्नुधर बना तो अंगूठा काट लिया गया। स्वामी प्रसाद मौर्य ने लिखा कि ताड़ना का अर्थ शिक्षा बताने वाले या तो नादान हैं या जनता को नादान समझते हैं। इसी तरह उन्होंने दूसरे ट्वीट में लिखा कि शिक्षा का अधिकार तो फूले, साहूजी महराज व डा. अंबेडकर के प्रयासों से संविधान से मिला है। स्वामी प्रसाद का यह ट्वीट उस वक्त आया है, जब एक दिन पहले इस पर सदन में मुख्यमंत्री बयान दे चुके हैं। उनके इस ट्वीट को सियासी तौर पर सदन में दिए गए बयान से जोड़कर देखा जा रहा है।

### अंतरराष्ट्रीय सीमा पर दिखा पाकिस्तान ड्रोन मुस्तैद इरऋजवानों ने मार गिराया

पंजाब के गुरदासपुर में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने फायरिंग कर पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया। मुस्तैद जवानों ने पाकिस्तान की हथियार और हेरोइन भेजने की एक और साजिश को नाकाम कर दिया है। बीएसएफ के डीआईजी प्रभाकर जोशी ने बताया कि गुरदासपुर सेक्टर के अधीन चौकी कस्सोवाल पर बीएसएफ के 113 बटालियन के जवानों ने शनिवार और रविवार मध्यरात्रि करीब 2:12 बजे पाकिस्तानी ड्रोन को देखा। इसके बाद मुस्तैद बीएसएफ जवानों ने ड्रोन पर करीब 60 से 70 फायरिंग की और पांच रोशनी करने वाले बम भी दागे। इसी बीच ड्रोन गांव शहजादा के इलाके में जा गिरा। सर्च अभियान के दौरान जवानों ने ड्रोन को अपने कब्जे में ले लिया। उन्होंने बताया कि देश विरोधी ताकतों को मंसूबों को कई बार नेस्तनाबूद किया गया है।

## चिकित्सा सुविधा एप ई-संजीवनी की पहुंच भारत में डिजिटल क्रांति की शक्ति को दिखाता है: पीएम मोदी

**मन की बात की ताजा कड़ी में पीएम ने कहा**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि ऑनलाइन चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने वाले ई-संजीवनी एप की पहुंच भारत में डिजिटल क्रांति की शक्ति को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि 10 करोड़ से अधिक लोगों ने इस सुविधा का लाभ उठाया है। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की ताजा कड़ी में उन्होंने कहा कि ई-संजीवनी एप आम आदमी, मध्यम वर्ग और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वालों के लिए जीवन रक्षक एप बन गया है। उन्होंने कहा, ये है भारत की डिजिटल क्रांति की शक्ति। मोदी ने कहा कि इस एप का उपयोग कर अब तक टेलीकंसल्टेशन करने वालों की संख्या 10 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है। उन्होंने कहा, ये बहुत बड़ी उपलब्धि है। भारत के लोगों ने तकनीक को कैसे, अपने जीवन का हिस्सा बनाया है, ये इसका जीता-जागता उदाहरण है। उन्होंने कहा कि कोरोना के काल में ई-संजीवनी एप के जरिए टेलीकंसल्टेशन एक बड़ा वरदान साबित हुआ। प्रधानमंत्री ने इस दौरान एक चिकित्सक और एक मरीज से संवाद भी किया। उन्होंने कहा, देश के सामान्य लोगों के लिए, मध्यम वर्ग के लिए, पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वालों के लिए, ई-संजीवनी जीवन रक्षा करने वाला एप बन रहा है। प्रधानमंत्री ने भारत के डिजिटल लेनदेने के मंच यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) का भी उल्लेख किया और कहा कि दुनिया के कई देश इसकी तरफ आकर्षित हैं। उन्होंने भारत और सिंगापुर के बीच हाल ही में डिजिटल लेनदेन लिंक सेवा शुरू किए जाने का जिक्र करते हुए कहा, भारत का ई-संजीवनी एप हो या फिर यूपीआई, ये जीवन जीने की सुगमता को बढ़ाने में बहुत मददगार साबित हुए हैं।

## पुलवामा में कश्मीरी पंडित की हत्या गंभीर चिंता का विषय: गुलाम नबी आजाद

**श्रीनगर।** डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले में रविवार को एक कश्मीरी पंडित की हत्या की निंदा करते हुए कहा कि यह गंभीर चिंता का विषय है। आजाद ने कहा, कोई भी हत्या, विशेष रूप से निशाना बनाकर की गई हत्या, गंभीर चिंता का विषय है और निंदनीय है। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि निशाना बनाकर की गई हत्या निंदनीय है, चाहे वह कश्मीरी पंडित की हो या किसी मुस्लिम की या सिख की। हालांकि, उन्होंने कहा कि सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि जहां पिछले 30 वर्षों में इस तरह की घटनाओं के सिलसिले में कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है, वहीं पिछले दो वर्षों में इन लक्षित हत्याओं के लिए एक भी हत्यारे को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। पुलवामा जिले में आतंकवादियों ने रविवार को कश्मीरी पंडित समुदाय के एक व्यक्ति की उस वक्त गोली मारकर हत्या कर दी, जब वह स्थानीय बाजार जा रहा था। पुलिस ने बताया कि घटना पूर्वाह्न करीब 11 बजे हुई और गोली 40 वर्षीय व्यक्ति के सीने में लगी।

## मूसेवाला मर्डर केस के आरोपियों में गैंगवार: पंजाब की जेल में बंद दो बदमाशों की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

**बदमाश मनदीप सिंह तूफान और मनमोहन सिंह मोहना की मौत**

**चंडीगढ़।** पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला मर्डर केस में शामिल 2 बदमाश जेल में हुए गैंगवार में मारे गए हैं। पंजाब में तरनतारन जिले की गोइंदवाल जेल में रविवार को बदमाशों के बीच हिंसक झड़प हुई। इसमें बदमाश मनदीप सिंह तूफान और मनमोहन सिंह मोहना की मौत हो गई। एक अन्य बदमाश केशव की हालत गंभीर है। पुलिस ने बताया कि तीनों के सिर पर धारदार हथियारों से हमला किया गया था। तरनतारन के एमरजेंसी मेडिकल अफसर डॉ. जगजीत सिंह ने कहा कि रविवार दोपहर को जेल से लाए गए तीन घायलों में दो की अस्पताल लाने से पहले ही मौत हो चुकी थी, जबकि तीसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। मारा गया गैंगस्टर मंदीप तूफान सिंगर मूसेवाला की हत्या की दौरान स्टैंडबाय शूटर के तौर पर मौजूद था। वह जग्गू भगवानपुरिया गैंग का मेंबर था।



गैंगस्टर मनदीप तूफान (दाएं) की फाइल फोटो, जो लुधियाना कोर्ट में पेशी दौरान ली गई थी।

**कैदियों से कहासुनी हुई, फिर हिंसा में दोनों की जान गई**

शुरूआती जानकारी के मुताबिक, गैंगस्टर मनदीप सिंह तूफान की जेल में कैदियों के साथ किसी बात को लेकर झड़प हुई थी। इसके बाद कैदियों ने उसे पीट-पीटकर कर मौत के घाट उतार दिया। संघर्ष में तीन से चार दूसरे कैदियों के घायल होने की भी सूचना मिली है।

**मूसेवाला मर्डर में स्टैंडबाय शूटर था मनदीप तूफान**

सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के दिन मनदीप तूफान भी घटनास्थल के आसपास ही मौजूद था। गोल्डी बराड़ ने जग्गू भगवानपुरिया के खास मंदीप तूफान के अलावा मनी रईया को स्टैंडबाय पर रखा था। इन्हें जगरूप उर्फ रूपा और मनप्रीत मन्नू को कवर देने के लिए कहा गया था। जग्गू भगवानपुरिया से पूछताछ के बाद मनदीप तूफान का नाम सामने आया था।

**मूसेवाला के मर्डर के बाद अंडरग्राउंड हो गए थे दोनों बदमाश**

मूसेवाला की हत्या के बाद दोनों आरोपी लुधियाना के संदीप के साथ अंडरग्राउंड हो चुके थे। संदीप ने दोनों ही आरोपियों को लुधियाना में अपने एक रिश्तेदार के घर में पनाह दे कई दिनों तक यहां पर रखा। कुछ दिन लुधियाना में रहने के बाद दोनों गैंगस्टर मनदीप सिंह तूफान और मनी लुधियाना से चले गए थे जबकि उसके बाद पुलिस ने संदीप को गिरफ्तार कर लिया था।

**बठिंडा के पैट्रोल पंप पर सीसीटीवी में नजर आया था तूफान**

पुलिस के मुताबिक संदीप ने अमृतसर के घोड़ों के व्यापारी सतबीर की फॉर्च्यूनर में हथियार देकर बठिंडा मूसेवाला की हत्या के लिए भेजा था। बठिंडा के एक पैट्रोल पंप की उउळश फुटेज में दोनों के नजर आने पर ही मामला साफ हो गया कि आरोपियों को सतबीर ही बठिंडा तक लेकर गया। संदीप ने मानसा में 3 शूटर भेजे थे। इन शूटरों में मनी रइया, तूफान के नाम तो पुलिस को संदीप ने बता दिए थे। तीसरा शूटर अभी पुलिस की पहुंच से बाहर है और उसकी पहचान भी नहीं हो पाई है।

**लुधियाना में भी दोनों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था**

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक गैंगस्टर मनदीप सिंह तूफान और मनी रईया पर लुधियाना में भी पुलिस ने कुछ समय पहले ही मुकदमा दर्ज किया था।

## 'मोदी मर गया', आप कार्यकताओं ने लगाए आपत्तिजनक नारे, सामने आया वीडियो

**सीबीआई के दफ्तर पहुंचे मनीष सिसोदिया, भड़के कार्यकर्ता**



**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को रविवार के दिन सीबीआई ने शराब घोटाले मामले में पुछताछ के लिए बुलाया। सिसोदिया के समर्थन में आप कार्यकताओं ने दिल्ली की शायद ही कोई ऐसी सड़क हो जहां विरोध-प्रदर्शन न किया हो। हालांकि, इस दौरान दिल्ली पुलिस कुछ कार्यकताओं को हिरासत में लेकर थाने ले गई। इस बीच आप के कार्यकताओं ने 'मोदी मर गया' के आपत्तिजनक नारे लगाए। एक महिला कार्यकर्ता ने कहा कि मोदी अडानी के लिए कुछ नहीं करता और हमारे शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार करना चाहता है। सीबीआई हेडक्वार्टर के आस-पास धारा 144 लागू कर दी गई है। इस वीडियो में एक महिला यह कहते हुए नजर आ रही हैं, 'मोदी मर गया हाय-हाय' 'मोदी मर गया हाय-हाय'।

जब उनसे इस नारा लगाने की वजह पूछी गई तो उन्होंने कहा कि पीएम मोदी अडानी के लिए सब कुछ कर रहे हैं न ही आम आदमी के लिए, इसलिए वह यह नारे लगा रही हैं।

## अतीक के विरुद्ध खड़े अन्य गवाहों की सूची जुटा रही पुलिस, साबरमती से लाने की भी तैयारी

**माफिया अतीक अहमद पर शिकंजा कसने के लिए शासन ने दिए कड़े निर्देश**



**लखनऊ।** प्रयागराज में बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की हत्या के मामले में नामजद आरोपित माफिया अतीक अहमद पर शिकंजा कसने के लिए शासन ने कड़े निर्देश दिए हैं। माफिया अतीक के विरुद्ध विचाराधीन 54 मुकदमों के गवाहों की सूची भी जुटाई जा रही है। उन गवाहों की सुरक्षा बढ़ाने पर भी विचार चल रहा है।

इसके साथ ही अभियोजन निदेशालय उन मामलों की फाइलें पलटने में जुट गया है, जिनमें अतीक अहम के विरुद्ध आरोप तय कराए जाने हैं। ऐसे मामलों में कोर्ट में पैरवी तेज की जाएगी। एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को मामले की मॉनिटरिंग में लगाया गया है।

उमेश पाल हत्याकांड में अतीक अहमद से सीधे पूछताछ की भी तैयारी है। पुलिस इस हत्याकांड में नामजद अतीक से पूछताछ करने व उसे पुलिस रिमांड पर लेने के लिए जल्द गुजरात कोर्ट में प्रार्थना पत्र दाखिल किए जाने की तैयारी कर चुकी है। अतीक 11 फरवरी, 2017 से गुजरात की साबरमती जेल में निरुद्ध है। माफिया अतीक अहमद के विरुद्ध 100 मुकदमे दर्ज हैं। शासन ने अतीक अहमद के विरुद्ध विचाराधीन सभी मामलों का पूरा ब्योरा तलब किया है। एसटीएफ व प्रयागराज पुलिस अब तक की जांच में सामने आ चुके तथ्यों के आधार पर अतीक के अलावा जेल में उसके भाई मु. अशरफ उर्फ खालिद, बेटे उमर अहमद व अली अहमद से भी पूछताछ करेगी। गिरोह के कुछ सक्रिय सदस्यों की भी सरगर्मी से तलाश कराई जा रही है। एसटीएफ की एक टीम बीते दिनों जेल से बाहर आए कुछ शातिर अपराधियों के अतीक अहमद गिरोह से कनेक्शन भी खंगाले जा रहे हैं। विधानसभा सत्र के दौरान प्रयागराज में जिस तरह दिनदहाड़े उमेश पाल की गोली व बम मारकर हत्या की गई, उसे लेकर विपक्ष बड़े सवाल उठा रहा है। शनिवार को इसे लेकर विपक्ष हमलावर भी रहा। जिसके बाद डीजीपी मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने अब तक की जांच में सामने आए तथ्यों की जानकारी लेने के साथ ही तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराए जाने के कड़े निर्देश दिए हैं।

## 'अडानी जैसा एक व्यक्ति आज हाथी जैसा मोटा बन गया है'

**कांग्रेस महाधिवेशन में खड़गे का निशाना**



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को कहा कि मौजूदा समय में पार्टी के समक्ष कई चुनौतियां हैं जिनसे निपटने के लिए एकता, अनुशासन और दृढ़ संकल्प की जरूरत है। पार्टी के 85वें महाधिवेशन के समापन पर उन्होंने यह भी कहा कि यह नई कांग्रेस का आगाज है। खरगे ने माना कि पार्टी के समक्ष आज तमाम चुनौतियां हैं, लेकिन उन्होंने यह भी साफ कर दिया कि ऐसी कोई चुनौती नहीं है जिसका कि समाधान कांग्रेस नहीं निकाल सकती। इसके लिए खड़गे ने एकता, अनुशासन और दृढ संकल्प को जरूरी बताया। उन्होंने कहा, पार्टी की ताकत में ही हमारी ताकत है। हम जो आचरण राष्ट्रीय स्तर पर करेंगे उसका संदेश हमारे करोड़ों साथियों तक हर स्तर पर जाएगा। खड़गे ने नफरत फैलाने वाली विचारधारा का मजबूती से मुकाबला करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार जो गलतियां करती है, उसे हम बताते रहेंगे, डरेंगे नहीं।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार और देश के बड़े बिजनेसमैन गौतम अडानी पर जमकर निशाना साधा है। खड़गे ने कहा, चंद लोग इस देश की संपत्ति को लूट रहे हैं। हमारा पैसा और संपत्ति भी हमारी और उस पैसे से एक-एक (संपत्ति) खरीद कर मोदी जी एक व्यक्ति को दे रहे हैं। उस अडानी को इतना बड़ा बना रहे हैं कि वह एक व्यक्ति आज हाथी के जितना मोटा बन गया है। बता दें कि इस समय रायपुर में कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन चल रहा है।

## जांच एजेंसियों के माध्यम से छत्तीसगढ़ के कांग्रेस नेताओं पर दबाव बना रही केंद्र सरकार : प्रियंका गांधी

**कांग्रेस के 85 वें राष्ट्रीय अधिवेशन के समापन एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा इस तरह के छापे छत्तीसगढ़ के लोगों और उनके अधिकारों पर हमला**



**रायपुर।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने रविवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह जांच एजेंसियों के माध्यम से छत्तीसगढ़ के कांग्रेस नेताओं पर दबाव बनाने की कोशिश कर रही है। राजधानी रायपुर के जोरा गांव में कांग्रेस के 85 वें राष्ट्रीय अधिवेशन के समापन एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा इस तरह के छापे छत्तीसगढ़ के लोगों और उनके अधिकारों पर हमला है।

उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार केवल अपने उद्योगपति दोस्तों की आवाज सुनती है तथा गरीबों की आवाज को नजरअंदाज कर रही है। प्रियंका गांधी ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ की उनकी पहली यात्रा है। उन्होंने कहा, "मैं पहली बार छत्तीसगढ़ आई हूं और मुझे बहुत खुशी है कि यहां एक भव्य राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन किया गया। मैंने अपनी दादी इंदिरा जी से छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा के बारे में सुनी थी, लेकिन अब मैंने इसे देखा है। उन्होंने कहा, "शनिवार को सिरपुर (महासमुंद जिला) गई और वहां बुद्ध विहार, शिव जी मंदिर देखा और लोगों की एकजुटता और एकता को दशार्ने वाली आदिवासी परंपराओं को भी देखा। हमारा संविधान भी उसी एकता में विश्वास करता है।" प्रियंका गांधी ने कहा, "जब हम सभी कहते हैं कि हम संविधान को बचाने के लिए लड़ रहे हैं तो हम सभी के लिए इसका क्या मतलब है..सबसे पहले यह समानता और सभी के लिए समान अधिकार सुनिश्चित करने की बात करता है। कानून बराबर है। इसलिए अगर संविधान कमजोर है तो नेताओं को अन्याय करने का मौका मिल जाता है। संविधान सभी को समान अवसर देता है।" उन्होंने कहा कि मीडिया, न्यायपालिका और संसद संविधान की रक्षा करते हैं। (भाजपा) सरकार मीडिया और न्यायपालिका को दबाने की कोशिश कर रही है। प्रियंका गांधी ने कहा कि ह्यह्यवे (सत्तापक्ष) संसद में विरोधियों की आवाज को भी दबा देते हैं। कांग्रेस महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा चाहती है, लेकिन संसद हमारी (राहुल गांधी और खड़गे) आवाजों को रिकॉर्ड पर भी नहीं लेती है। उन्होंने कहा, "छत्तीसगढ़ में हमारे नेताओं पर ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) और आईटी (आयकर) के छापे पड़ रहे हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि छत्तीसगढ़ की सरकार और मुख्यमंत्री (भूपेश बघेल) अच्छा काम कर रहे हैं और पूरे देश में राज्य को मॉडल के तौर पर देखा जा रहा है। वे (भाजपा) दिखाना चाहते हैं कि (कांग्रेस) सरकार आपके लिए अच्छी नहीं है। लेकिन आप जानते हैं कि क्या अच्छा काम किया जा रहा है। वे एजेंसियां भेजते हैं और हमें दबाने की कोशिश करते हैं। वे जानते हैं कि हम दोबारा जीतेंगे और इसलिए वे ऐसा कर रहे हैं।" प्रियंका गांधी ने कहा कि कांग्रेस नेताओं पर ईडी का छापा कांग्रेस पार्टी पर नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ के लोगों और उनके अधिकारों पर हमला है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उद्योगपति गौतम अडाणी को निशाने पर लिया और भाजपा के नारे 'सबका साथ, सबका विकास' का माखौल उड़ाते हुए इसे मित्र का साथ, मित्र का विकास कहा। प्रियंका गांधी ने कहा कि इस देश की हकीकत सभी को समझनी होगी; किसे मौका मिल रहा है। सभी छोटे व्यवसाय समाप्त हो गए हैं। उन्होंने कहा कि किसान प्रतिदिन 27 रुपये कमा रहे हैं जबकि प्रधानमंत्री के एक व्यवसायी मित्र ने प्रतिदिन 1600 करोड़ रुपये कमाए हैं। उन्होंने कहा, "युवा बेरोजगार हैं, लेकिन एयरपोर्ट, बंदरगाह, रेलवे और पीएसयू गौतम अडाणी को सौंपे जा रहे हैं।"



**उत्तर प्रदेश स्थित ताजनगरी रविवार को डेनमार्क के प्रिंस फेडरिक आंद्रे हेनरिक और प्रिंसेस मेरी एलिजाबेथ पहुंची। यहां फोक डांस से उनका स्वागत किया गया। इसके बाद वह ताज का दीदार करने पहुंचे। इसके बाद वह आगरा किला देखने के लिए पहुंचेंगे।**

# दंगा फैलाने वाले अराजकतत्वों पर होगी आरएएफ की पैनी नजर


रूट मार्च करती रैपिड ऐक्शन फोर्स।

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। जनपद में त्यौहारों को शान्ति पूर्वक सम्पन्न कराने के रैपिड एक्शन फोर्स द्वारा हर नगर पंचायतों व बाजारों में फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है। फ्लैग मार्च निकालकर आरएएफ की टीम लोगों से शान्ति पूर्वक त्यौहार मनाने की अपील कर रही है।

जनपद में शान्ति व्यवस्था कायम करने उदेश्य से आरएएफ की टीम द्वारा फ्लैग मार्च निकाल कर लोगों को शान्ति का संदेश दे रही है। साथ ही लोगों से शान्तिपूर्वक त्यौहार मनाने की अपील भी कर रही है। दंगा फैलाने वालों पर रेपिड एक्शन फोर्स बड़ी कार्यवाई करेगी। रेपिड एक्शन फोर्स के उप कमाण्डेंट प्रमोद सिरसाट ने अपनी टीम के साथ संवेदनशील इलाकों में रूट मार्च कर क्षेत्र के बारे में विभिन्न जानकारियों को हासिल किया तथा डाटा संकलित किया ताकि भविष्य में दंगाईयों पर लगाम लगा सके। प्रमोद ने बताया कि जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए हमारी टीम ने विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया है तथा प्रमोद ने बातचीत के दौरान यह भी जानकारी दी कि डी-91 रेपिड एक्शन फोर्स स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर जनपद से दंगा विरोधी ताकतो को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबध्द हैं। इस मौके पर थाना प्रभारी एवं रेपिड एक्शन फोर्स तथा राज्य पुलिस के अन्य जवान भी मौजूद रहे।

## नव प्रवेशित छात्र, छात्राओं को दिलायी गयी शपथ

आजमगढ़। मां कौशिल्या स्कूल ऑफ नर्सिंग, लछिरामपुर, हीरापट्टी, आजमगढ़ के एएनएम (11वां बैच), जीएनएम (12वां बैच) बीएससी नर्सिंग तथा पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग के नव प्रवेशित छात्र, छात्राओं का शपथ ग्रहण समारोह एवं बीएससी नर्सिंग तथा पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग प्रथम बैच के उत्तीर्ण छात्र, छात्राओं का दीक्षांत समारोह राहुल सांकृत्यायन ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स के राहूल सांकृत्यायन जन इण्टर कालेज के प्रांगण में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.आईएन तिवारी ने की। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य सेवा में नर्सिंग के महत्व को रखांकित करते हुए इसको सर्वोपरि बताया। शपथ ग्रहण डा.शुभी त्रिपाठी द्वारा सम्पन्न हुआ। डा.ओपी श्रीवास्तव, डा.एके मिश्रा सेवा निवृत सीएमओ, डा.एके सिंह तथा डा.सीके त्यागी ने छात्र, छात्राओं को डिग्रियों का वितरण किया। मां कौशिल्या स्कूल ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या सना केमई और व्यवस्थापक डा.सुधांशू शेखर ने नर्सिंग स्कूल का संक्षिप्त परिचय दिया और उसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। संचालन कुशलपाल सिंह एवं रागिनी राय ने किया।

# राजकीय सम्मान के साथ हुआ गनर का अंतिम संस्कार

जनसंदेश न्यूज


मृतक गनर संदीप निषाद को गार्ड आफ आनर देते पुलिस के जवान।

अतरौलिया (आजमगढ़)। प्रयागराज में शुक्रवार को बसपा विधायक रह चुके राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की सरेआम बम और गोलियों से हमला कर दिया गया। हमले में उमेश पाल और उनके एक गनर की मौत हो गई थी। मृतक गनर संदीप निषाद पुत्र सन्तराम निषाद जिले के अहरौला थाना क्षेत्र के बिसईपुर गांव का रहने वाला था।

संदीप का शव शनिवार की शाम को प्रयागराज में पोस्टमार्टम के बाद आजमगढ़ पैतृक गांव में देर रात को पहुंच गया था। ग्रामीण परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और 50 लाख मुआवजे की मांग कर रहे थे। अधिकारियों के भरोसा देने के बाद रविवार को सुबह पुलिस के ट्रक में पार्थिव शरीर रख शव यात्रा निकली। इसमें सैकड़ों की संख्या में गांव व आसपास के लोग मौजूद रहे। इस दौरान जब तक सूरज चांद रहेगा संदीप तेरा नाम रहेगा और संदीप भैया अमर रहे के नारे लगे।

संदीप के शव का अंतिम संस्कार फूलपुर क्षेत्र के दुवार्सा धाम पर राजकीय सम्मान के साथ किया गया। मौके पर लालगंज सांसद संगीता आजाद भी पहुंची।

इस मौके पर पूर्व सांसद नीलम सोनकर, एएसपी, एसडीएम बूढ़नपुर नवीन प्रसाद, क्षेत्राधिकारी बूढ़नपुर महेंद्र कुमार शुक्ला, थानाध्यक्ष अहरौला योगेंद्र बहादुर सिंह, कोयलसा ब्लाक प्रमुख संतोष यादव, भाजपा नेता हरीश तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष रविंद्र सिंह, बालमुकुंद सिंह, बसपा नेता अरिदमन आजाद आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 271 मरीजों का हुआ परीक्षण



ठेकमा (आजमगढ़)। आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत एमके राय दीप आदर्श हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर एवं आजाद हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर द्वारा स्वास्थ्य केन्द लालगंज में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 271 मरीजों का परीक्षण व दवा का वितरण किया गया। मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत एम के राय दीप आदर्श हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर भगवानपुर ठेकमा एवं आजाद हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर भरथीपुर सरैया पल्हना के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में सिविल लगाकर चिकित्सक डॉक्टर एन के सिन्हा एमएस एवं डॉक्टर असलम अली एमडी फिजिशियन डीप डी एम के द्वारा 61 आयुष्मान लाभार्थियों तथा 210 अन्य प्रकार के मरीजों का शिविर लगाकर स्वास्थ्य परीक्षण ब्लड ईसीजी जांच एवं इलाज किया गया एवं निशुल्क दवा वितरण भी किया गया इस अवसर पर हॉस्पिटल के डायरेक्टर एम के राय एडवोकेट सुनील कुमार चंद्र शेखर गौतम डॉक्टर शिवनाथ एमडी फिजिशियन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### श्याम महोत्सव के तहत निकाली गयी भव्य निशान यात्रा



आजमगढ़। फागुन मास के अवसर पर श्री राणी सती श्याम भक्त मंडल द्वारा आयोजित श्याम महोत्सव के तहत रविवार को भव्य निशान यात्रा का आयोजन किया गया। मारवाड़ी धर्मशाला में भक्तों द्वारा निशान पूजन किया गया। शीश के दानी श्री श्याम प्रभु इस यात्रा में सबसे आगे श्री खाटू श्याम प्रभु की सुसज्जित रथ पर नैनाभिराम मनमोहक झांकी दिल्ली से आए कलाकार द्वारा सजाई गई। नगर की सड़कों पर होली का माहौल लोगों को देखने को मिला जिससे निशान यात्रा गुजरती सड़कें अबीर गुलाल से सराबोर हो गयी। होली व श्री श्याम प्रभु के मनमोहक गीतों पर भक्तगण अबीर-गुलाल उड़ाते हुए तो दूसरी तरफ महिला पुरुष बच्चे हाथों में निशान लिए हुए प्रभु झूमते-नाचते चल रहे थे। बाजे गाजे के साथ निकाली गई निशान यात्रा मारवाड़ी धर्मशाला से आरंभ होकर जमा मस्जिद, पुरानी कोतवाली, चैक, मातबरगंज, बड़ादेव होते हुए बिन्नानी गार्डन पहुंची। इस अवसर पर शोभित अग्रवाल, अभिषेक खंडेलिया, सौरभ डालमिया, मोनू अग्रवाल अजीत रुंगटा शंभू जालान, प्रत्यूष डालमिया, अशोक रुंगटा, आशुतोष रुंगटा, मानस, अंशु गोयल, प्रदीप बैरसिया, अरुण रुंगटा, संजय डालमिया, योगेश शर्मा, अनमोल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### धर्म परिवर्तन की सूचना पर पहुंची पुलिस, आधा दर्जन हिरासत में



पटवध (आजमगढ़)। जनपद के रौनापार थाना क्षेत्र अंतर्गत बातन गांव में धर्म परिवर्तन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। भाजपा युवा मोर्चा के वरिष्ठ नेता आशीष गुप्ता ने बताया बीते कई दिनों से यहां ईसाई धर्म का प्रचार प्रसार कर धर्म परिवर्तन करने का मामला चल रहा था इसकी सूचना पर पुलिस टीम ने पहुंचकर आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### बिजली के खंभे पर लटका मिला युवक का शव



पटवध (आजमगढ़)। जनपद के रौनापार थाना क्षेत्र अंतर्गत बघावर गांव में खेत के पास एक बिजली के खंभे पर लटका हुआ युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सुबह टहलने निकले ग्रामीणों ने शव देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी सूचना पाकर मौके पर पहुंची रौनापार पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है और घटना की छानबीन में जुट गई है। वही शव की पहचान अभिषेक कुमार पुत्र जगधारी राम गांव महुलिया थाना बिलरियागंज के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।

### रक्तदान शिविर में महादानियों को किया गया सम्मानित




फूलपुर (आजमगढ़)। स्थानीय कस्बा में एक डायग्नोस्टिक सेंटर पर जेसीआई फूलपुर कुंवर के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान दो दर्जन से अधिक महादनियों ने रक्तदान किया। आरके ब्लड बैंक शाहगंज द्वारा रक्तदान करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। फूलपुर नगर स्थित आशा डायग्नोस्टिक सेंटर पर रक्तदान शिविर का उद्घाटन उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, आजमगढ़ के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष चंद्रभान यादव और जेसीआई फूलपुर कुँवर के अध्यक्ष जेसी धीरज मिश्र ने फीता काटकर किया। आरके अस्पताल एवं ब्लड बैंक शाहगंज द्वारा रक्तदान शिविर में कुल 25 महादनियो ने रक्तदान किया। मुख्य अतिथि चंद्रभान यादव ने कहा कि रक्तदान से बड़ा दान कुछ भी नही है। विशिष्ट अतिथि एआरपी हरिश्चंद्र यादव, एआरपी जितेंद्र मिश्र ने कहा कि रक्तदान शिविर का आयोजन एक पुण्य कार्य है। इसमें लोगों को बढ़-चढ़कर के भाग लेना चाहिए। धीरज मिश्र ने बताया कि जेसीआई का मूल उद्देश्य मानव उत्थान के लिए सामाजिक कार्य करते रहना है। इस अवसर पर लक्ष्मीकांत यादव, मनीष अग्रहरि, डॉ.उमेश पाण्डेय, राजकिशोर यादव, डॉ.दिनेश प्रजापति, डॉ.सचिन गुप्ता, धर्मेंद्र यादव, लाल चंद सौरभ यादव आदि उपस्थित रहे। संचालन सच्चिदानंद यादव ने किया।

### लाजिम है कि हम जुल्म के खिलाफ बोलेंगे: डा.इंदु चौधरी



आजमगढ़। जमीन-मकान बचाओ संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में खिरिया बाग में 137वें दिन धरना जारी रहा। सर्वप्रथम महात्मा बुद्ध और डा. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान विभिनन नारे लगाये गये। धरने को समर्थन देने पहुंची बीएचयू की प्रोफेसर डा.इंदु चौधरी ने कहा कि खिरिया बाग की धरना सरकार द्वारा विकास का बहाना बनाकर ग्रामीणों को अपने जमीन से बेदखल करने की बुलडोजर नीति नहीं चलने देंगी। उन्होंने कहा कि झूठे आश्वासनों, बहकावे, भुलावे में आने से बचें और धरने को मजबूत बनाये रखें। लड़ने के लिए त्रिशूल की जगह हाथ में संविधान की किताब, डा.अंबेडकर की फोटो और तिरंगा झंडा तीनों थामें। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के खिलाफ खिरिया बाग आंदोलन चार महीने से अधिक समय से जुझारू रूप से चल रहा है। इस धरने का हम हमेशा समर्थन करती रहूंगी। वाराणसी पहुंचकर वहां सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को एकजुट करके धरने के समर्थन में भेजूंगी। खिरिया बाग की लड़ाई जाति, धर्म से ऊपर उठकर जनता के बीच सामूहिक भावना के साथ जमीन बचाने की भावना ही नहीं देश बचाने की भावना को बढ़ाया है। खिरिया बाग की लड़ाई देश बचाने की लड़ाई बन चुकी है।

### पांच वरिष्ठ अधिवक्ताओं को किया गया सम्मानित



आजमगढ़। दी टैक्स बार एसोसिएशन आजमगढ़ के पांच वरिष्ठ अधिवक्तागण एखलाक अहमद, स्वतन्त्र कुमार गुप्ता, भरत जी अग्रवाल, कृष्ण मुरारी लाल अग्रवाल और अवधेश चन्द्र श्रीवास्तव, जिन्होंने अपने विधि व्यवसाय के स्वर्णिम 50 वर्ष पूर्ण कर लिए है, उन लोगों का अभिनन्दन समारोह रविवार को नेहरू हाल सभागार में किया गया। अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा तथा संचालन मंत्री सूर्यभान पाल ने किया। मुख्य अतिथि पांचू राम मौर्य अध्यक्ष, बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश ने कहा कि 21वीं सदी के भारत में अधिवक्ताओं पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, जिनका निर्वहन करने में विभिन्न विपरीत परिस्थितियों में रहते हुए, समाज के छोटे वर्ग से लेकर बड़े वर्ग तक का प्रतिनिधित्व कर-के न्याय दिलाने में प्रशंसनीय कार्य करते हैं, जिसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। दी टैक्स बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ताओं के स्वर्णिम 50 वर्ष पूर्ण करना हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है, उनके मार्ग दर्शन पर चलते हुए, समाज को दिशा देने का कार्य करना है।

# नाबालिग को शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

**गिरफ्तार**

**मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने भेजा जेल**

**मुस्लिम डांसर और हिंदू वेटर का प्रेम चढ़ा परवान**


जीयनपुर थाने में गिरफ्तार आरोपी।

अंजान शहीद (आजमगढ़)। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के सगड़ी तहसील के सामने रह रहे नाबालिक ने तहरीर देकर युवक पर शादी का झांसा देकर एक वर्ष से दुष्कर्म का आरोप लगाया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को हिरासत में लेते हुए संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया।

हजरून खातून पुत्री शबीब आलम निवासी भंडार ढाका मोतिहारी बिहार सगड़ी तहसील के सामने किराए पर आवास लेकर रहती है वही आर्केस्ट्रा व डीजे पर डांस करने का कार्य करती है। उसने जीयनपुर थाने पर तहरीर देकर सागर यादव पुत्र महेंद्र यादव निवासी सुजाबाद रामनगर काशी जो विगत एक वर्षों से शादी विवाह में वेटर का कार्य करता था से मुलाकात हुई और दोनों का प्रेम परवान चढ़ा। शारीरिक संबंध बने एक दूसरे के साथ जीने मरने की एक वर्ष से कसम खाते रहे। नाबालिक ने बताया कि शादी की बात करने पर बार-बार टाल जाता है। शादी का झांसा देकर बार-बार संबंध बनाता रहा। कुछ दिन पूर्व दोनों में शादी करने को लेकर झगड़ा हुआ जिसकी सूचना हजरून खातून ने जीयनपुर पुलिस को दी। युवक के परिजनों को सूचित किया गया। वहीं परिजनों के पहुंचने के बाद शादी की बात नहीं बनने पर परिजनों ने मुस्लिम डांसर से शादी से इंकार कर दिया। जीयनपुर पुलिस ने नाबालिक हजरुन खातून की तहरीर पर दुष्कर्म का मुकदमा पंजीकृत कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

## महम हेल्थ केयर सेंटर का हुआ उद्घाटन

लालगंज (आजमगढ़)। देवगांव के मेहनाजपुर रोड पर महम हेल्थ केयर सेंटर का जनसंदेश टाइम्स आजमगढ़ के ब्यूरो चीफ अमित राय तथा समाजसेवी डा.जाहिद एवं डॉ.फतेह मोहम्मद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। श्री राय ने कहा कि यहां दवा तथा डिलीवरी आदि को लेकर अब दूरदराज भटकने की समस्या समाप्त हो जाएगी।

चिकित्सकीय कार्य दुनिया का सबसे महान कार्य है। डॉक्टर मरीज की बीमारी को ठीक करने के लिए तन्मयता पूर्वक लग कर सेवा करते हैं। चाहे दिन हो या रात, डॉक्टर मरीज को किसी तरह की तकलीफ होने के बाद उसे अविलंब आराम पहुंचाने के लिए अपनी नींद तक त्याग देते हैं और उनको आराम पहुंचाने के लिए उपलब्ध हो जाते हैं। यही वजह है कि लोग डॉक्टरों को धरती का भगवान तक कहते हैं। डॉ.राशिद ने बताया कि यहां जनरल बीमारियों के इलाज से लेकर महिलाओं की डिलीवरी की सारी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी ताकि लोगों को दूरदराज भटकना न पड़े। डॉ.फतेह मोहम्मद तथा अयूब एडवोकेट ने आगंतुकों का आभार प्रकट किया।

# 412 लोगों को दिया गया नियुक्ति पत्र


चयनित अभ्यर्थी को नियुक्ति पत्र देते पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य।

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश पुलिस नागरिक पुलिस, प्लाटून कमांडर पीएसी एवं अग्निशमन द्वितीय के रूप में मंडल के 412 अभ्यर्थियों का चयन हुआ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मार्गदर्शन (वीडियो संदेश के माध्यम से) एवं योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। रविवार को पुलिस लाइन्स ग्राउंड में पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य की अध्यक्षता में सीधी भर्ती 2020-2021 के अन्तर्गत चयनित उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस, प्लाटून कमांडर, सहायक अग्निशमन अधिकारी के पदों पर परिक्षेत्र आजमगढ़ से चयनित कुल 412 अभ्यर्थियों को पुलिस महानिरीक्षक अखिलेश कुमार द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। जिसमें जनपद आजमगढ़ से (121 पुरुष, 15 महिला), जनपद मऊ से (70 पुरुष, 08 महिला), जनपद बलिया से (164 पुरुष व 18 महिला) अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। इसके अतिरिक्त प्लाटून कमांडर पीएसी हेतु 16 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है।

# बरदह पीजी कॉलेज में सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ समापन

ठेकमा (आजमगढ़)। गांधी स्मारक त्रिवेणी पीजी कॉलेज बरदह की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम तथा द्वितीय इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर सम्पन्न हो गया। इस शिविर में विषम परिस्थितियों से लड़ने की जानकारी छात्रों को दी गयी।


छात्रा को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

कार्यक्रम का शुभारभ वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अजित प्रसाद राय की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा कई कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में बरदह थाना प्रभारी संजय सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में रवि दीक्षित उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महोदय ने छात्रों के समाजोपयोगी किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा छात्रों को देश के निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि रवि दीक्षित ने छात्रों के जागरूकता कार्यक्रम,रैली क्षेत्र में छात्रों के द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ अजित प्रसाद राय ने कार्यक्रम में पधारे अतिथियों आभार व्यक्त किया और उनके द्वारा सुझाए गए सुझावों पर अमल करने का आश्वासन दिया और छात्रों को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ अजय श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

## व्यापारी को युवक ने पीटा

अंजान शहीद (आजमगढ़)। ओम प्रकाश गुप्ता पुत्र राम प्रसाद गुप्ता निवासी अंजान शहीद की बाजार में जनरल स्टोर व किराना की दुकान है। शनिवार की शाम उसकी दुकान पर हस्सान पुत्र शफीक निवासी अंजान शहीद पहुंच कर अंडा का रेट पूछा जिसको लेकर दुकान में घुसकर व्यापारी को पीटा। घटना सीसी कैमरे में कैद हो गई। ओम प्रकाश गुप्ता की तहरीर पर जीयनपुर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर आरोपित को हिरासत में ले लिया। अंजान शहीद बाजार में घटना को लेकर व्यापारियों में भय बना हुआ है। मामला दो संप्रदाय से जुड़ा होने के कारण जीयनपुर कोतवाल यादवेंद्र पांडेय ने त्वरित कार्रवाई कर सतर्कता बरत रहे हैं।

## गो-तस्कर पर 25 हजार का इनाम घोषित

आजमगढ़। गौवध-तस्करी-बिक्री से सम्बन्धित अभियुक्त पर 25 हजार का पुरस्कार घोषित किया गया है। गौ तस्करी, गौकशी, बिक्री करने वाले शातिर अपराधी नूर आलम निवासी बरहतिर जगदीशपुर थाना जहानागंज की गिरफ्तारी हेतु 25 हजार रुपए का नकद पुरस्कार घोषित किया गया है। उक्त अभियुक्त थाना जहानागंज का वांछित अपराधी है। रविवार को पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा मुकदमा उपरोक्त में फरार अभियुक्त नूर आलम निवासी बरहतिर जगदीशपुर थाना जहानागंज की गिरफ्तारी हेतु 25 हजार का नकद पुरस्कार घोषित किया गया।

# सिटी विटी प्रिविलेज कार्ड है आधुनिकतम विजिटिंग कार्ड

जनसंदेश न्यूज



सिटीविटी कार्ड के बारे में जानकारी देते कंपनी के लोग।

आजमगढ़। शहर स्थित एक होटल में समाजसेवी वरिष्ट भाजपा नेता श्याम सुन्दर चौहान ने सिटी विटी प्रिविलेज कार्ड वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रहे। कंपनी के डायरेक्टर आरके शर्मा द्वारा मुख्य अतिथि श्यामसुन्दर चैहान का स्वागत किया गया। श्याम सुन्दर ने बदलते युग में ऑनलाइन ब्रांडिंग का महत्त्व बताया। और सिटी विटी प्रिविलेज कार्ड को आधुनिकतम विजिटिंग कार्ड बताया।

कंपनी के फाउंडर आशीष जायसवाल ने बताया कि सिटी विटी प्रिविलेज कार्ड प्रधानमंत्री के मिशन वोकल फॉर लोकल से प्रेरित है। कंपनी प्रमुख रूप से सभी छोटे एवं मध्यम वर्गीय व्यापारियों को वर्तमान की बदलती मार्केटिंग तकनिकी ज्ञान से लाभान्वित करना चाहती है। सिटी विटी प्रिविलेज कार्ड एक ग्राहक लाभ कार्ड है जो देश भर के हजारों साझेदार व्यापारियों पर विशेष छूट प्रदान करता है। कार्ड धारक खरीदारी, होटल और रेस्तरां, चिकित्सा, पर्यटन और यात्रा, थीम पार्क, आदि पर 70 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। कंपनी की निदेशिका आकांक्षा वर्मा ने अवगत कराया कि यह कार्ड एक डिजिटल विजिटिंग कार्ड भी है, जो लेटेस्ट टेक्नोलॉजी और इसमें क्यूआर कोड की सुविधा के साथ है। इस कार्ड को किसी भी स्मार्ट मोबाइल फोन पर टैप करके, आप अपने संपर्क विवरण, वेबसाइट विवरण आदि के लिंक साझा कर सकते हैं।

इस अवसर पर डा.आशीष जैसवाल, आकांक्षा वर्मा, दरबारी यादव, हरिशंकर चैहान, अमित राय, श्याम कुमार यादव, राजू यादव, लक्ष्मीकांत चैरसिया, डॉ.हर्ष सिंह, शुभम बरनवाल, सादिक, पवन कुमार आदि उपस्थित रहे।

# आबादी की जमीन से बेदखल करने का लगाया आरोप

## ग्रामीणों ने शाहपुर बाजार में किया प्रदर्शन

जनसंदेश न्यूज


शाहपुर बाजार में प्रदर्शन करते ग्रामीण।

बूढ़नपुर (आजमगढ़)। स्थानीय तहसील क्षेत्र के शाहपुर बाजार में तहसील प्रशासन द्वारा शाहपुर गांव के 22 लोगों की आबादी की खुद की जमीन से ही कब्जा मुक्त कर दिया गया जिसके विरोध में क्षेत्र पंचायत सदस्य गजराज यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों ने रविवार को शाहपुर बाजार में विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन कर रहे लोगों का आरोप है कि मेरी आबादी की जमीन को बूढ़नपुर तहसील प्रशासन द्वारा बिना नोटिस और बिना पैमाइश के हल्का लेखपाल व ग्राम प्रधान द्वारा मनमाने तरीके से हमारी रिहाइसी मंडई एवं पशुशाला को प्रशासन द्वारा गिरा दिया गया। उक्त भूमि पर हमारे पूर्वजों का कई वर्षों से कब्जा है और उनका नाम भी आबादी की जमीन में दर्ज है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिना हमारे सुने ही हल्का लेखपाल द्वारा पुलिस प्रशासन के दम पर हमारी ही जमीन से हमें कब्जा मुक्त कर दिया गया। ग्रामीण इसकी लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ने का काम करेंगे। अगर शीघ्र ही हमारी सुनवाई नहीं हुई तो हम तहसील परिसर में बृहद धरना प्रदर्शन को बाध्य होंगे। इस संबंध में एसडीएम नवीन प्रसाद ने बताया कि ग्रामीणों का आरोप बेबुनियाद है। ग्रामीणों द्वारा ग्राम सभा की जमीन पर पूर्व से अवैध रूप से कब्जा किया गया था जिसको पुलिस प्रशासन की मदद से कब्जा मुक्त कराया गया। इस मौके पर श्याम नारायण यादव, प्रशांत यादव, सुनील यादव, चंद्र भान यादव, गूगल यादव, प्रमोद यादव, भोला उर्फ लालचंद्र यादव, हरिश्चंद्र यादव, केशव यादव, मुलायम यादव, दुर्गेश यादव आदि मौजूद रहे।

## संत निरंकारी सेवादारों ने भैरव धाम में की सफाई

महराजगंज (आजमगढ़)। संत निरंकारी मिशन के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत स्वच्छ जल स्वच्छ मन के तहत साफ सफाई अभियान चलाया गया। यह स्वच्छता अभियान महात्माओं और सेवा दल यूनिट हरखपुरा, कप्तानगंज, महराजगंज, बिलरियागंज, देऊरपुर एवं अन्य कई उप शाखाओं द्वारा महराजगंज स्थित भैरव धाम परिसर के छोटी सरयू तट के साथ साथ विश्वकर्मा मंदिर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से सटे पार्किंग एरिया व संत रविदास मंदिर आदि स्थानों पर चलाया गया ,जिसमें सैकड़ों महात्माओं व सेवादल के लोगों ने हिस्सा लिया द्यइस अभियान में महराजगंज नगर के डॉ सुनील जायसवाल व इरशाद अहमद जैसे समाज सेवी भी सिरकत किए द्यडॉ कन्हैया लाल श्रीवास्तव ने बताया कि विगत 23 तारीख को बाबा जी के जन्मदिन के अवसर पर सद्गुरु माता सुदीक्षा जी द्वारा दिया गया नारा ष्स्वच्छ जल स्वच्छ मनष अर्थात जब तक इंसान स्वच्छ जल नहीं पिएगा तब तक उसका मन स्वच्छ नहीं होगा प्रदूषित जल और परिवेष मानव के मन और तन दोनों के लिए हानिकारक होता हैद्य इस लिए संत निरंकारी मिशन द्वारा एक प्रोजेक्ट लांच किया गया ष्अमृतष जिसके अंतर्गत स्वच्छ जल स्वच्छ मन अभियान देश भर में चलाकर साफ सफाई का कार्य किया जा रहा हैद्य महराजगंज का आयोजन मुखी रामनरेश, हिमांचल, रामजतन, गोरख प्रसाद, सेवादल इंचार्ज चंचल सिंह के नेतृत्व में किया गया।

# भाजपाइयों ने सुनी पीएम के मन की बात

गोसाई की बाजार (आजमगढ़)। स्थानीय क्षेत्र के ठेकमा मंडल में अमौड़ा बूथ संख्या 60, 61, 62 पर प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम सुना गया।

कार्यक्रम में भाजपा लालगंज जिलाध्यक्ष ऋषिकांत राय, भाजपा नेता दीपक राय, मंडल अध्यक्ष संतोष चैबे, मीडिया प्रभारी पंकज राय की उपस्थिति में मन की बात कार्यक्रम सुना गया। मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज से कुछ दिन बाद ही होली का त्यौहार है। आप सभी को होली की शुभकामनाएं। हमें हमारे त्योहार वोकल फॉर लोकल के संकल्प के साथ ही मनाने हैं व स्वच्छता अभियान, यूपीआई, डिजिटल इंडिया बनाने सहित कई मुद्दों पर विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर बालमुकुंद राय, सत्यम राय, राम अवतार दुबे, साहब राय, उमेश राय, राजू पांडेय, गिरीश त्रिपाठी, संचित राय, जय प्रकाश चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।


प्रधानमंत्री के मन की बात सुनते लोग।

इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा मन की बात का कार्यक्रम किसान मोर्चा के कार्यकताओं द्वारा गोपालपुर विधानसभा के कप्तानगंज मंडल में सुना गया जिसमें मुख्य रुप से सह मीडिया प्रभारी किसान मोर्चा नवीन कुमार राय, जिला कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा शशिकांत राय, पूर्व मंडल अध्यक्ष ऋषिदेव राय, हरेंद्र सिंह, गिरजा गोंड, मयंक राय, दयाशंकर राय आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने बलवाइयों पर किया पानी की बौछार, छोड़े आंसू गैस के गोले

मॉकड्रिल

## पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में आयोजित हुआ ड्रिल अभ्यास


पुलिस लाइन के परेड मैदान में ड्रिल अभ्यास करते पुलिस कर्मी

**जौनपुर।** पुलिस लाइन परेड मैदान में रविवार की सुबह तोड़-फोड़ व आगजनी कर रहे उग्र लोगों की भीड़ शांति व्यवस्था बनाए रखने को तैनात पुलिस कर्मियों को अचानक घेर लेती है। पुलिस कर्मी उन्हें समझाने की कोशिश करते हैं। न मानने पर उन पर पानी की बौछार और आंसू गैस के गोले दागते हैं। फिर लाठियां भांजकर करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद जांबाज पुलिस कर्मी बलवाइयों पर काबू पा लेते हैं। चौंकिए मत। यह हकीकत नहीं बल्कि होली को देखते हुए शांति व कानून-व्यवस्था बनाए रखने को ऐसी किसी परिस्थिति पर काबू पाने के लिए पुलिस प्रशासन की तैयारियों के लिए किए गए ड्रिल अभ्यास का हिस्सा था।

हिंसा व आगजनी थमने के बाद पुलिस कर्मी चोटिल लोगों का प्राथमिक उपचार भी करते हैं। ड्रिल अभ्यास में स्थानीय अभिसूचना इकाई (एलआइयू), नागरिक पुलिस, फायर सर्विस, आंसू गैस, लाठी, रिजर्व, फर्स्ट एड व वीडियोग्राफी समेत कुल दस टीमों के 250 जवानों ने हिस्सा लिया। बलवा ड्रिल अभ्यास में जिले के सभी थानों पर तैनात उप निरीक्षक, हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल शामिल हुए। इसके पश्चात फायरिंग का भी अभ्यास किया गया। इस मौके पर सभी सर्किल के पुलिस उपाधीक्षक व प्रतिसार निरीक्षक अनुपम सिंह भी मौजूद रहे। ड्रिल अभ्यास में प्रशिक्षित पुलिस कर्मी इसी तरह का रिहर्सल अगले तीन-चार दिनों में अपने-अपने थानों पर भी करेंगे। एएसपी (ग्रामीण) शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि एसपी डा. अजय पाल शर्मा के निर्देश पर बलवा ड्रिल अभ्यास आने वाले पर्वों पर कानून व्यवस्था बनाए रखने की पुलिस प्रशासन के सामने आने वाली चुनौतियों की प्रोफेशनल तैयारी का हिस्सा था। फुल ड्रेस रिहर्सल में हिस्सा लेने वाली सभी टीमों का प्रदर्शन शानदार रहा। विशेष रूप से फायरिंग की एक्सरसाइज बहुत सराहनीय रही। अधिकारियों ने भी फायरिंग की। सभी के निशाने सही जगह पर लगे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्तदिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

जनसंदेश न्यूज

**पराऊगंज।** कुटीर पीजी कॉलेज चक्के में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ शनिवार को क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय खालिसपुर खुर्द कुटीर चक्के गांव में आयोजित हुआ।

शिविर में मुख्य अतिथि जिला युवा कल्याण अधिकारी दिनेश मणि ओझा ने सात दिवसीय विशेष शिविर मे प्रतिभाग कर रहे शिविरार्थियो का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिविर के माध्यम से छात्रों का चारित्रिक एवं सामाजिक विकास होता है जो राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश मणि त्रिपाठी ने श्रम सेवा स्वावलंबन को रेखांकित करते हुए शिविरार्थियों को बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से छात्र अपने जीवन को अनुशासित बनाकर राष्ट्र निर्माण में अपने को स्थापित कर सकते है। आगत अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रीनिवास तिवारी तथा आभार ज्ञापन डॉ. नागेंद्र प्रताप मिश्र ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय यादव, डॉ. अमरेश, डॉ. चित्रसेन गुप्त सहित समस्त प्राध्यापक, शिविरार्थी एवं क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे। संचालन डॉ. अनुज शुक्ला ने किया।


रासेयो के शिविर का शुभारम्भ करते अतिथिगण

संक्षेप

### राम कथा सुनने में तर्क का इस्तेमाल न करें : शांतनु महाराज



**मुफ्तीगंज।** राम कथा को सुनने में कभी भी तर्क का उपयोग नहीं करना चाहिए बस कथा को ध्यान से सुने और उस के रस में लीन हो जाएं तभी कथा सुनने का आनंद और फल दोनों प्राप्त होता है। क्योंकि भगवान राम सभी प्रकार के तर्क से परे हैं। उक्त बातें क्षेत्र के उमरी गांव में आयोजित नौ दिवसीय राम कथा आयोजन में पधारे कथावाचक शांतनु महाराज ने श्रोता गणों के समक्ष कहीं। 19 फरवरी से 27 फरवरी तक क्षेत्रवासियों के सहयोग से आयोजित इस कथा में रोजाना श्रोताओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कथा के प्रमुख आयोजनकर्ता जयप्रकाश सिंह ग्राम प्रधान उमरी ने बताया कि उक्त कथा रोजाना 2 बजे दोपहर से शाम को 7 बजे तक आयोजित की जा रही है जिसमें आसपास के सभी क्षेत्रों से भारी संख्या में श्रद्धालु जुट रहे हैं। कथा के आयोजन में समाजसेवी सत्यानंद चौबे, पूर्व ब्लाक प्रमुख विनय सिंह, डॉ. अरविंद सिंह, विशाल सिंह, महेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, पूर्व प्राचार्य राम लखन सिंह, पूर्व प्रवक्ता कैलाश नाथ सिंह सहित क्षेत्र के सभी गणमान्य लोगों का सराहनीय योगदान है।

### संस्कार, शिक्षा से ही विकास संभव :गोपाल सिंह

**थानागद्दी।** सब्बल ब्रह्म बाबा मंदिर से चंद कदम की दूरी पर ग्रीन वैली स्कूल का उद्घाटन शनिवार को हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख गोपाल सिंह ने कहाकि शिक्षा, संस्कार दोनों की शिक्षा बच्चों को दी जानी चाहिए। उत्कृष्ट शिक्षा, संस्कारित बच्चे ही देश की दशा, दिशा दोनों बदल सकते हैं। विशिष्ट अतिथि पत्रकार अब्दुल हक अंसारी ने कहाकि सरकार को शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है दिन प्रतिदिन प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। बच्चों को आधुनिक शिक्षा कंप्यूटर के बारे में भी शुरू से पढ़ाया जाना चाहिए। श्री सिंह ने सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक कुमार शुक्ला, संचालन अंकिता सिंह ने किया।

### पुलिस कर्मियों सहित अन्य को खिलाई गई फाइलेरिया की दवा

**चंदवक।** राष्ट्रीय फायलेरिया उन्मूलन अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोभी के अधीक्षक डॉ. प्रिंस मोदी के नेतृत्व में पाक्षिक अभियान के तहत स्वास्थ्य कर्मियों ने चंदवक थाना के अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों व पत्रकारों को डीईसी व एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गईं। इसके अलावा स्वस्थ्य टीम ने हटवा, हरदासीपुर, नरायनपुर, चंदवक में दवा खाने से इनकार करने वाले लोगों को जागरूक कर दवा खिलाई। अधीक्षक डॉ. प्रिंस मोदी ने बताया कि दवा खा लेने से फाइलेरिया के कीटाणु शरीर के अंदर मर जाते हैं जिससे भविष्य में यह रोग नहीं होगा। दवा खिलाने के अभियान 10 फरवरी से 27 फरवरी तक चलेगा।

### घर में घुसकर चोरी की घटना में शामिल वांछित चोर गिरफ्तार

**भदोही।** थाना चौरी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अनेगपुर निवासी दूधनाथ यादव पुत्र स्व. बलीजोर द्वारा सूचना दिया गया कि रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा उनके घर में घुसकर सफेद धातु जेवरात व नगदी चोरी कर लिया गया है। सूचना पर तत्समय ही थाना स्थानीय पर मु.अ.सं..11/2023 धारा. 380 भा.द.वि. का अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। पूर्व में थाना स्थानीय पुलिस द्वारा घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में शामिल दो शातिर चोरों को चोरी गए जेवरात सफेद धातु के साथ गिरफ्तार किया गया था। घटना में शामिल प्रकाश में आये अन्य वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा था। थाना चौरी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार घटना में शामिल प्रकाश में आए वांछित अभियुक्त निवासी चौरी निदुर पट्टी थाना चौरी जनपद भदोही उम्र करीब 45 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के कब्जे से पंजीकृत अभियोग से सम्बंधित चोरी हिस्से में मिले 320 रुपये नगद बरामद किया गया। अभियुक्त के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता की जांच व आपराधिक इतिहास की जानकारी करने सहित आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

# सुधाकर सिंह की मनी 13वीं पुण्यतिथि, दी श्रद्धांजलि



जनसंदेश न्यूज

**गौराबादशाहपुर।** पिलखिनी स्थित सुधाकर सिंह फाउंडेशन महाविद्यालय में रविवार को सुधाकर सिंह की 13वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया।

इस मौके पर माध्यमिक शिक्षक संघ सेवारत के प्रदेश अध्यक्ष रमेश सिंह ने कहा कि मेरे बड़े भाई स्व. सुधाकर सिंह हम लोगों के बीच नही हैं लेकिन उनका आशीर्वाद और प्रेरणा परिवार को मिलता रहता है। उन्होंने परिवार को एक सूत्र में बांधकर एकता का जो पाठ पढ़ाया और पूरे परिवार को संगठित कर जो प्रेरणा दी उसको हमारे बच्चे आगे बढ़ा रहे हैं। इससे मुझे काफी खुशी हो रही है। कालेज के प्रबंधक उनके बड़े पुत्र अरविंद सिंह ने अपने पिता के नाम पर क्षेत्र के बच्चों व बच्चियों के बेहतर शिक्षा के लिए जिस शिक्षण संस्थान की स्थापना की वह दिन प्रतिदिन प्रगति के पद पर अग्रसर है। इस शिक्षण संस्था से शिक्षा प्राप्त कर लोग आगे बढ़ रहे हैं। संचालन विवेक और आनंद ने किया। प्राचार्य डा. रूबी राय ने सभी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर राहुल सिंह, अमन सिंह, विनय सिंह, रवींद्र प्रकाश मिश्र, सुनील सिंह, सन्तोष सिंह, मनीष सिंह, सदानन्द सिंह, दुर्गेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

# प्रसिद्ध कवि व रचनाकार पं. ओंकार नाथ शुक्ल का निधन

जनसंदेश न्यूज

**केराकत/थानागद्दी।** प्रतिष्ठित कवि व रचनाकार ओंकारनाथ शुक्ल का रविवार को 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह बीते कुछ महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे। ओंकारनाथ मुंबई स्थित भायंदर ईस्ट में अपने पुत्र और परिवार के साथ रह रहे थे। उनके निधन की जानकारी उनके बड़े भतीजे ओम प्रकाश शुक्ल द्वारा प्राप्त हुई।



तहसील क्षेत्र स्थित बेहड़ा गांव के जमीदार घराने में जन्मे ओंकार नाथ शुक्ल मुंबई में अपनी पत्नी, पुत्र और पुत्रवधु के साथ गत कई वर्षों से रह रहे थे। पिछले दो वर्षों से उन्होंने अपने कलम को विराम दे दिया था। रविवार दोपहर को हृदय गति रुक जाने से उनका निधन हो गया। जानकारी मिलने पर उनके परिजनों समेत क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। ओंकार नाथ ने अपनी लॉ की पढ़ाई पूर्ण करने के बाद साहित्य क्षेत्र में कदम रख दिया था। बड़े और जमींदार घराने के होने के कारण उन्होंने कभी नौकरी या व्यापार की तरफ रुख नहीं किया। गांव में कई वर्षों तक नाट्य कार्यक्रम, कवि सम्मेलन इनके द्वारा संपादित किया गया। दो वर्ष पूर्व तक उन्होंने अपने लेखनी को जारी रखा। उनके कलम हर विषय पर चले चाहे वह राजनीति, समाज, साहित्य हो या भाषा हो। काव्य लेखन में उनकी लेखनी का जोड़ नहीं था। उनके चाहने वाले उनके नई लेखनी को पढ़ने के लिए हमेशा ही ललायित रहते थे, उसे पढ़ ऐसा लगता था कि मानो सबकुछ आंखों के सामने तैर रहा हो। बड़ी शान और सौम्य जीवनकाल पूर्ण करने के बाद उन्होंने रविवार दोपहर को दुनिया को अलविदा कह दिया। ओंकार नाथ शुक्ला अपने पीछे पांच पुत्री व एक पुत्र कवि व अध्यक्ष हिंदी विभाग महर्षि दयानंद कालेज मुम्बई पंडित उमेश चन्द्र शुक्ल सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर सम्पन्न

**ओबरा।** पीजी कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का समापन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रोफेसर डा प्रमोद कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना हमें एक साथ मिलकर राष्ट्र एवं समाज की सेवा के निमित्त कार्य करना सिखाता है। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संतोष कुमार सैनी ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना सामुदायिक कार्यों के द्वारा हमारे व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करता है। हमारे बीच धर्म, जाति, भाषा, क्षेत्र इत्यादि के भेदभाव को मिटाकर हमें एक साथ मिलकर देश की एकता एवं समाज के उत्थान के निमित्त कार्य करना सिखाता है। डॉ. विभा पांडेय द्वारा शिविरार्थियों की सप्त दिवसीय कार्य आख्या एवं डॉ. महीप कुमार द्वारा आभार व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. विकास कुमार द्वारा किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शिविरार्थियों ने शिक्षाप्रद नाटक, समूह नृत्य, एकल नृत्य एवं गीत, कविताएं प्रस्तुत की। आयोजित 15 प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक 94 अंक लेकर प्रेरणा ग्रुप ने चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। 71 अंक लेकर मां दुर्गा ग्रुप द्वितीय स्थान पर रहा। झांसी की रानी ग्रुप 68 अंक लेकर तृतीय स्थान पर रहा।

संक्षेप

### पत्नी के कार्यों में रुचि व बिना आदेश आयोग में उपस्थित होने पर हुई कार्रवाई

**गोपीगंज।** अक्सर किसी ना किसी मामले को लेकर सुर्खियों में रहने वाला जिले का ग्राम पंचायती विभाग फिर एक बार विवादों में घिर गया है। ताजा प्रकरण प्रकाश में आया है कि जनसूचना से मांगे गए सूचना पर संबंधित ग्राम पंचायत अधिकारी के पति के द्वारा बिना अपने उच्च स्तरीय अधिकारी की अनुमति के अपनी पत्नी के सरकारी कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जा रहा था। बताते चलें कि सामाजिक कार्यकर्ता भूपेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा ग्राम सभा जहांगीराबाद के विकास कार्यों की सूचना डीपीआरओ से मांगी गई थी, ससमय सूचना की ना प्राप्ति होने पर प्रथम अपीलोपरांत सूचना आयोग की शरण ली गई, सूचना आयोग की तीन तिथियों में ग्राम पंचायत अधिकारी प्रियंका यादव के साथ उनके पति अरूण यादव जो विकासखंड औराई में ही ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर सृजित हैं। जिस पर आयोग में बिना अपने सक्षम अधिकारी के अनुमति के उपस्थित व अपनी पत्नी के कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने कि मय साक्ष्य भूपेंद्र प्रताप सिंह ने खंड विकास अधिकारी औराई से शिकायत की थी, जिस पर बीडीओ औराई नवीन गुप्ता की जांच में अपनी पत्नी के कार्यों में रुचि लेना व बिना किसी सक्षम अधिकारी के अपनी पत्नी के कार्य से आयोग में उपस्थित होने की पुष्टि हुई। जिस पर खंड विकास अधिकारी नवीन गुप्ता ने भविष्य में अपनी पत्नी के कार्यों में रूचि ना लेने हेतु चेतावनी व बिना किसी सक्षम अधिकारी के छुट्टी के आयोग में उपस्थित होने पर ग्राम पंचायत अधिकारी अरुण यादव के वेतन में कटौती किया गया है।

### शांतिभंग में आठ धराये

**ज्ञानपुर।** भदोही पुलिस द्वारा 8 व्यक्तियों को शान्ति भंग के अंदेशा में गिरफ्तार किया गया है। ज्ञात हो कि थाना गोपीगंज क्षेत्र अन्तर्गत उ.नि. मो. शाबान द्वारा जंगलपुर से 1 नफर अभियुक्त का चालान न्यायालय किया गया। थाना गोपीगंज क्षेत्र अन्तर्गत उ.नि. प्रकाश मिश्र द्वारा नारेपार से 1 नफर अभियुक्त का चालान न्यायालय किया गया। थाना भदोही क्षेत्र अन्तर्गत उ.नि. सुनाल कुमार द्वारा पिपरीस से 2 नफर तथा उ.नि. प्रमोद सिंह यादव द्वारा ग्राम जगदीशपुर से 2 नफर अभियुक्तों का चालान न्यायालय किया गया। थाना दुगार्गंज क्षेत्र अन्तर्गत उ.नि. अशोक कुमार यादव द्वारा मसूधी से 2 नफर अभियुक्तों का चालान न्यायालय किया गया।

### जाम में फंसी एंबुलेंस, भारी वाहनों का लगा जमावड़ा

**गोपीगंज।** ओवरब्रिज के दक्षिणी लेन के बंद होने के कारण रविवार को सुबह से ही जाम की स्थिति बनी रही। भारी वाहनों के ओवरब्रिज के नीचे से जाने के कारण एंबुलेंस जाम में फंस गई। जिसको निकालने में ट्रैफिक पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। राहगीरों को काफी मुशीबतो का समाना करना पड़ रहा है। बताते चले की इसके पूर्व एक माह तक ओवरब्रिज के उत्तरी लेन के बंद होने से परेशानियों का सामना करना पड़ा था, अब उत्तरी लेन की वजह से झेलना पड़ रहा है ' इस जाम की वजह से गोपीगंज नगर का कारोबार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। कोई भी खरीददार नगर में आना नही चाह रहा है। व्यापारियो ने बताया कि एक तो स्थानीय पुलिस ने बाजार में आने के सभी रास्ते बंद कर दिए है। बड़ा चौराहा, हॉस्पिटल, मिजार्पुर तिरमुहानी के कट रास्तों को बंद किए जाने से इस लगन के सीजन में कोई भी खरीददार नही आ रहा है। जिससे हम लोगो का व्यापार प्रभावित हो रहा है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

# होली व शबे बारात को लेकर कोतवाली परिसर में हुई पीस कमेटी की बैठक

निर्देश

**पर्वों को परम्परागत ढ़ग से शान्ति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने की की गई अपील**

**अराजक तत्वों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध की जाएगी कठोर कार्रवाई**

जनसंदेश न्यूज


शांति समिति की बैठक में अपनी बातों को रखते भाजपा नेता विनीत बरनवाल

**भदोही।** डॉ. अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में आगामी पर्वों 7 मार्च को पड़ने वाले होली एवं शबे-बरात पर्व को देखते हुए क्षेत्राधिकारी भदोही व प्रभारी निरीक्षक भदोही मय पुलिस बल द्वारा थाना भदोही पर सर्वसमुदाय के धर्मगुरुओं, क्षेत्र के सम्भ्रांत व गणमान्य व्यक्तियों, सभासदों व डिजिटल वॉलिंटियर के साथ पीस कमेटी की बैठक की गई।

मीटिंग में आए लोगों से त्यौहार में उत्पन्न होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी किया गया। विनीत बरनवाल, सभासद हसीब खान, दिलीप गुप्ता, जमील नेता आदि ने बीते वर्षों में सम्पन्न हुए त्योहारों के दौरान परंपरागत तथ्यों पर प्रकाश डाला। आगामी त्यौहारों को परंपरागत ढंग से शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। क्षेत्राधिकारी अजय कुमार चैहान ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। कोई समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल सम्बन्धित अधिकारी के सरकारी नम्बर पर संपर्क करें।

कोतवाल अजय सेठ ने कहा कि दोनों त्योहारों को सकारात्मक रूप से देखें और मिल जुल कर त्योहार मनाएं। साथ ही त्योहारों के दौरान अराजक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान प्रमुख रूप से नुरैन खान, भरत जायसवाल, सुजीत कुमार, हाजी सुहैल अंसारी, प्रिंस गुप्ता, मनोज गौतम सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### सूचना विभाग की विकास प्रदर्शनी आज से

**भदोही।** प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों, नये कीर्तिमानों एवं नीतियों से सम्बन्धित विकास प्रदर्शनी दिनांक 27 फरवरी से 1 मार्च तक विभूति नारायण राजकीय इण्टर कालेज ग्राउण्ड ज्ञानपुर में स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। प्रदर्शनी का शुभारम्भ सोमवार को सांसद डॉ. रमेश चन्द बिन्द द्वारा किया जायेगा। विकास प्रदर्शनी के शुभारम्भ के समय कार्यक्रम स्थल पर अन्य जनप्रतिनिधिगण, जिलाधिकारी गौरांग राठी, मुख्य विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहेंगे।

# सौहार्द्रपूर्ण ढंग से मनाएं होली और शबे बारात: एएसपी

बैठक

**दस बजे के बाद नहीं बजेगा डीजे, उपद्रवियों पर रहेगी पुलिस की कड़ी नजर**

**गोपीगंज।** कोतवाली परिसर में रविवार को शबे बारात एवं होली पर्व को लेकर पीस कमेटी बैठक की गई। बैठक को संबोधित करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती ने कहा कि होली और सब ए बारात का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए लोगों से अपील की। साथ ही लोगों को आश्वस्त किया कि शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। त्योहारों पर उपद्रव करने वालों के खिलाफ भी पुलिस सख्ती से निपटेगी। अपर जिला अधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि होली का त्योहार प्रेम व सौहार्द का प्रतीक है, इसे उत्साह पूर्वक मनाएं। सीओ प्रभात राय ने कहा कि त्योहार में अराजकता फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम अश्वनी पांडेय ने त्योहार को परंपरागत तरीके व हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने की अपील की। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक सदानंद सिंह, डीघ ब्लाक प्रमुख मनोज मिश्रा, शशि मिश्रा, प्रहलाद दास गुप्ता, रमाकांत गुप्ता, सिराज अख्तर, जितेंद्र गुप्ता, रामकृष्ण खद्दू, दिनेश गुप्ता, श्रीकांत जायसवाल, दीपक मोदनवाल, अनूप जायसवाल, मजहरउल्लाह, राजेंद्र पुष्पकार, लल्लू, सरवर खान, गुड्डू चौधरी, मोहित बाबू, सहित आचार्य शरद आदि मौजूद रहे।

### औराई थानाध्यक्ष बने नागेन्द्र प्रताप सिंह

**भदोही।** जनहित में शांति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत डॉ. अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा निरीक्षकगण का स्थानांतरण किया गया है एसपी ने बताया कि नि. नागेन्द्र प्रताप सिंह पी.आर ओ. पुलिस अधीक्षक से प्रभारी निरीक्षक औराई, नि. गगन राज सिंह प्रभारी निरीक्षक औराई से पी.आर ओ. पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

# निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का सैकड़ों लोगों ने उठाया लाभ

मदद

**दीप प्रज्ज्वलित कर अग्निशमन विभाग के अधिकारी ओमप्रकाश ने किया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर की शुभारंभ**


निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में लोगों को परामर्श देते चिकित्सक

**भदोही।** सर्वोदय नर्सिंग होम द्वारा रविवार को नगर के छेड़ीबीर मोहल्ले में स्थित टावर के पास निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का लाभ उठाया।

इस अवसर डॉ, राजेश कुमार, डॉ.महफूज आलम (जनरल फिजिशियन), डॉ.अरुण गौतम (फिजियोथैरेपिस्ट), डॉ.एसके पांडेय (बाल रोग विशेषज्ञ) व डॉ.लालचंद (नेत्र सहायक) द्वारा आएं हुए मरीजों का बारी-बारी से स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उनके द्वारा मरीजों को आवश्यक परामर्श भी दिया गया। वहीं महेंद्र पाल (लैब टेक्नीशियन) व सोनू पाल (लैब टेक्नीशियन) द्वारा शिविर में आएं मरीजों का सूगर सहित अन्य बीमारियों की जांच की गई। निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर डॉ.मनभावती के कोआर्डिनेशन में हुआ। इसके पूर्व मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद अग्निशमन विभाग के अधिकारी ओमप्रकाश ने दीप प्रज्ज्वलित कर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर की शुरआत किया। जबकि विशिष्ट अतिथि के रुप में मौजूद एमआई खां ने डॉक्टरों की टीम के कार्यों को सराहा। इस मौके पर नर्सिंग होम के पैरामेडिकल स्टाफ बिरजू, सुप्रिया, ज्योति, अरुण कुमार, गीता, आकांक्षा, मंजू, सायमा व अजित कुमार राव सहयोग में लगे रहें।

# हनुमान मंदिर में झाड़ू लगाकर की सफाई

पहल

**स्वच्छता अभियान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगाया झाड़ू**


हनुमान मंदिर में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई करते भाजपा नेता विनीत जायसवाल राजू साथ मे अन्य

**भदोही।** नगर के औराई रोड हनुमान बाग में स्थित हनुमान मंदिर की साफ-सफाई के लिए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। जहां पर भाजपा के कार्यकताओं ने झाड़ू लगाकर मंदिर व परिसर की साफ-सफाई किया।

यह स्वच्छता अभियान पार्टी के वरिष्ठ नेता विनीत जायसवाल राजू के नेतृत्व में चलाया गया। जिसमें लगभग एक दर्जन भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता शामिल रहें। सभी के हाथों में झाड़ू था। जो हनुमान मंदिर के साथ ही साथ मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई किए। वहीं साफ-सफाई के बाद निकले कूड़े का उनके द्वारा निस्तारण किया गया। इस अवसर पर विनीत जायसवाल राजू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वच्छता को लेकर काफी गंभीर है। उनके इस स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाते हुए हनुमान मंदिर व मंदिर परिसर की साफ-सफाई की गई। इसके जरिए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का काम किया गया। ताकि लोग भी अपने आसपास की साफ-सफाई करते रहे। उनके आसपास का वातावरण स्वच्छ रहें। इस मौके पर विनीत बरनवाल, प्रिंस गुप्ता, दीपू विश्वकर्मा, संजय यादव व दया मौर्या आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

# तिलकधारी सिंह ने शैक्षणिक जगत में स्थापित किया मील का पत्थर : डॉ. केपी सिंह

**आयोजन**

**टीडी इण्टर कालेज में आयोजित हुआ संस्थापक दिवस समारोह**

**संस्था की प्रतिभाओं को पुरस्कृत कर किया गया सम्मान**



**जौनपुर।** टीडी इण्टर कालेज के मार्कण्डेय सिंह सभागार में आयोजित संस्थापक दिवस समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति डॉ. केपी सिंह ने संस्थापक के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण करके किया। उपस्थित जनसमुदाय ने भी संस्थापक तिलकधारी सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

संस्थापक समारोह को संबोधित करते हुये पूर्व कुलपति वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय डॉ. केपी सिंह ने कहा कि तिलकधारी कालेज की स्थापना कर संस्थापक ने शैक्षणिक जगत में मील का पत्थर स्थापित किया। सम्पूर्ण राष्ट्र में तिलकधारी कालेज की प्रतिभाएँ अपने विशिष्ट योगदान के माध्यम से राष्ट्र निर्माण का कार्य कर रही हैं। हमें टीडी इण्टर कालेज का पूर्व छात्र रहने के कारण गौरव कि अनुभूति हो रही है। संस्था के प्रधानाचार्य उ.प्र. प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि पूज्य संस्थापक की आत्मा हमें संस्था के विकास हेतु पथ प्रदर्शित करती रहती है। हम अपने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य हेतु अनेक योजनाओं का निर्माण कर उन्हें कार्यान्वित करते रहते है जिसका परिणाम उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम एवं उच्च पदों पर हमारे विद्यार्थियों के चयन के रूप में परिलक्षित होता है। प्रबन्धक सत्य प्रकाश सिंह ने आगत अतिथियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि हम अपनी शैक्षणिक संस्था को शीर्ष पर आरूढ़ रखने हेतु संकल्प बद्ध है।

संस्थापक दिवस के अवसर पर संस्था के प्रतिभाओं को भी पुरस्कृत किया गया। मानविकी वर्ग में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले संस्था के कक्षा 12 के छात्र निशान्त को विशिष्ट पुरस्कार प्रदान किया गया। संस्था में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले कक्षा 12 विज्ञान वर्ग कि युक्तिका सिंह, कक्षा 12 कृषि वर्ग के आदर्श पाण्डेय, कक्षा 12 कामर्स की निकिता मौर्य, कक्षा 12 व्यवसायिक वर्ग की रागिनी शर्मा, कक्षा 12 कला विज्ञान, कृषि कामर्स व्यवसायिक शिक्षा में क्रमशः नीतू प्रजापति, नीरज चौधरी, वैभव सिंह, रूचि गौड़, भूमिका त्रीपाठी, कक्षा 10 के अमन यादव, कक्षा 9 के अंशिका मौर्य, कक्षा 8 के दिव्या राय को पुरस्कृत किया गया। कुश्ती में प्रदेश स्तर तक उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले वृजेश यादव एवं कबड्डी खिलाड़ी प्रजापति को विशिष्ट पुरस्कार प्रदान किये गये। एनसीसी के बेस्ट कैडेट अनुराग मौर्या, अनन्या सिंह को भी पुरस्कार प्रदान किये गये। संस्थापक दिवस के अवसर पर डॉ. प्रीति उपाध्याय के निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। अंशिका मिश्रा एवं कृति द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वन्दना का श्रवण कर जन समुदाय श्रद्धानवत हो गये। कशिश, साक्षी, रिंकी, बहार, आयुषी, कुमकुम एवं खुशी द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत श्रवण कर अतिथि जन भावविभोर हो गये। रीना, दिव्या, रूकसार एवं नन्दनी के द्वारा प्रस्तुत कुल गीत को लोगों ने सराहा। झांसी की रानी पर आधारित गीत एवं नृत्य अंशिका आस्था, अंजली, अनन्या, पूजा, यशी, अनुष्का एवं चाँदनी ने प्रस्तुत किया। कशिश, कृति, आयुषी, वहार, कुमकुम एवं साक्षी द्वारा प्रस्तुत गुजराती गीत एवं नृत्य आयो रे शुभ दिन का श्रवण कर उपस्थित जन समुदाय मंत्र मुग्ध हो गया। अंशिका मिश्रा द्वारा प्रस्तुत अच्युतम केशव से सम्बन्धित नृत्य पर उपस्थित जन समुदाय वाह-वाह कर तालिया बजाने लगा। रागी, साक्षी, अनु, मनु, कुमकुम एवं खुशी द्वारा प्रस्तुत बसंत एवं होली नृत्य का अवलोकन कर उपस्थित जन समुदाय भावविभोर हो गया। विशेष रूप से संस्थापक दिवस समारोह के अवसर पर टीडीपीजी कालेज के प्रबन्धक राघवेन्द्र सिंह टीडी इण्टर कालेज के अध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष विन्द प्रताप सिंह, उप प्रबन्धक ओपी सिंह पूर्व प्राचार्य डॉ. राधेश्याम सिंह, डॉ. अरूण कुमार सिंह, अनिमेष सिंह प्रधानाचार्य परिषद के मण्डल अध्यक्ष डॉ. राम नयन, जिलाध्यक्ष डॉ. जय प्रकाश सिंह, डॉ. प्रीति उपाध्याय, नम्रता सिंह सहित सम्भ्रान्त जन उपस्थित रहे। संस्थापक समारोह की अध्यक्षता दिनेश प्रताप सिंह एवं संचालन डॉ. सुनील कुमार सिंह ने किया। अन्त में प्रबन्धक सत्य प्रकाश सिंह ने आगत जन के प्रति आभार प्रकट किया।

# बाइक सवार बदमाशों ने परिवार पर बोला हमला



**दुस्साहस**

**दो महिलाओं सहित कई घायल, बाइक सहित दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा**

**सिरकोनी।** जलालपुर क्षेत्र के बनवारीपुर गांव निवासी एक परिवार के पर मामूली विवाद में बाइक से आये डेढ़ दर्जन से अधिक बदमाशों ने हमला कर दिया। मारपीट में महिलाओं सहित कई लोग घायल हो गए।

उक्त गांव निवासी रमेश यादव से विगहि गांव निवासी सौरभ यादव पुत्र पप्पू यादव से रविवार की सुबह किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। दोपहर के बाद सौरभ यादव अपने साथ लगभग डेढ़ दर्जन बदमाशों के साथ बनवारीपुर गांव में रमेश यादव के घर पहुंच कर मारपीट करने लगे जिसमें रमेश यादव पुत्र हरिराम यादव, नीतू यादव तथा परिवार की रोशनी यादव तथा कई अन्य लोग घायल हो गए। घटना की सूचना किसी ने डायल 112 को दिया। 112 डायल तथा थाने के अन्य पुलिस कर्मी भी मौके पर पहुंच गए। उन लोगों ने सौरभ यादव तथा राहुल कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को देखकर बदमाश चार बाइक छोड़कर भाग निकले।

पुलिस ने चारों बाइकों को कब्जे में ले लिया। फिलहाल गांव के लोगों में दहशत है। ये युवक काफी दबंग किस्म के बताए जाते हैं। उन लोगों ने कई घटनाओं को अंजाम दिया है। न जाने किसके सरंक्षण के कारण पुलिस ने अभी तक कोई कार्यवाही नही की है। इस घटना को लेकर क्षेत्र में आक्रोश है।

# पुरातन छात्र की सफलता पर विद्यालय परिवार में हर्ष



**सुइथाकला।** क्षेत्र के श्री गांधी स्मारक इण्टर कालेज समोधपुर के पुरातन छात्र व पड़ोस के बीबीपुर निवासी अखिलेश कुमार पाण्डेय को डाक्टरेट की उपाधि मिलने पर शनिवार को विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल देखा गया। उक्त उपाधि शनिवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के 99वें दीक्षांत समारोह में श्री पाण्डेय को राष्ट्रधर्म पत्रिका के सामाजिक सांस्कृतिक सरोकार विषय पर शोध कार्य हेतु प्रदान किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू व शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान की उपस्थिति में कुलपति प्रोफेसर योगेश सिंह के हाथों डाक्टरेट की उपाधि मिलने पर जहाँ श्री पाण्डेय के लिए गर्व का विषय रहा, वहीं पुरातन छात्र के इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में खुशियों का ठिकाना न रहा। पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. रणजीत सिंह ने कालेज के दिनों की याद ताजा करते हुए श्री पाण्डेय को शुरूआती समय से ही परिश्रमी व मेधावी बताया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार सिंह व प्रबन्धक हृदय प्रसाद सिंह रानू समेत अन्य शिक्षकों ने बधाई देते हुए शुभकामना दी। इस दौरान विनय कुमार तिवारी, जितेन्द्र सिंह, धर्मदेव शर्मा व अन्य लोग मौजूद रहे। इनके अब तक दो पुस्तक और लगभग दस शोध पत्र प्रकाशित हो चुके है। श्री पाण्डेय वर्तमान में दिल्ली में ही प्रवक्ता पद पर कार्यरत हैं।

# बच्चों के विवाद में चले लाठी-डंडे आठ घायल

**जौनपुर।** गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के गद्दोपुर गांव में बच्चो में शुरू हुई आपसी तू-तू मैं-मैं देखते ही देखते बड़े विवाद में बदल गई। दोनों पक्षों के लोग आपस मे लाठी डंडे लेकर एक दूसरे पर टूट पड़े। जिसमें आठ घायल हो गए।

बताते है कि उक्त गांव के प्रमोद कुमार व बेनी लाल के बच्चे शनिवार को सुबह गांव के ही मंदिर पर गए हुए थे। वहां उनमें आपस में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसमें देखते ही देखते दोनों पक्षों से जमकर लाठी डंडे चल गए। इस मारपीट में एक पक्ष से प्रमोद कुमार 48, अजीत 24, बृजेश 26 रंजीत 28 व दूसरे पक्ष से बेनी लाल 45, मीनाक्षी 28, शिवम कुमार 31, सतीश कुमार 25 घायल हो गए। मारपीट की सूचना पर पहुंची थाने की पुलिस ने सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोरसंड भेजवाया।

थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जानकारी है। पुलिस मौके पर गयी थी। मारपीट की तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# घटिया सड़क निर्माण का ग्रामीणों ने किया विरोध, रोका कार्य



घटिया सड़क निर्माण को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण

**विरोध**

**रीठी सम्पर्क मार्ग से बरियाकी पाही तक चल रहा है निर्माण कार्य**

**सिकरारा।** रीठी से बारिया की पाही तक जाने वाले सड़क मरम्मत कार्य का ग्रामीणों द्वारा शनिवार को विरोध किया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क मरम्मत कार्य मानक के अनुरूप नहीं हो रहा है। ग्रामीणों के विरोध की सूचना पर मौके पर पहुंचे सड़क निर्माण कम्पनी के अधिशासी अभियंता ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांचकर मरम्मत कार्य कराने वाले ठीकेदार को सड़क और बेहतर बनाने हेतु निर्देशित किया।

रविवार को दिन में लगभग 11 बजे बेलसड़ी, रामनगर, रीठी व खपरहां गांव से भारी संख्या में लोग सड़क मरम्मत कार्य में लगे रहे। ठीकेदार के सहयोगी से कार्य सही न होने की बात कर विरोध प्रदर्शन कर कार्य रोकने की मांग करने लगे। इसी दौरान ग्रामीणों ने फोन से सूचना अधिशासी अभियंता सुनील मौर्य को भी देते हुए कहाकि कार्य मानक के अनुरूप नहीं हो रहा है। पीडब्ल्यूडी से बन रहे सड़क मरम्मत कार्य की जांच करने पहुंचे अधिशासी अभियंता विभागीय कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचकर सड़क मरम्मत कार्य की जांच कर सम्बंधित ठीकेदार को निर्देशित किया कि कार्य में जो भी कमियां हैं उसे सुधार लें। ग्रामीणों का आरोप है कि ऐसे ही सड़क का निर्माण कार्य हुआ तो सड़क दो ही महीने में उखड़ जाएगी। अधिशासी अभियंता ने भरोसा दिलाया कि सड़क मरम्मत कार्य मानक के अनुसार ही होगा।

## संक्षेप

### भूमि विवाद को लेकर मारपीट, पांच घायल

**गौराबादशाहपुर।** अलग-अलग थाना क्षेत्र के दो गांवों में भूमि विवाद को लेकर मारपीट हो गई। इस मारपीट में कुल पांच घायल हो गए। पहली घटना स्थानीय थाना क्षेत्र के तारा गांव में हुई जहां राम सरन व राजदेव के बीच में विवादित जमीन पर निर्माण कार्य कराने को लेकर मारपीट हो गई। इस मारपीट में एक पक्ष से राम सरन 48 व दूसरे पक्ष से राम देव 43 व अजय कुमार 20 घायल हो गए। मारपीट की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंच गई। वहीं एक अन्य घटना में लाइन बाजार थाना क्षेत्र के रामपुर जमीन हिसामपुर गांव में भी दो पक्षों में लाठी डंडे चल गए जिसमें एक पक्ष से अर्जुन 34 व दूसरे पक्ष से भारत 50 घायल हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजवाया।

### आधा दर्जन वारंटी भेजे गए न्यायालय



**सुइथाकला।** रविवार को सरपतहाँ थाना क्षेत्र के विभिन्न गाँवों से पुलिस ने आधा दर्जन वारण्टियों को अपनी गिरफ्त में लेकर उन्हें न्यायालय भेज दिया। थाना क्षेत्र में रामाश्रय 55 ऊर्फ पप्पू पुत्र सन्तराम, शंकर 47, कुमार 42 व जियालाल 45 पुत्रगण हुबराज, रामचन्द्र 39 निवासीगण सरपतहाँ व सारीजहाँगीर पट्टी गांव निवासी रवीन्द्र कुमार 30 पुत्र सोमारू राम वारण्टी थे उपरोक्त को पुलिस द्वारा रविवार को अपनी गिरफ्त में ले लिया गया। मामले में थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि सभी वारण्टियों को गिरफ्त में लेकर आवश्यक कार्रवाई के साथ ही न्यायालय भेज दिया गया। इस दौरान उपनिरीक्षक द्वय राजेन्द्र प्रसाद सिंह व अनिल कुमार सिंह तथा हमराहियों में हेड कान्सटेबल चन्दन सिंह, नौशाद अहमद समेत का. अनुराग सिंह, सोनू यादव मौजूद रहे।

### एसडीएम के दुर्व्यवहार से अधिवक्ताओं में रोष

**केराकत।** बार के अधिवक्ता के साथ एसडीएम के दुर्व्यवहार का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। प्रकरण को लेकर बार के अधिवक्ताओं की शनिवार को सभागार में बैठक हुई जिसमें अधिवक्ताओं ने एसडीएम के द्वारा एक अधिवक्ता के साथ किये गये दुर्व्यवहार की निंदा की गयी। बैठक में अधिवक्ताओं ने कहा कि एसडीएम अपने आचरण में सुधार लाएं नहीं तो स्थिति बिगड़ सकती है। बैठक की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कुंवर बहादुर यादव ने किया। इस अवसर पर अखिलेश पाण्डेय, उदयराज कन्नौजिया, अनुपमा शुक्ला आदि अधिवक्ता रहे। इस मामले में एसडीएम नेहा मिश्रा ने कहा कि जिस अधिवक्ता की शिकायत है उनके बातचीत का टोन बहुत गलत था। वे गलत ढंग से उंगली दिखाकर बात कर रहे थे। उन्होंने नायब तहसीलदार से भी अभद्रता की थी।

### अपराध निरोधक कमेटी ने की असहाय की आर्थिक मदद

**जलालपुर।** अपराध निरोधक की टीम ने असहाय संजय प्रजापति की 5100 रुपए देकर आर्थिक मदद की। कमेटी अध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया कि हमारे जिला उपमंत्री एजाज अहमद के संज्ञान में ये बात आई की करदहा के संजय प्रजापति के दादा का स्वर्गवास हो गया है और आगे के कार्यक्रम के लिए उनकी माली हालत ठीक नहीं है। तुरंत सर्वे कराकर उक्त व्यक्ति को कमेटी के माध्यम से 5100 रुपए की आर्थिक मदद की और आश्वाशन दिया की आगे भी कोई जरूरत हो तो बतायें। उक्त अवसर पर अशोक कुमार, भुल्लन भारती, रतन मौर्या, सुरेश सरोज, अमित सिन्हा, मो. अरशद, मुगना, अनीता, हरीश सरोज आदि लोग मौजूद रहे।

### विशाल सतगुरु शोभायात्रा निकाली गयी



**मड़ियाहूं।** स्थानीय नगर में लगभग 10 बजे के आसपास संत रामपाल महराज के शिष्यों द्वारा अध्यात्मिक चेतना व विशाल सतगुरु शोभायात्रा रानीपुर बाईपास चौराहे से खैरुद्दीनगंज बाड़ा, ददरा बाईपास, गांधी तिराहा, भगत सिंह तिराहा होते हुए मौर्या कटरे पर समाप्त हुई। इस शोभायात्रा में जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल महाराज के तत्वावधान में निकाला गया। इस शोभायात्रा में संत रामपाल के अनुयायियों ने लगभग सैकड़ों की संख्या में भाग लिया। शोभायात्रा का मुख्य उद्देश्य समाज से बुराइयों को दूर करना जैसे रिश्वतखोरी, नशाखोरी, व्यभिचार, भ्रूणहत्या, भ्रष्टाचार, शराब, जुआ, कुरितियाँ जो मानव समाज में व्याप्त है। इन कुरितियों को समाप्त करने के लिए जनमानस को जागरूक करने के लिए शोभायात्रा के माध्यम से अंधविश्वास को जड़ से खत्म करने के लिए निकाली गयी। इस अवसर पर जिला सेवादार रामजी दास ने भक्तों को संत रामपाल ही वर्तमान में एकमात्र पूर्ण संत हो जो समाज को सही दिशा देने के लिए संघर्षरत है जिनके शरण में जाने से लाखों लोग इन सब बुराइयों को छोड़ चुके है और सुखमय जीवन व्यापन कर रहे है। इस अवसर पर राजेश दास, सुरेश दास, यशवतदास, शुभम दास, गणेश दास, राधेकृष्णा दास सहित सैकड़ों की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

# शफीक जौनपुरी की याद में काव्य गोष्ठी का आयोजन



काव्य गोष्ठी को सम्बोधित करती कवियत्री

**जौनपुर।** नगर के मोहल्ला सिपाह जामिया नगर स्थित उर्दू घर में बज्म ए हफीज जौनपुरी द्वारा शायर अल्लामा शफीक जौनपुरी की याद में रविवार की शाम एक तरही काव्य गोष्ठी का आयोजन शायर इबरत मछलीशहरी की अध्यक्षता में किया गया। प्रोग्राम की शुरूआत शायर अंसार जौनपुरी ने नात ए पाक प्रस्तुत करके किया। मुख्य अतिथि के रूप में जामिया ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन मौलाना अनवर अहमद कासमी व विशिष्ट अतिथि के रूप में शायर अनवारुल हक अनवार जौनपुरी सम्मिलित हुए।

इरफान जौनपुरी ने शायर अल्लामा शफीक जौनपुरी पर तब्सिरा करते हुए कहा कि शीराज ए हिंद जौनपुर के काव्य पटल पर अपनी छाप छोड़ने वाले शायरों में फख्र ए मशरिक अल्लामा शफीक जौनपुरी का नाम न केवल जौनपुर में बल्कि आजादी से पूर्व के भारत में भी उज्ज्वल और प्रमुख रहा है और आज भी उनके उल्लेख के बिना जौनपुर के उर्दू कवियों की सूची मुकम्मल नहीं हो सकती है। वहीं मोहम्मद तबरेज ने अपनी आवाज में अल्लामा शफीक जौनपुरी की एक गजल भी प्रस्तुत की।

इसके इलावा एहसास अब्बास, मजहर आसिफ, खलील इब्न-ए-असर जौनपुरी, कारी जिया जौनपुरी, अंसार जौनपुरी, युवा शायर वसीम जौनपुरी, डॉ. पीसी विश्वकर्मा, आशिक जौनपुरी, मुनव्वर अली गुमनाम जौनपुरी, अमृत प्रकाश जौनपुरी, नादिम जौनपुरी, विभा तिवारी ने भी अपनी रचनाएँ प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम का संचालन शायर शहजाद जौनपुरी ने किया। इस अवसर पर डॉ. अबू अकरम कासमी, डॉ. अर्शी नवाज, साजिद अनवार, माजिद अनवार, मुहम्मद अकरम, परवेज जौनपुरी, मुहम्मद आजम ने विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# स्कूली बस अनियंत्रित होकर खम्भे से टकराई

**बाल-बाल बचे चालक व खलासी**

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के सेवईनाला बाजार में दोपहर बाद हुई एक घटना में स्कूल की खाली बस को लेकर चालक और खलासी केराकत की तरफ से जौनपुर शहर जा रहे थे। बस अनियंत्रित होकर एक बिजली के खम्बे से टकरा गई। सम्भवतः हादसे का कारण बस चालक को झपकी आना लग रहा है। रविवार को दोपहर के बाद केराकत की तरफ आ रही एक तेज रफ्तार खाली स्कूल बस सेवईनाला बाजार में अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे लगे बिजली के खम्बे से टकरा कर रुक गई। घटना की वजह से बस का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि इस घटना में बस चालक और खलासी बाल-बाल बच गए और मौके से फरार भी हो गए। सूचना पर पहुंची थाने की पुलिस ने बस को मौके से हटवाया।

# सदन में उठी शाहगंज को जिला बनाने की मांग

**जनसंदेश न्यूज**

**मांग**

**जिला बनने से चहुमुखी विकास का खुलेगा मार्ग**

**वर्षों से लम्बित मांग पहली बार सदन में उठी**

**शाहगंज।** क्षेत्रीय विधायक रमेश सिंह ने शनिवार को सदन में शाहगंज को जिला बनाने की मांग प्रमुखता से उठाई। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि तीन जनपदों की सीमा पर स्थित और जिला बनने से इस क्षेत्र का चतुर्दिक विकास संभव है।

राज्यपाल के अभिभाषण के पश्चात धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान सदन में बोलते हुए श्री सिंह ने कहा कि शाहगंज को जिला बनाने की मांग लंबे समय से उठ रही है। केंद्र व प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनने के बाद लोगों का भरोसा जगा है कि शाहगंज को जिला घोषित किया जाएगा। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र में स्थित अरगूपुर-कटार मार्ग के उच्चीकरण व चौड़ीकरण की मांग को भी प्रमुखता से रखा। उन्होंने कहा कि लगभग आठ किमी लंबे इस मार्ग पर दर्जनों औद्योगिक इकाइयां स्थित हैं। इसके अलावा सीडब्ल्यूसी का वेयर हाउस भी इसी मार्ग पर स्थित है। सिर्फ साढ़े तीन मीटर चौड़ी तथा जर्जरतम अवस्था में पहुंच चुकी सड़क पर रोजाना भारी वाहनों का आवागमन होता है जिसके कारण न सिर्फ आए दिन दुर्घटनाएं घटित होती हैं बल्कि क्षेत्रीय जनता को आवागमन में भी भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिला बन जाने से तीन जनपदों से घिरे इस क्षेत्र में भी विकास को गति मिलेगी जो दशकों से उपेक्षित रहा है।

# आजमगढ़ से लूटी गई बाइक व तमंचा के साथ बदमाश गिरफ्तार

**जौनपुर।** रामपुर थाना पुलिस ने सात वर्ष पूर्व आजमगढ़ से लूटी गई बाइक व तमंचा के साथ शनिवार की रात बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष दिव्य प्रकाश सिंह हमराहियों के साथ गश्त के दौरान कुंभापुर गेट के पास संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान संजय नगर की तरफ से आ रहा सुपर स्प्लेंडर बाइक सवार युवक पुलिस को देखकर बाइक घुमाकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। गिरफ्तार जमालापुर निवासी विवेक सिंह मांगे जाने पर बाइक के कागजात दिखा नहीं सका। बाइक के पिछले प्लेट पर नंबर यूपी-62 एएन-7788 अंकित था। पुलिस ने संदिग्ध होने पर ई-चालान एप से सर्च किया तो बाइक का असली नंबर यूपी-50 एके-2762 निकला। वर्ष 2016 में उक्त बाइक की लूट व हत्या के प्रयास का मुकदमा पड़ोसी जिले आजमगढ़ के दीदारगंज थाना में दर्ज मिला। तलाशी में आरोपित के पास से 315 बोर का तमंचा व कारतूस मिला। मुकदमा दर्ज कर आरोपित का चालान कर दिया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम में एसआइ कश्यप कुमार सिंह, अरविंद सिंह, राधेश्याम सिंह, हेड कांस्टेबल दीपक सिंह, बलवंत सिंह व कांस्टेबल राम विलास सरोज रहे।

### ओवरटेक के चक्कर में आमने-सामने भिड़ी बाइक, दो घायल

**मुफ्तीगंज।** गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के केराकत-जौनपुर मार्ग पर पित्तुपुर गांव के पास ओवर टेक करने पर दो बाइक आमने सामने भिड़ गयी जिसमें दो लोग घायल हो गये। केराकत कोतवाली के तरियारी गांव निवासी नसीम शेख 30 वर्ष, शमशाद अली 15 वर्ष एक ही बाइक से जौनपुर की तरफ से आ रहे थे। नसीम ने पिकअप को ओवरटेक करके पास लेना चाहा कि केराकत की तरफ से जौनपुर जा रहा बाइक सवार से टक्कर हो गयी जिससे नसीम और शमशाद बुरी तरह से घायल हो गये। ग्रामीणो के सहयोग से 108 एम्बुलेंस द्वारा सीएचसी पर इलाज के लिये पहुंचाया गया।

# जल की स्वच्छता के साथ, मन की स्वच्छता भी आवश्यक



घाटों पर श्रमदान करते निरंकारी भक्त

**जौनपुर।** आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के तत्वावधान में सत्गुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता के पावन कर कमलों द्वारा रविवार को प्रातः 8 बजे अमृत परियोजना के अंतर्गत स्वच्छ जल स्वच्छ मन का शुभारम्भ यमुना छठ घाट से किया गया। इसके साथ ही सत्गुरु माता के पावन आशीर्वाद से यह परियोजना समूचे भारतवर्ष के 1100 से अधिक स्थानों के 730 शहरों, 27 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में विशाल रूप से एक साथ आयोजित की गई।

इस परियोजना के अंतर्गत जनपद में भी गोमती नदी के तट गोपी घाट एवं हनुमान घाट पर महात्मा मानिक चंद्र तिवारी जोनल इंचार्ज के नेतृत्व में व सेवादल के क्षेत्रीय संचालक अमरनाथ विश्वकर्मा व राजेश प्रजापति क्षेत्रीय संचालक के साथ लगभग 1500 सेवादल के भाई-बहन व संगत के संत महात्मा सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक इस स्वच्छता अभियान में सम्मिलित होकर सफाई का कार्य किए। यह जानकारी देते हुए मिशन के स्थानीय मीडिया सहायक उदय नारायण जायसवाल ने आगे बताया कि बाबा हरदेव सिंह की शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए संत निरंकारी मिशन द्वारा निरंकारी सत्गुरु माता सुदीक्षा महाराज के दिव्य निर्देशन में अमृत परियोजना का आयोजन हुआ। इस परियोजना का शुभारम्भ करते हुए सत्गुरू माता सुदीक्षा महाराज ने जल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परमात्मा ने हमे यह जो अमृत रूपी जल दिया है तो हम सभी का कर्तव्य बनता है कि हम सब उसकी उसी तरह संभाल करे। स्वच्छ जल के साथ साथ मनों का भी स्वच्छ होना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि इसी भाव के साथ हम संतो वाला जीवन जीते हुए सभी के लिये परोपकार का ही कार्य करते है। इस परियोजना में अधिक से अधिक युवाओं का सक्रिय योगदान रहा। कार्यक्रम के मध्य केवल पर्यावरण अनुकूल उपकरणों का ही प्रयोग किया गया। प्लॉस्टिक की बोतलों, थर्माकॉल इत्यादि का प्रयोग सभी के लिए पूर्णतः वर्जित था। कार्यक्रम के समापन पर सम्मिलित हुए अतिथिगणों ने मिशन की भूरी-भूरी प्रशंसा की और साथ ही निरंकारी सत्गुरु माता का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मिशन ने जल संकट से बचाव हेतु जल संरक्षण एवं जल निकायों की स्वच्छता जैसी इस कल्याणकारी परियोजनाओं को क्रियान्वित स्वरूप दिया है जो निश्चित रूप से समाज के उत्थान हेतु एक अहम कदम है। संत निरंकारी मिशन समय समय पर ऐसी ही अनेक परियोजनाओं में सक्रिय रूप से सम्मिलित रहा है जिनमें विशेषतः पर्यावरण संरक्षण हेतु वननेस वन परियोजना और उसके उपरांत जल संरक्षण हेतु अमृत प्रोजेक्ट प्रमुख है।

### धूमधाम से मनाया गया सांई बाबा का वार्षिकोत्सव



वार्षिकोत्सव पर सांई बाबा की पालकी निकालते श्रद्धालु

**सुइथाकला।** क्षेत्र में आस्था के केन्द्र के रूप में विख्यात बसौली धाम स्थित साईं बाबा का 23वाँ वार्षिकोत्सव रविवार को पूरे धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह 6 बजे श्रृंगार आरती के साथ ही कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। क्षेत्रवासियों के अलावा दूर दराज से श्रद्धालुओं का जमावड़ा धाम परिसर में लगा रहा जहाँ साँई भक्तों के भजन कीर्तन और जयकारों से समूचा परिसर गुंजायमान रहा वहीं पट्टीनरेन्द्रपुर बाजार से शिवकुमार सोनी के नेतृत्व में निकाली गयी शोभायात्रा लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र रही। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने सुरक्षाकर्मियों की तैनाती कर रखी थी। इस दौरान आशुतोष सिह, आशुतोष दूबे, भोले सोनी, ओम प्रकाश सेठ समेत भारी संख्या में श्रद्धालुओं का जमावड़ा रहा।